

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी



आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 02, अंक : 75 रांची, सोमवार, 24 फरवरी 2025 (फाल्गुन कृष्ण 12, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com


# भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से किया पराजित

**नई दिल्ली।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब बराबर कर दिया। दुबई में रविवार को पाकिस्तान ने 241 रन बनाए। भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

भारत से विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाए। कुलदीप यादव को 3 और हार्दिक पंड्या को 2 विकेट मिले। पाकिस्तान से सऊद शकील ने 62 और मोहम्मद रिजवान ने 46 रन बनाए। शाहीन शाह अफरीदी को 2 विकेट मिले। अबरार अहमद और खुशदिल शाह को 1-1 विकेट मिला।

- विराट कोहली ने वनडे करियर का 51वां शतक जड़ा
- चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो सकता है पाकिस्तान



विराट वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय बने। उन्होंने पारी में 15वां रन बनाते ही सबसे तेज 14 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिए। कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट के तीसरे टॉप स्कोरर भी बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 27,483 रन हैं।

### भारत की जीत के 2 हीरो

- विराट कोहली : 100 रन की पारी खेली विराट कोहली ने 111 बॉल पर 100 रन की पारी खेली। वे रोहित शर्मा के आउट होने के बाद खेलने उतरे और भारतीय पारी को बांधे रखा। विराट ने अबरार के ओवर्स को संयम से निकाला, फिर तेजी से रन बनाए।
- कुलदीप यादव : 3 विकेट झटके, डेथ ओवर्स में रन बनाने से रोका कुलदीप ने 3 विकेट झटके। उन्होंने डेथ ओवर्स में सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिए। इससे पाकिस्तान की टीम डेथ ओवर्स में ज्यादा रन नहीं बना सकी।

### पाक की हार के 2 कारण

- धीमी बैटिंग: पावरप्ले में 2 विकेट गंवाने के बाद पाकिस्तान ने मिडिल ओवर्स में बेहद धीमे बैटिंग की। मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने 144 गेंद पर 104 रन की पार्टनरशिप की। टीम 11 से 40 ओवर के बीच 180 गेंद पर 131 रन ही बना सकी।
- स्पिनर्स की कमी: पाकिस्तान ने प्लेइंग-11 में एक ही फुल टाइम स्पिनर अबरार अहमद को मौका दिया। जिन्होंने 10 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट लिया। बाकी स्पिनर्स उनका साथ नहीं दे सके। टीम ने स्क्वॉड में लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब खान को भी नहीं रखा।

# मंईयां सम्मान योजना में फर्जीवाड़ा

## गिरिडीह में 1,840 आवेदन पाए गए फर्जी

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि





- दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई शुरू

**गिरिडीह।** हेमंत सरकार द्वारा शुरू की गई मंईयां सम्मान योजना में गड़बड़ियां रुकने का नाम ही नहीं ले रही। वहीं, गिरिडीह में 1840 आवेदन फर्जी मिले हैं।

दरअसल, गिरिडीह प्रखंड में इस योजना के तहत कुल 42,700 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से 25% आवेदन की जांच की गई, जिसमें 1,840 आवेदन फर्जी पाए गए। इनमें से कई आवेदन ऐसे हैं, जिनमें अलग-अलग नाम हैं, लेकिन बैंक खाता एक ही है। इसके अलावा करीब 200 महिलाओं के आवेदन में पुरुषों के बैंक खाता नंबर दर्ज पाए गए हैं। इसमें विशेष रूप से 35 आवेदन में एक ही महिला, विलास देवी का बैंक खाता नंबर दर्ज किया गया है। वहीं, जिला प्रशासन की ओर से ऐसे सभी फर्जी आवेदन रद्द कर दिए हैं। शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त खबरें

### नाटो सदस्यता के बदले राष्ट्रपति पद छोड़ने को तैयार हूं : जेलेंस्की



**कीव।** यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि वह अपने देश को नाटो सदस्यता मिलने के बदले तुरंत यूक्रेन के राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे देंगे। जेलेंस्की का यह बयान तब आया है, जब कुछ दिनों पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें तानाशाह बताया था। माना जा रहा है कि जेलेंस्की का यह बयान ट्रंप के गुस्से को शांत करने का दांव है। ट्रंप ने पहले ही कहा है कि वह यूक्रेन की रक्षा के बदले उसके दुर्लभ पृथ्वी खनिज संसाधनों पर अधिकार चाहते हैं, जिस पर दोनों देशों में बातचीत जारी है। शेष पेज 08 पर

### केरल में ट्रेन पलटाने की साजिश नाकाम



**कोल्लम।** केरल के कोल्लम में रेल पटरियों पर टेलीफोन पोस्ट रखने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कुंदरा पुलिस द्वारा दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, आरोपितों ने कोल्लम-शेनकोट्टा मार्ग के बीच रेलवे ट्रैक पर एक टेलीफोन पोस्ट लगाया था, जिसका उद्देश्य वहां से गुजरने वाली ट्रेन में तोड़फोड़ करके जानमाल को नुकसान पहुंचाना था। आरोपितों की पहचान 33 वर्षीय राजेश निवासी पेरुम्पुझा और 39 वर्षीय अरुण निवासी इलमबल्लूर के रूप में हुई है, जिन्हें शनिवार को हिरासत में लिया गया और रविवार सुबह मौके पर साक्ष्य जुटाए गए। शेष पेज 08 पर

नागपुरी की खबरें पढ़ें पेज 07 पर

# झारखंड विधानसभा का बजट सत्र आज से, हंगामे के आसार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र सोमवार 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। बजट सत्र में 3 मार्च को वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक बजट पेश किया जाएगा। वहीं 24 फरवरी को राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही बजट सत्र की शुरुआत होगी।

बजट सत्र के औपबंधिक कार्यक्रम के तहत 25 फरवरी को पहली पारी में प्रश्नकाल और दूसरी पारी में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा होगी। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि होने के कारण बैठक नहीं होगी। जबकि 27 फरवरी को वर्ष 2024-25 का तृतीय अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा। वहीं दूसरी पारी में राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद के बाद सरकार का उत्तर और मतदान का कार्यक्रम तय है।

**बजट सत्र में कई विधेयक पेश होने की उम्मीद**   **सत्र को लेकर पक्ष और विपक्ष की तैयारियां पूरी**



3 मार्च को वर्ष 2025-26 का बजट होगा पेश : 28 फरवरी को तृतीय अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी और विनियोग विधेयक को पारित कराया जाएगा। 1 मार्च को शनिवार और 2 मार्च को रविवार होने के कारण बैठक नहीं होगी। 3 मार्च को वर्ष 2025-26 का बजट पेश किया जाएगा। जबकि 4 मार्च को बजट पर सामान्य वाद-विवाद में पक्ष-विपक्ष के सदस्य अपनी बातों को रखेंगे। 5, 6 और 7 मार्च को विभिन्न विभागों की अनुदान मांग पर चर्चा होगी।

जबकि 8 और 9 मार्च को शनिवार और रविवार रहने के कारण बैठक नहीं होगी। 10 और 11 मार्च को भी अनुदान मांग पर चर्चा होगी। इसके बाद 12 से 16 मार्च तक होली और अन्य अवकाश के कारण बैठकें नहीं होंगी। 17 से 21 मार्च के बीच भी विभिन्न विभागों की अनुदान मांग पर चर्चा होगी। शेष पेज 08 पर

### विधानसभा सत्र के दौरान लागू रहेगी निषेधाज्ञा

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दौरान 24 फरवरी से 27 मार्च तक विधानसभा के 750 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू रहेगी। इस संबंध में एसडीओ ने शनिवार को आदेश जारी कर दिया है। निषेधाज्ञा के दौरान किसी प्रकार के जुलूस, धरना-प्रदर्शन पर रोक रहेगी। पांच या इससे अधिक लोगों के एक साथ जमा होने, हथियार लेकर चलने, ध्वनि विस्तारक यंत्र का इस्तेमाल करने पर रोक रहेगी।

# मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले में मिले कई अहम डिजिटल साक्ष्य

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले में पुलिस को कई अहम जानकारियां मिली हैं। साथ ही कई अहम डिजिटल साक्ष्य बरामद किये गये हैं, जिसके आधार पर छापेमारी की जा रही है। साथ ही पेपर लीक गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी भी की जा रही है। झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने साफ कर दिया है कि मामले में किसी को बख्शा नहीं जायेगा।

मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले में पुलिस की जांच और कार्रवाई तेज हो गयी है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पेपर लीक के तार कोडरमा से जुड़े पाये गये हैं और कोडरमा से ही कई लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है। इस पेपर लीक में शामिल सभी लोगों पर कानून का शिकंजा कसा जा रहा है। बरामद डिजिटल डिवाइस से कई तरह की जानकारियां मिल रही हैं, जिन पर कार्रवाई की जा रही है।

डीजीपी अनुराग ने कहा कि जांच के दौरान झारखंड पुलिस को एक नई बात पता चल रही है कि कुछ लोग इंटरनेट और यूट्यूब पर पुराने प्रश्नपत्र अपलोड कर अफवाह फैलाकर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं।



डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा- किसी को बख्शा नहीं जायेगा

उन्होंने ऐसे लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई भी राज्य के मासूम बच्चों को प्रभावित करने की कोशिश करेगा, तो झारखंड पुलिस उसे सलाखों के पीछे भेजेगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया है कि इस पेपर लीक के गठजोड़ में शामिल किसी भी अधिकारी, शिक्षक और छात्र को हर कीमत पर गिरफ्तार किया जायेगा। पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है और मामले की जांच कर रही है।

# कांग्रेस ने अहमदाबाद में अधिवेशन का किया एलान

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** अपने संगठनात्मक ढांचे के पुनर्निर्माण के रोडमैप पर आगे बढ़ रही कांग्रेस पार्टी अगला अधिवेशन गुजरात में करेगी। इसमें देश भर से पार्टी के नेता तथा एआईसीसी सदस्य शामिल होंगे। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को अहमदाबाद में आठ और नौ अप्रैल को होने वाले इस दिवसीय अधिवेशन के कार्यक्रमों की घोषणा की। कांग्रेस के इस अधिवेशन में संगठन के मामलों पर चर्चा के साथ ही केंद्र की भाजपा सरकार की नीतियों पर भी हमला बोला जाएगा। केसी वेणुगोपाल ने इसका संकेत देते हुए कहा भी कि इस महत्वपूर्ण अधिवेशन में देश भर के एआईसीसी प्रतिनिधि एकत्रित होकर



भाजपा की जनविरोधी नीतियों और संविधान तथा उसके मूल्यों पर लगातार किए जा रहे हमलों से उत्पन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श करेंगे। साथ ही कांग्रेस की भावी कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श करेंगे। कांग्रेस के संगठनात्मक कायाकल्प की दृष्टि से गुजरात भी अहम है, जहां पार्टी तीन दशक से अधिक समय से सत्ता से बाहर है।

**गुजरात में कांग्रेस के लिए कड़ी चुनौती :** हालांकि, पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी के दस्तक देने के बाद भी भाजपा के मुकाबले मुख्य विपक्ष के रूप में कांग्रेस ही मौजूद है। दिल्ली में आप के सत्ता से बाहर होने के बाद गुजरात में उसका राजनीतिक प्रभाव कमजोर होने की आशंकाएं बढ़ गई हैं। इस लिहाज से कांग्रेस के पास गुजरात में मजबूत विपक्षी विकल्प के रूप में उभरकर आने का मौका है और अहमदाबाद में एआईसीसी अधिवेशन का आयोजन सूबे में पार्टी को फिर से खड़ा करने की पहल का आगाज साबित हो सकता है। शेष पेज 08 पर

### न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रहे विमान को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** न्यूयार्क से दिल्ली आ रहे विमान को रविवार को अचानक रोम की ओर डायवर्ट करना पड़ा। विमान को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर सुरक्षा कारणों से यह कदम उठाना पड़ा।

**विमान को बम से उड़ाने की धमकी :** अमेरिकन एयरलाइंस का विमान रोम में शाम साढ़े पांच बजे सकुशल उतरने पर सभी ने राहत की सांस ली। अमेरिकन एयरलाइंस न्यूयार्क जेएफके-दिल्ली नानस्टाप (एए 292) उड़ान रविवार को नई दिल्ली आ रही थी। बीच रास्ते में विमान को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। शेष पेज 08 पर

# आवाज लगाने पर नहीं मिल रहा कोई रिस्पॉन्स

## तेलंगाना टनल हादसा

- गहरी सुरंग के अंदर बचाव अभियान जारी
- टनल में झारखंड के भी फंसे हैं चार मजदूर

**नई दिल्ली।** तेलंगाना सुरंग हादसे में राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इस टनल में 8 मजदूर फंसे हैं, जिनको निकालने के लिए प्रयास जारी है। सेना, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर मौजूद हैं। रेस्क्यू के काम में कई प्रकार की चुनौतियां सामने आ रही हैं।

इस बीच थोड़ी राहत भरी जानकारी सामने आई है। बताया जाता है रेस्क्यू टीम टनल के 13 किलोमीटर अंदर तक पहुंच गई है, इसी जगह पर सुरंग का हिस्सा ढहा है। हालांकि, कीचड़ और पानी की वजह से राहत और



बचाव कार्य में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**राहत और बचाव कार्य जारी :** बता दें कि, शनिवार को तेलंगाना के नागरकुरनूल में एक सुरंग का हिस्सा ढह गया था। इस सुरंग में 8 मजदूर फंस गए थे। इसके बाद उनको निकालने का प्रयास लगातार जारी है। इस बीच सुंरग के कुछ दूर अंदर जाकर बचावकर्मी सुरंग के अंदर जाते समय फंसे हुए श्रमिकों के नाम पुकार रहे हैं। सुरंग में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए बचाव कार्य में तेजी से किया जा रहा है। शेष पेज 08 पर

### सीएम गंभीर, जरूरत पड़ी तो खुद जाकर मजदूरों को लाएंगे वापसः मंत्री इरफान अंसारी



**रांची।** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल हादसे में झारखंड के गुमला जिले के चार मजदूर भी फंसे हैं। सुरंग हादसे पर राज्य के स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस मामले को लेकर गंभीर हैं। आपदा प्रबंधन मंत्री होने के नाते वे भी पूरे मामले पर नजर बनाए हुए हैं। शेष पेज 08 पर

# पीएम मोदी ने किया एलानः कैंसर की दवाएं और होंगी सस्ती

- बागेश्वर धाम में बनने वाले कैंसर संस्थान का किया शिलान्यास

एजेंसियां

**मध्य प्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार से मध्यप्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर हैं। दौरे के पहले दिन पीएम मोदी छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले बालाजी भगवान की पूजा की। इस दौरान पंडित धीरेंद्र शास्त्री भी उनके साथ थे। पीएम ने बागेश्वर धाम में बनने वाले कैंसर संस्थान का शिलान्यास किया। मोदी ने सभा में आए लोगों को भी संबोधित किया। पीएम के निशाने पर नेताओं का एक वर्ग भी रहा। पीएम ने मंच से : एलान किया कि आने वाले 3 साल में देश के हर जिले में कैंसर डे केयर सेंटर खोले जाएंगे। इसके अलावा बनने वाले नए कैंसर संस्थान के लिए धीरेंद्र शास्त्री को बधाई दी। मोदी ने उन्हें अपना छोटा भाई बताया। बता दें कि मोदी आज भोपाल में ही विश्राम करेंगे।

पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि मैं पिछली बार जब छतरपुर आया था, तो यहां मैंने हजारों करोड़ रुपए की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया था। आपको ध्यान होगा कि इसमें 45 हजार करोड़ रुपए की केन-बेतवा लिंक परियोजना भी थी। ये परियोजना कितने दशकों से लटकी हुई थी। कितनी सरकारें आईं और चली गईं। हर पार्टी के नेता भी बुंदेलखंड आते थे, लेकिन यहां पानी की किल्लत बढ़ती ही चली गई। पिछली किसी सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया, ये काम भी तब शुरू हुआ, जब आपने मोदी को आशीर्वाद दिया।



### देश के हर जिले में खुलेंगे कैंसर डे केयर सेंटर

प्रधानमंत्री मोदी ने कैंसर की दवाओं को लेकर कहा कि मोदी ने तय किया है कि आगे कैंसर की दवाओं को और सस्ता किया जाएगा। इसके अलावा हमने इस बार के बजट में भी कैंसर के खिलाफ कई कदम उठाने का फैसले किया है। पीएम मोदी ने एलान किया कि अगले 3 साल में देश के हर जिले में कैंसर डे केयर सेंटर खोले जाएंगे। मोदी ने आगे कहा कि इस एकता के महाकुंभ में हजारों डॉक्टर्स, हजारों स्वयंसेवक स्वतः स्फूर्त भाव से,समर्पित और सेवाभाव से इसमें लगे हुए हैं। जो लोग एकता के इस महाकुंभ में जा रहे हैं वो इन प्रयासों की सराहना कर रहे हैं। ऐसे ही भारत में कितने ही बड़े-बड़े अस्पताल भी हमारे धार्मिक संस्थाओं की ओर से चलाए जा रहे हैं।

## पीएम भागलपुर से आज जारी करेंगे 19वीं किस्त

- 10 करोड़ किसानों के अकाउंट में ट्रांसफर होंगे 22000 करोड़

**नई दिल्ली।** सोमवार 24 फरवरी को किसानों के बैंक अकाउंट में पैसे आने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पीएम किसान योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। इस दौरान देश के करीब 10 करोड़ किसानों को 22 हजार करोड़ रुपये की रकम ट्रांसफर की जएगी। इनमें 2.41 करोड़ महिला किसान भी शामिल हैं। यह पैसा सीधे किसानों के बैंक अकाउंट में जाएगा।



पीएम मोदी सोमवार को बिहार के दौरे पर होंगे। वह बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। इस योजना से किसानों को आर्थिक मदद मिलती है। यह योजना किसानों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस योजना के तहत हर किसान के अकाउंट में दो हजार रुपये की रकम आती है। शेष पेज 08 पर

# अमेरिका से निकाले गए 12 भारतीयों को लेकर आया विमान

- इस बार दिल्ली में हुई लैंडिंग, यह चौथा विमान है, जो अवैध प्रवासियों को लेकर आया है भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका से निकाले गए 12 भारतीयों को लेकर एक विमान रविवार को दिल्ली पहुंचा। इन भारतीयों को अमेरिका ने निकालने के बाद पनामा भेज दिया था, जहां से वे वापस अपने देश लाए गए। यह चौथा विमान है, जो अवैध प्रवासियों को लेकर भारत आया है। इस बार विमान की लैंडिंग राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हुई। 12 में से चार पंजाब के रहने वाले थे, जिन्हें बाद में फ्लाइट के जरिए पंजाब भेजा गया। इन सभी 12 लोगों को लेकर एक विमान रविवार शाम को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा।

यह पनामा से वापस लाए जाने वाले भारतीयों का पहला जत्था है, इससे



पहले अमेरिका ने लगभग 299 अवैध अप्रवासियों को वापस भेजा था, जो अमेरिकी धरती पर प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे। पनामा और कोस्टा रिका निर्वासित प्रवासियों को वापस भेजने के लिए अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इस प्रयास के तहत, अमेरिका विभिन्न एशियाई देशों से अवैध प्रवासियों को इन मध्य अमेरिकी देशों में स्थानांतरित कर रहा है - जिन्होंने या तो घर लौटने से इनकार कर दिया है। इससे पहले, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और कुछ अन्य राज्यों से अवैध भारतीय अप्रवासियों को लेकर तीन अमेरिकी विमान 5, 15 और 16 फरवरी को अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरे थे।

## संक्षिप्त

### जंगली सूअर के हमले से वृद्ध की हुई मौत



**राहे।** थाना क्षेत्र के दूधीटांड़ गांव में जंगली सूअर का हमले से 75 वर्षीय वृद्ध व्यक्ति का मौत हो गया है। घटना शनिवार शाम की बताई जा रही है। गांव के भोला प्रसाद महतो मवेशी चराने के बाद घर लौट रहा था। अचानक झाड़ी से एक जंगली सुअर निकल कर हमला कर दिया। प्राथमिक उपचार के बाद इलाज के लिए रिम्स भेजा गया। रिम्स में इलाज के दौरान देर रात वृद्ध व्यक्ति का मौत हो गया है। इधर वृद्ध के मौत की सूचना पर वन विभाग से 10 हजार रुपए अग्रिम मुआवजा की राशि मृतक के परिजनों को रिम्स में जाकर सौंपी। बाकी की राशि कागजी कारवाई पूरी करने के बाद देने की बात कही।

### इटकी के नये थाना प्रभारी ने संभाला कार्यभार

**इटकी।** इटकी थाना के नये थाना प्रभारी मनीष कुमार ने रविवार को कार्यभार संभाल लिया है जबकि थाना प्रभारी अभिषेक कुमार को सुखदेव नगर थाना रांची में पदस्थापित किये गये है। पदभार लेने के बाद थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि न्याय संगत के तहत आमजनों का कार्य कर अपने कर्त्तव्य का निर्वाह करूंगा। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण पर पूरा फोकस रहेगा। इसके लिए लोगों से सहयोग की अपील की है।

### युवक को टूरिस्ट बस ने कुचला, मौत

**बुंडू।** रांची-टाटा राष्ट्रीय राजमार्ग तैमारा घाटी में दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार रविवार सुबह दिल्ली से कटक जा रही सेब लदी एक ट्रक घाटी से उतरते वक्त असंतुलित होकर सड़क के बीचों-बीच पलट गई। हादसे को देख एक युवक ने ट्रक चालक की मदद करने के लिए गाड़ी रोकी और जैसे ही मदद करने पहुंची तो अचानक एक बस तेज रफ्तार से युवक को रौंद दिया युवक की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। युवक सुनील सोनार अनगड़ा क्षेत्र के गोंदलीपोखर का रहने वाला था। टक्कर के बाद बस डिवाइडर पर चढ़ गई, सूचना मिलते ही दशम फॉल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस ने टूरिस्ट बस को जब्त कर लिया है।

# रनिया में तीन नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

- 12 से अधिक नाबालिग किशोरों ने घटना को दिया अंजाम
- लड़कों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही है पूछताछ



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** रनिया थाना क्षेत्र के उलिहातू गांव से निचितपुर जाने वाले रास्ते में कारो नदी के पास तीन आदिवासी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का मामला रविवार को प्रकाश में आया है।

तीन नाबालिग से दुष्कर्म की घटना को लगभग 12 से अधिक नाबालिग किशोरों ने अंजाम दिया है। लड़कों के चुगुल में फंसी तीनों नाबालिग भागने में सफल रहीं। पुलिस एक दर्जन से अधिक लड़कों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पीड़ित सभी लड़कियां खूंटी की रहने वाली हैं और लोटा पानी( विवाह के पूर्व एक कार्यक्रम ) में शामिल होने के लिए रनिया थाना क्षेत्र के एक घर में गयी थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद पांचो लड़कियां एक साथ घर लौट रही थी। रास्ते में कारो नदी के पास लगभग एक दर्जन से ज्यादा लड़के पीछा करते हुए वहां पहुंचे। उन्होंने पांचो लड़कियों को अपने कब्जे में ले लिया और अलगःअलग ग्रुप बनाकर चारो लड़कियों को अलग-अलग जगह पर ले गये। तीन लड़कियों ने दुष्कर्म की पुष्टि की है,जबकि एक लड़की का बयान नहीं लिया जा सका है। वह गांव में नहीं थी। घटना के वक्त एक लड़की किसी तरह उनके चंगुल से छूट कर भाग गयी। वह दौड़कर उलिहातू गांव पहुंची तथा अपने गांव के लड़कों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद सभी घटनास्थल पहुंचे। लड़कों को आता देख सभी आरोपित लड़के भाग गये। इसके बाद सभी पीड़ित लड़कियां अपने घर लौटी। लड़कियों ने डर से घटना की जानकारी उस समय घर वालों को नहीं दी। घटना को अंजाम देने वाले लड़कों ने घटना की जानकारी किसी को देने पर बुरा परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। डरी-सहमी लड़कियों ने शनिवार की रात को घटना की जानकारी परिजनों को दी। रविवार को घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। जानकारी मिलते ही रविवार को अपर पुलिस अधीक्षक क्रिस्तोफर केरकेट्टा, रनिया थाना प्रभारी विकास कुमार जायसवाल, सब इंस्पेक्टर अमरजीत सिंकू, टीनू कुमार, खूंटी की महिला थाना प्रभारी फूलमनी टोप्पो, सब इंस्पेक्टर निशा कुमारी पीड़िता के पास पहुंचे। महिला थाना प्रभारी फूलमनी टोप्पो तथा निशा कुमारी ने पीड़ित लड़कियों से घटना की जानकारी ली तथा उनका बयान दर्ज किया। उनके बयान के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गयी है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक दर्जन से ज्यादा आरोपित लड़कों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। घटना के सम्बन्ध में एएसपी क्रिस्तोफर केरकेट्टा ने बताया कि घटना शुक्रवार की है। रविवार को घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित लड़कियों का बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। एक दर्जन से अधिक आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## निरंकारी भक्तों ने चलाया अरविंद कुशवाहा तालाब में सफाई अभियान



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** संत निरंकारी भक्त सिल्ली शाखा के तत्वावधान में रविवार को सदगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जयंती मनाया गया।

इस अवसर पर स्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना का आयोजन कर सिल्ली के अरविंद कुशवाहा के तालाब पर सफाई अभियान चलाया। इसमें सफाई अभियान मिशन के सेवादारों ने घाट व जल में फैली गंदगी को साफ किया। निरंकारी मिशन के मुखी शम्भु नाथ नायक राजेश जी ने बताया कि स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के आदर्श वाक्य से प्रेरणा लेते हुए यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागृत करना है। ताकि आने वाली पीढियों को एक स्वस्थ भविष्य दिया जा सके। इस कार्यक्रम में शिक्षिका रश्मि जी, भिष्मा जी, राजेश जी दुर्गेश जी, दुखु जी, सरस्वती जी, हेमलता, आशा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट ने सिल्ली में लगाया नेत्र जांच शिविर



**रांची।** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट, निरामया अस्पताल रांची और सेवा भारती सिल्ली के तत्त्वावधान में रविवार को सिल्ली में नेत्र जांच शिविर लगाया गया। इसमें 260 मरीजों के आंखों की जांच की गई। 80 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए, लेकिन 20 मरीजों को शुगर और बीपी के कारण 60 मरीजों को निरामया अस्पताल लाया गया। उनका ऑपरेशन सोमवार और मंगलवार को होगा।यह शिविर क्लब के नेत्र विंग के चेयरमेन लक्ष्मी नारायण गुप्ता की देखरेख मंत समपन्न हुआ। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष संजय पोद्दार भी उपस्थित थे। ज्ञातव्य हो कि लायंस इंटरनेशनल के आवाह्न और प्राथमिकतानुसार क्लब द्वारा नियमित रूप से सुदूर क्षेत्रों में शिविर लगाकर मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान की जाती है। उनकी आंखों का निःशुल्क ऑपेरशन कर, चश्मा एवं दवाईयां देकर उनके गंतव्य तक पहुंचाया जाता है।

## बॉक्सिंग एसोसिएशन के विजय कुमार बने अध्यक्ष

**खूंटी।** खूंटी जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन का गठन रविवार को झारखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष और चुनाव के पर्यवेक्षक राजीव वर्मा की उपस्थिति में किया गया। आरसी बालक मध्य विद्यालय में आयोजित बैठक की अध्यक्षता फादर बेनेडिक्ट बारला ने की। बैठक में खिलाड़ियों के अतिरिक्त काफी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे। जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन में अध्यक्ष विजय कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण मोहन कुमार, सचिव रोहित राज, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार महतो सदस्य शिव बैठा, मानती कुमारी अंकित कुमारी, शंकर लाल हेमंत धन, अमर बरला, फ्रांसिस जेवियर बोदरा, गॉडविन टोपनो को बनाया गया है। यह जानकारी बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव रोहित राज ने दी।

# माइनिंग के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच भूमि पूजन



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड अंतर्गत कोतरे बसंतपुर पचमो में माइनिंग के लिए केबीपी कंपनी ने कड़ी सुरक्षा के बीच भूमि पूजन किया।

रविवार की सुबह से ही भूमि पूजन के लिए केपी कंपनी के मालिक और कर्मचारी खड़े थे। इसके विरोध में दर्जनों गांव के ग्रामीण सड़क पर उतर आए। जिला प्रशासन और पुलिस पदाधिकारियों की ओर से लाख पहल किए जाने के बावजूद ग्रामीणों के जरिये कंपनी को काम करने के लिए सहमति प्रदान नहीं की गई।

12 घंटे तक लगातार ग्रामीण और अधिकारियों के बीच वार्ता चलती रही। अंततः देर शाम कंपनी के मालिक प्रणय अपने कर्मियों के साथ सिर्फ भूमि पूजन कर निकल गए थे। केदला वासरी से कोतरे गांव की तरफ घुसते ही हजारों की संख्या में ग्रामीण अधिकारियों को रोक कर बैठ गए थे। ना तो अधिकारियों की गाड़ी अंदर जा रही थी और ना ही कंपनी की गाड़ी और मशीन अंदर घुसने के लिए तैयार थी। लाख प्रयास के बावजूद मीनिंग करने के लिए कोई भी गाड़ी अंदर नहीं जा सकी। सीसीएल कोतरे बसंतपुर पचमो ओपन कास्ट माइंस के लिए 1011.87 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण कर चुकी है। जितने ग्रामीणों की जमीनें गई थी, उसका मुआवजा भी सीसीएल दे चुका है। इस एरिया में काम करने के लिए हैदराबाद की केबीपी कंपनी ने टेंडर लिया था। वर्ष 2021 में टेंडर होने के बावजूद यहां काम शुरू नहीं हो पाया। इतने बड़े एरिया में काम करने के लिए ग्रामीण नौकरी और मुआवजे की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों को बताया कि सीसीएल ने रैयती जमीन का तो मुआवजा दे दिया है, लेकिन जो गैर मजरुआ जमीन ग्रामीणों के कब्जे में वर्षों से रहा है, उसपर कोई निर्णय नहीं हुआ है। नौकरी भी एक बड़ा मुद्दा है, जिस पर ना तो सीसीएल अपना पक्ष स्पष्ट कर रही है और ना ही जिला के अधिकारी कोई स्पष्ट बात कर रहे हैं। अगर यह मुद्दा ऐसे ही रहा तो कंपनी को काम करने नहीं दिया जाएगा। रविवार को जब रामगढ़ जिले के तमाम अधिकारी भारी मात्रा में पुलिस फोर्स के साथ कोतरे बसंतपुर पचमो माइनिंग एरिया में भूमि पूजन करने पहुंचे, तो महिलाएं भी वहां पहले से मौजूद थी। ग्रामीणों को इस बात का अंदेशा था कि केबीपी कंपनी जबरन भूमि पूजन करने के लिए बल प्रयोग जरूर करेगी।

# सिल्ली के युवक ने रांची में की आत्महत्या



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** सिल्ली के एक युवक ने रांची में आत्महत्या कर ली पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

इधर घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक सिल्ली थाना अंतर्गत सुंडील गांव निवासी दही महतो के 25 वर्ष पुत्र राजीव महतो रांची के चुटिया में रहकर अपनी पढ़ाई कर रहा था।शनिवार रात आपने साथियों एवं परिजनों से मोबाइल से बात कर अपने कमरे में सो गया। सुबह काफी देर तक उसके कमरे से बाहर नहीं निकलने पर पड़ोस के कमरों मे रह रहे दोस्तो ने आवाज दी पर उसके कमरे से कोई जवाब नहीं आया। जिसपर दोस्तों ने दरवाजा तोड़ कमरे अंदर पहुचा जहां अंदर का दृश्य देखकर सभी लोग दंग रह गए। मृतक राजू कुमार पंखे के साहरे रस्सी से गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया था। इसकी सूचना चुटिया थाना को दी गई। आत्महत्या किस कारण से किया इसका पता नहीं चल पाया है। इधर चुटिया पुलिस ने बताया कि आत्महत्या या हत्या है इसका पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा।

## ओलावृष्टि के बाद किसानों की मुश्किलें बढ़ीं



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सोनाहातू।** शनिवार शाम को प्रखंड के जामुदाग, एडरमहातू ओर लोवाहातू पंचायत में ओलावृष्टि से सबसे अधिक सब्जी की फसल नष्ट हुए है। रविवार को किसानों ने खेत में पानी सूखने के बाद फसल की स्थिति की जानकारी लिया। सब्जी के पौधे पानी ओर ओलावृष्टि से गल गए ये जड़ से उखड़ गए है। कुछ पौधों के टहनियां टूट गए है। फसल नष्ट होने से किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इधर ओलावृष्टि से नुकसान की जानकारी लेने जामुदाग पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू खेत पहुंचे। किसानों के नुकसान की जानकारी लिया। जामुदाग गांव ओर चोगा गांव में सारे सब्जी फसल को नुकसान पहुंचा है।

### बालू लदा हाइवा पेड़ से टकराया, वाहन और पेड़ क्षतिग्रस्त



**राहे।** थाना क्षेत्र के कोटांगदाग गांव के समीप शनिवार रात एक अवैध बालू लदा हाइवा (जेएच01सीवी 0673) अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेड़ जड़ से उखड़ गया और वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद वाहन मालिक ने मौके पर ही बालू सड़क पर फेंक दिया और वाहन को पास के गांव के किनारे छिपाकर फरार हो गया। रविवार सुबह ग्रामीणों ने घटना की सूचना राहे थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया और हाइवा को जब्त कर लिया। सड़क पर बिखरे बालू के कारण किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। गौरतलब है कि इन दिनों राहे थाना क्षेत्र में अवैध बालू लदे वाहनों की धरपकड़ बढ़ गई है। जिससे बालू कारोबारियों में हड़कम है। राहे पुलिस हाइवा के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज करने की तैयारी में है।

### महिला फुटबॉल टूर्नामेंट में पुरुलिया ने देवघर को हराया



**राहे।** प्रखंड के फुलवार-बेहराबेड़ा गांव के मैदान में आयोजित एक दिवसीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में महलीटोला पुरुलिया की टीम ने एफसी देवघर की टीम को ट्राईब्रेकर से एक गोल से पराजित किया। विजेता टीम को 40 हजार रुपये की पुरस्कार राहे उप प्रमुख उमेश महतो ने दिये। उप विजेता टीम को 30 हजार की नगद राशि समाजसेवी क्षेत्रमोहन महतो ने दिया। तीसरे ओर चौथे टीम 5-5 हजार पुरस्कार मुखिया गिरिबाला देवी ने दिये। मौके पर अक्षय महतो गदाधर महतो,सेवाराम भोक्ता, आदि उपस्थित थे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में कमिटि के रघुनंदन महतो, लालदेव महतो बुद्धराम मुंडा,राजेश लोहरा,लखिन्द्र मुंडा, सहित कमिटी के सभी सदस्यों का योगदान रहा।

# भगवान बिरसा मुंडा के पैतृक गांव में सरना धर्म प्रार्थना सभा का आयोजन



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** सरना धर्म सोतोः समिति, शाखा उलिहातु के तत्वावधान में रविवार को स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। धर्मगुरु जेठा पहान, सुखराम मुंडा, गोल्गा मुंडा और सनिका मुंडा की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिङबोंगा का पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की गई।

मौके पर पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अथिति के रूप में धर्मगुरु बगरय मुंडा और विशिष्ट अथिति के तौर पर बुधराम सिंह मुंडा मौजूद थे। मुख्य अतिथि बगरय मुंडा ने कहा कि सरना विश्व का सबसे पुराना धर्म है, जो पूर्णतः वैज्ञानिकता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकता और एकजुटता के बिना समृद्ध समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। इसलिए समाज से छुआछूत और ऊंच-नीच जैसी बुराइयों को समाप्त करने की जरूरत है। सबको समाज में समान अधिकार मिलना चाहिए, ताकि समाज में प्रेम और भाईचारा सदा कायम रहे। सरना धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों अक्षुण्ण बनाएं रखना हम सबका कर्तव्य है।विशिष्ट अथिति बुधराम सिंह मुंडा ने कहा कि भगवान सिङबोंगा की स्तुति से मन-आत्मा में भक्ति औँर श्रद्धा आती है और समाज में प्रेम और भाईचारा पनपता है। हमें समृद्ध समाज के लिए हमेशा समाज और संगठन के सिद्धांतों को अमल में लाना चाहिए।

# स्व विष्णु चरण महतो का जयंती समारोह आयोजित



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** मुरी गोला पथ पर सिंगपुर चौक के समीप रविवार को स्व विष्णु चरण महतो जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, कुरमाली भाषा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राजाराम महतो, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहू, डॉ नीना महतो, राजेंद्र महतो, अशोक सिंह, गुड्डू महतो एवं अन्य लोगों ने स्व विष्णु चरण महतो के प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। जिप उपाध्यक्ष ने कहा कि स्व विष्णु चरण महतो का हमेशा लोगों को शिक्षा के लिए प्रेरित तथा नशा के खिलाफ जागरूक करने में उल्लेखनीय योगदान रहा है। हम सभी को उनके विचारधारा पर अमल करने की आवश्यकता है। वहीं राजा राम महतो ने व कहा कि स्व विष्णु चरण महतो प्रारंभिक शिक्षा गॉव के सिंगपुर स्कूल में प्राप्त की थी। मैट्रिक परीक्षा चक्रधरपुर से दिया था जबकि कॉलेज की पढ़ाई पटना विष्वविद्यालय से किया था उन्होने 1950 में वकालत की डिग्री हासिल की थी। वे सिल्ली के पहले प्रमुख थे तथा वे छोटानागपुर लॉ कॉलेज के रीडर भी रहे। उन्होने अपने प्रयास से कुरमाली भाषा परिषद के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। इस मौके पर कृष्णा महतो, गणेश महतो, मो फारुख, तुलसी प्रमाणिक, मो सकुर आलम समेत स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### इटकी में हज यात्रियों का प्रशिक्षण संम्पन्न



**इटकी।** इटकी के मदीना मैरेज हॉल परिसर में रविवार को हज़ प्रशिक्षण शिवर का आयोजन किया गया। शिविर में हज प्रशिक्षण समन्वयक हाजी कैसर आलम ने हाजियों को हज यात्रा के दौरान मक्का में तेज गर्मी में निकलने से बचने और समय का चयन चयन करने की जानकारी दी। इसके अलावे हज यात्रा के पूर्व की तैयारी के साथ हवाई यात्रा,सऊदी अऱब के नियम कानून व्यवस्था की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। हज़-यात्रियों के मक्का पहुंचने के बाद उमरा करने बाद हज के धार्मिक नियमों की जानकारी दी। शिविर में रांची, खुटी ,गुमला,लोहरदगा और चतरा जिला के करीब 150 हज़-यात्री शामिल हुए। शिविर को सफल बनाने में मोहसिन जफर ,अबरार इमाम,मेराज आल़म, कमरोश कैसर, नौशाद अख़्तर, नबील और सरफरज का अहम भूमिका रही।

# क्षत्रिय महासभा सिल्ली की बैठक सम्पन्न

## 28 फरवरी को राजा जयंती समारोह के भव्य आयोजन का निर्णय



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**सिल्ली।** सिल्ली राजवाड़ी परिसर में रविवार को क्षत्रिय महासभा सिल्ली के एक बैठक राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव के अध्यक्षता में की गई।

बैठक में समाज के मजबुती को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मौके पर राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव, भरत देव साय, संजीत सिंह देव, प्रदीप सिंह, शंकर प्रसाद साय, भरत देव साय, गौरीनाथ सिंह, गुलाब सिंह, राजे- सिंह, गौतम सिंह, बिनोद कुमार सिंह, रमेश सिंह, सुभाष सिंह अन्य सदस्यों ने समाज के मजबुती को लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान आगामी 28 फरवरी को स्व राजा उपेंद्र नाथ सिंह के जयंती पर राजा जयंती समारोह भव्य रूप से मनाया जाएगा। जिसमें भालीबॉल प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय लिया गया। जिसमें 28 फरवरी को ड्रामेटिक क्लब परिसर पर स्थित स्व राजा उपेंद्र नाथ सिंह के प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात सांस्कृतिक नृत्य गीत एवं क्षेत्रीय झुमर संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जयंती समारोह के पुर्व 27 फरवरी को एक दिवसीय भोलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। समारोह के भव्य आयोजन को लेकर सभी सदस्यों को जिम्मेदार दी गई। इस मौके पर सुभाष सिंह, संदीप सिंह देव, देवकांत सिंह देव, रुद्राक्ष सिंह देव, बलराम सिंह, नित्यानंद सिंह, नित्यानंद साय, रघुनाथ साय, कुंदन सिंह, बिनोद कुमार सिंह, दिलीप कुमार साय, कालीचरण सिंह, भानु प्रताप सिंह, शक्ति सिंह, भोलानाथ साय, किशोर सिंह देव, जयंत कुमार, महादेव सिंह, देवराज सिंह, अरमान सिंह, संतोष कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## लीगल लिटरेसी क्लब का हुआ उद्घाटन

**खूंटी।** झालसा रांची के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने रविवार को स्वामी श्रद्धानंद डीएवी सेनेटरी पब्लिक स्कूल सेवा आश्रम खूंटी में लीगल लिटरेसी क्लब का वर्चुअल उद्घाटन किया। मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष खूंटी रसिकेश कुमार, जिला जज प्रथम संजय कुमार, अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विद्यावती कुमारी, एलएडीसी डिप्टी चीफ नम्रता कुमारी, पैनल अधिवक्ता शशि कला कुमारी, पीएलबी अंजनी कुमारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### बालू के अवैध उठाव को लेकर महिलाओं ने सिल्ली नदी पर किया प्रदर्शन



**सिल्ली।** बालू के अवैध उठाव को लेकर रविवार को सिल्ली प्रखंड के चोकसेरेंग गांव के महिलाओं ने सिल्ली नदी पर ही विरोध प्रदर्शन किया। महिलाओं का आरोप है कि बालू माफियाओं द्वारा इलाके से अवैध तरीके से प्रतिदिन बे रोक टोक बालू का उठाव किया जा रहा है। इससे नदी का अस्तित्व पर खतरा हो गया है। कुछ दिन बाद स्थानीय निर्माण काम काज के भी बालू नहीं मिलेगा। ऐसे में सरकार को भी राजस्व का भरपूर नुकसान हो रहा है। महिलाओं ने बताया कि यह सब स्थानीय पुलिस के संरक्षण में ही हो रहा है। पुलिस जानबूझ कर अनजान बनी हुई है। रात दिन बालू का उठाव हो रहा है इस काम में पुलिस अप्रत्यक्ष रूप से शामिल है। महिलाओं ने दो घंटे तक प्रदर्शन किया। बाद में बालू घाट के लोगों ने आकर उन्हें समझाया तब जाकर महिलाएं शांत हुई।

## संक्षिप्त

### जेसीआई रांची ने मच्छरदानी और भोजन का किया वितरण

**रांची।** जेसीआई रांची ने इटकी, मांडर के पास स्थित गांव तत्कुंडो कुम्भा टोली में जरूरतमंदों के बीच मच्छरदानी और भोजन का वितरण किया। कम्युनिटी प्रोजेक्ट ह्यप्रयासह्न के तहत यह कार्यक्रम किया गया।
बढ़ते मच्छर और डेंगू की समस्या को देखते हुए जेसीआई रांची ने गांव वालों की मदद की। बच्चों में टॉफी का वितरण किया। सभी को भोजन कराया। इस कार्यक्रम में गांव के बच्चों में लोक नृत्य प्रस्तुत कर सब का स्वागत किया, जो सभी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा। जेसीआई रांची के अध्यक्ष प्रतीक जैन और उनकी टीम की इस सराहनीय पहल ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर दामोदर अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, सौरभ टांटिया, शुभम साबू, केशव बजाज, साहित्य पवन, केतुल पटेल, विभोर चौधरी, विशेष वशिष्ठ एवं संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मोहित बागला और आयुष अग्रवाल ने किया।

### कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को रांची के डॉ. कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नए प्रभारी के. राजू ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने के. राजू को झारखंड कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त होने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। उल्लेखनीय है कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस का प्रभारी नियुक्त किए जाने के बाद के राजू की मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के साथ पहली भेंट थी।

### भाकपा में शामिल हुए 143 लोग

**रांची।** भाकपा के कार्यकर्ता मिलन समारोह में रविवार को 143 लोगों ने पार्टी का दामन थामा। रांची के कांके रोड स्थित गांधीनगर क्लब में एटक के राज्य सचिव अशोक यादव की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि मजदूरों के हक और अधिकार के लिए भाकपा पार्टी हमेशा लड़ती रही है। पाठक ने कहा कि देश की पूंजीवादी पार्टियां धर्म एवं जात के नाम पर लोगों को बांट रही हैं। देश के बड़े-बड़े उद्योगपतियों के पक्ष में कानून बनाया जा रहा है। एटक के राज्य सचिव अशोक यादव ने लाल झंडा की उत्पत्ति के बारे में विस्तार से बताया। वहीं मजदूर नेता हरिद्वार सिंह ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के इतिहास की जानकारी उपस्थित लोगों को दी। कार्यक्रम में पार्टी को मजबूत बनाने, झारखंड विधानसभा में बाबा भीमराव अंबेडकर और जयपाल सिंह मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने, असंगठित मजदूरों को 26 हजार रुपये प्रतिमाह मजदूरी निर्धारित करने, मजदूरों के आठ घंटा काम और न्यूनतम मजदूरी की गारंटी की मांग केंद्र और राज्य सरकारों से की गई। इन मांगों को लेकर 24 मार्च को विधानसभा मार्च करने का भी फैसला लिया गया।

### विजया एकादशी पापों का अपहरण करनेवाली, पवित्र व पाप नाशक

**रांची।** दिव्यदेशम श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में 24 फरवरी सोमवार को फाल्गुन मास की विजया एकादशी का व्रत मनाया जाएगा। इस उपलक्ष पर भगवान श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर का उद्यास्तमन सेवा के अंतर्गत महाभिषेक होगा। इसके बाद भगवान का श्रृंगार, महाआरती, महास्तुति, भोग और अर्चना आदि करके आम श्रद्धालु भक्तों के दर्शन के लिये प्रातः 7:00 बजे पट खोल दिया जाएगा। इस तरह श्रद्धालु भक्तगण प्रातः 7:00 बजे से 12:00 तक एवं संध्या 4:00 बजे से 7:00 बजे तक अपना व्यक्तिगत पूजा-अर्चना करा सकेंगे। यह विजया नामवाली एकादशी पापों का अपहरण करने वाली है।

# टनल में फंसे झारखंडी श्रमिकों की कुशलता की ली जा रही जानकारी

**चार श्रमिकों की पारिवारिक जानकारी श्रम अधीक्षक और गुमला जिला प्रशासन ने सत्यापित की**



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल हादसे में झारखण्ड सहित अन्य राज्यों के कुछ श्रमिकों के फंसे होने की सूचना 22 फरवरी 2025 को मिली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने तेलंगाना सरकार से संपर्क किया है।
टनल में गुमला के अलावा उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के श्रमिक फंसे हुए हैं। फिलहाल, एनडीआरएफ की टीम बचाव अभियान में जुटी हुई है। नियंत्रण कक्ष ने एएलओ नागरकुरनूल से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि एनडीआरएफ की टीम टनल में प्रवेश कर चुकी है, लेकिन अभी तक श्रमिकों से कोई संपर्क स्थापित नहीं हो सका है। टनल के अंदर की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गुमला के बघिमा (पालकोट), कुम्बा टोली (घाघरा), खटंगा-कोबी टोली (रायडीह), और करुंदी (गुमला प्रखंड) निवासी श्रमिकों की पारिवारिक जानकारी श्रम अधीक्षक और जिला प्रशासन ने रविवार को सत्यापित की। सत्यापन के दौरान परिजनों ने बताया कि सभी श्रमिक 3-4 वर्षों से तेलंगाना में कार्यरत थे।
परिजनों ने बताया कि वे अपनी स्वेच्छा से वहां गए थे। वे वर्ष में एक बार अपने गांव आते-जाते रहते थे। हादसे की खबर से परिजन अत्यंत चिंतित हैं। अपने प्रियजनों की सुरक्षित वापसी की कामना कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने परिजनों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है। गुमला उपायुक्त द्वारा लगातार स्थिति की जानकारी ली जा रही है।

### शास्त्रीय संगीत से सजा बिरसा मुंडा फन पार्क

**रांची।** बिरसा मुंडा फन पार्क एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में म्यूजिक इन द पार्क कार्यक्रम का आयोजन 23 फरवरी को किया गया। शास्त्रीय संगीत को बढ़ावा देने के उद्देश्यज से कार्यक्रम किया गया था। इसमें कोलकाता के प्रख्यात सरोद वादक अर्नब भट्टाचार्य एवं तबला वादक लक्ष्मी नारायण ओझा की जोड़ी ने अद्भुत प्रस्तुति देकर समा बांधा।
इस अवसर पर जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा एवं रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी ने संयुक्त रूप से दोनों कलाकारों को अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। देर शाम रांची वासियों ने शास्त्रीय संगीत का आनंद लिया।

# सिरमटोली फ्लाईओवर का तैयार हो रहा है नया डिजाइन, 15 दिन में मंजूरी संभव

- मंत्री का निर्देश, फ्लाई ओवर निर्माण में सरना स्थल की पवित्रता का ध्यान रखे कंपनी
- सिरमटोली के स्थानीय लोगों के साथ की बैठक और सभी पहलुओं पर किया विचार विमर्श



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने सिरमटोली फ्लाई ओवर निर्माण स्थल का 23 फरवरी को निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने फ्लाइओवर निर्माण के विभिन्न पहलुओं को देखा।
मंत्री ने कहा कि सरना धर्मस्थल पर आदिवासी समाज पूजा-अर्चना करने जाते हैं। अगर सिरमटोली फ्लाईओवर की ऊंचाई कम रखी गई, तो वहां आने-जाने में श्रद्धालुओं को कठिनाई होगी। दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ जाएगी। इस कारण उन्होंने फ्लाईओवर की ऊंचाई बढ़ाने की मांग रखी, ताकि भविष्य में किसी भी तरह की दुर्घटना को टाला जा सके।
मंत्री ने कहा कि सरना स्थल सिर्फ एक जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की आस्था और परंपरा का प्रतीक है। वर्षों से यहां धार्मिक अनुष्ठान होते आ रहे हैं। यह स्थान समुदाय की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।
श्री लिंडा ने सिरमटोली के स्थानीय लोगों के साथ बैठक की। सभी पहलुओं पर चर्चा किया। उन्होंने कहा है कि आदिवासी भाषा, सभ्यता और संस्कृति की जीवंतता मूल रूप से बनाये रखना सबसे महत्वपूर्ण है। आधुनिक विकास कार्यों को करना महत्वपूर्ण है, परंतु इससे आम जनमानस को नुकसान नहीं होना चाहिए। ना ही किसी की धर्म के आस्था को प्रभावित करना चाहिए। सरना स्थल हमारी मां का स्थान है और मां से हम पूरी प्रकृति की रक्षा करने की प्रार्थना करते हैं।
बता दें कि रांची के सिरमटोली इलाके में बन रहे फ्लाईओवर को लेकर आदिवासी समाज में गहरी नाराजगी है। इस निर्माण कार्य के कारण सरना धर्मस्थल की पवित्र भूमि प्रभावित हो रही है, जिससे आदिवासी समुदाय में आक्रोश व्याप्त है।
इस मामले पर फ्लाइओवर निर्माण कंपनी एल एंड टी ने बताया कि फ्लाईओवर की नए डिजाइन तैयार की जा रही है। इसे मंजूरी मिलने में 15 दिन का समय लगेगा। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए समाधान निकाला जाएगा, जिससे सरना स्थल की पवित्रता भी बनी रहे और यातायात भी सुचारू रूप से चले।
बैठक में खिजरी विधायक राजेश कच्छप सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## बीएयू में चल रहे वनरक्षक प्रशिक्षण का समापन, मिला प्रमाण पत्र



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में आयोजित छह दिवसीय वनरक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण 17 से 22 फरवरी, 2025 तक बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी संकाय में आयोजित किया गया था।
प्रशिक्षण कार्यक्रम में 120 वनरक्षकों ने भाग लिया। इस अवसर पर वानिकी संकाय के प्रोफेसर एवं प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. एके चक्रवर्ती, वानिकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ. एमएस मलिक, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एस चटोपाध्याय एवं संकाय के अन्य प्रोफेसर उपस्थित रहे।
छह दिनों के इस प्रशिक्षण में वनरक्षकों को कृषि वानिकी (एग्रोफॉरेस्ट्री), टिशू कल्चर, एकीकृत कृषि प्रणाली, जनजातीय आजीविका एवं वन नर्सरी से संबंधित विषयों पर सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किये गये। प्रशिक्षण के दौरान फील्ड विज़िट भी कराए गए, जिससे वनरक्षकों को जमीनी स्तर पर इन तकनीकों को समझने का अवसर मिला।
समापन समारोह में डॉ. एके चक्रवर्ती ने वनरक्षकों को संबोधित करते हुए वनों के संरक्षण, वानिकी और कृषि में तकनीकी नवाचार, शोध में आ रही चुनौतियों, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और वन संसाधनों के संवर्धन के लिए एकजुटता की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्साह और समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। डॉ. एमएस मलिक ने वन संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। वनरक्षकों को अपने ज्ञान को व्यावहारिक रूप से लागू करने के लिए प्रेरित किया। डॉ एस चटोपाध्याय ने आशा जताई कि यह प्रशिक्षण वनरक्षकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।
समारोह के दौरान कुछ वनरक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस प्रशिक्षण के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने भविष्य में ऐसे और कार्यक्रमों के आयोजन की उम्मीद जताई।

## श्री राधा-कृष्ण सेवा धाम मंदिर में हुआ होली महोत्सव और भजन संकीर्तन




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** पुंदाग में स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन रविवार को किया गया है। श्री कृष्णा प्रणामी सेवा समिति के सौजन्य से अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं होली महोत्सव, भजन संकीर्तन का आयोजन किया गया?। अन्नपूर्णा महाप्रसाद में वेजिटेबल खिचड़ी का विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे ने लगाया। इसके बाद मंदिर परिसर में उपस्थित 4 हजार से भी अधिक में श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी का वितरण किया गया।
दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक फूलों की होली महोत्सव सह भजन संकीर्तन का भव्य आयोजन हुआ। भजन गायक मनीष सोनी एवं सज्जन पाड़िया, निर्मल जालान, उर्मिला पाडिया, सीता देवी शर्मा ने होली पर मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा बहाकर भक्तों को खूब झुमाया। फूलों की होली खेली गई। भक्त आपस में फूलों की बौछार करते रहे। पूरे वातावरण को वृंदावन एवं कृष्णमय बना दिया। फिर महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।
ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर में लगभग 8 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।
इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, विशाल जालान, सुरेश अग्रवाल,विजय अग्रवाल,सुरेश भगत, विष्णु सोनी, मनीष सोनी, पवन पोद्दार, प्रदीप पोद्दार, विमला जालान, विधा देवी अग्रवाल, शोभा जालान, उर्मिला पाड़िया, मीनू पाड़िया, सुनीता अग्रवाल, सुमन चौधरी, कविता गाड़ोदिया, शारदा पोद्दार, संतोष देवी अग्रवाल, नीलम अग्रवाल, उषा मोदी, किरण पोद्दार, मंगला मोदी, सत्यभामा खेतान, शारदा पोद्दार, आशा भुंजाल, नम्रता जालान, नीलम गोयल, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

### राजद के सदस्यता अभियान में सैकड़ों लोग बने सदस्य

**रांची :** रविवार को कोकर स्थित रामलखन सिंह यादव कॉलेज रांची के समीप राजद नेताओं ने सदस्यता अभियान चलाया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन महासचिव प्रणय बबलू अर्जुन यादव मनोज अग्रवाल संतोष प्रसाद अरुण यादव जीतू यादव ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों लोग राजद का सदस्यता लिए। तमाम लोगों को राजद महासचिव कैलाश यादव ने सदस्यता दिलाई। यादव ने कहा कि रांची महानगर में 50 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। विदित है कि राजद का सदस्यता अभियान राज्य के सभी जिलों में तेजी से चल रहा है।
राजद अध्यक्ष लालू यादव एवं युवा हृदय सम्राट तेजस्वी यादव के विचारधारा और राजद का नीति सिद्धांत को सदस्यता अभियान के माध्यम से वार्ड से पंचायत तक लोगो को बताने काम कर रहे हैं।

## पशुपतिनाथ मंदिर में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का समापन

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** परमार्थ और उदार कृत ही यज्ञ का भावार्थ है। यज्ञ का मतलब दान, संगठन एवं देवत्व है। अग्नि हमारे शरीर में ज्ञानाग्नि, जठराग्नि और दर्शनाग्नि के रूप में समाहित है। गायत्री परम्परा में ज्ञान ही प्रसाद है। उक्त विचार गायत्री परिवार के रांची जिला युवा सह समन्वयक राजू कुमार ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में आयोजित दो दिवसीय नौ कुंडीय नवचेतना जागरण गायत्री महायज्ञ के समापन समारोह में व्यक्त किये।
शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि लक्ष्मण एवं प्रमोद ने कहा कि यज्ञ अग्नि की विशेषताएं हैं सिर सदा ऊंचा करके रखना और कोई भी दबाव पड़ने पर नीचे नहीं झुकना। जो भी संपर्क में आए उसे अपने समतुल्य बना लेना, जो मिले उसका संचय न करके विश्व वसुधा के लिए बिखेर देना, अपने अस्तित्व में गर्मी और रोशनी की कमी नहीं पड़ने देना और अपने सामर्थ्य को लोकहित में नियोजित किए रहना।
भजन, कीर्तन, हवन, आरती एवं भण्डारा में होचर, अरसंडे, बोड़ेया, सुकुरहुट्टू बस्ती सहित रांची शहर के लगभग एक हजार लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर पशुपतिनाथ मंदिर प्रबन्धन समिति की संगीता विजया और गायत्री परिवार के यज्ञ एवं कर्मकांड विशेषज्ञ निरंजन सिंह का बहुमान किया गया।



# झारखंड में टाटा स्टील आयरन ओर माइंस ने एमईएमसी में जीते सात पुरस्कार

- नोआमुंडी आयरन माइंस ए-1 ग्रुप की खदानों में ओवरऑल परफॉर्मेंस श्रेणी की विजेता




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में टाटा स्टील की नोआमुंडी आयरन माइंस और विजय II आयरन माइंस ने 31वें माइंस एनवायरनमेंट एंड मिनरल कंजर्वेशन (एमईएमसी) वीक 2023-24 के समापन समारोह में सात पुरस्कार जीते। यह आयोजन भारतीय खान ब्यूरो (आईबीएम), रांची क्षेत्र के तत्वावधान में शनिवार को रांची में हुआ। नोआमुंडी आयरन माइंस को ए-1 ग्रुप की खदानों में ओवरऑल परफॉर्मेंस श्रेणी का विजेता घोषित किया गया। इसी तरह, खदान को वनीकरण श्रेणी में भी विजेता चुना गया। इसके अलावा, पर्यावरण निगरानी और प्रचार-प्रसार सहित अन्य श्रेणियों में इसे द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।
विजय II आयरन माइंस को खनिज संरक्षण श्रेणी में विजेता घोषित किया गया। इसे सतत विकास और वेस्ट डंप मैनेजमेंट श्रेणियों में द्वितीय पुरस्कार मिला।
टाटा स्टील को खदान और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने के लिए लगाए गए स्टॉल डिस्प्ले में द्वितीय पुरस्कार मिला।
टाटा स्टील के अधिकारियों को ये प्रतिष्ठित पुरस्कार मुख्य अतिथि पंकज कुलश्रेष्ठ, मुख्य खान नियंत्रक (एमईएस), आईबीएम द्वारा प्रदान किए गए।
इस आयोजन में राज्य भर की 31 खदानों की भागीदारी रही, जिसमें विभिन्न श्रेणियों में कुल 75 पुरस्कार प्रदान किए गए।
इस अवसर पर अन्य गणमान्य व्यक्तियों में सालिल संदीप कुजुर (क्षेत्रीय खान नियंत्रक, रांची क्षेत्र, आईबीएम), शैलेन्द्र कुमार (सीओएम (ईजेड), आईबीएम, नागपुर), अतुल कुमार भटनागर (जेनरल मैनेजर, ओएमक्यू, टाटा स्टील), आशुतोष तिवारी (उप कार्यकारी निदेशक, डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड), बिजेश कुमार झा (अध्यक्ष, हिंडाल्को), अवनीश कुमार (चीफ, माइन प्लानिंग, नोआमुंडी आयरन माइंस), राजीव कुमार (चीफ, विजय क्क आयरन माइंस) सहित विभिन्न खदानों के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।
टाटा स्टील सतत खनन सुनिश्चित करने के लिए दुनियाभर में अपने संचालन के माध्यम से प्रतिबद्ध है। उच्चतम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रमाणित कंपनी उन्नत तकनीकों के जरिए रॉ मटेरियल की दक्षता और संरक्षण सुनिश्चित करती है।

## संक्षिप्त

### कलश यात्रा में शामिल हुए हजारों श्रद्धालु



**हजारीबाग।** साईं मंदिर परिवार, ओकनी के 13वें स्थापना दिवस के मौके पर रविवार को ओकनी साईं मंदिर परिवार की ओर से भव्य मंगल कलश यात्रा स्थानीय खजांची तालाब परिसर स्थित मनोकामना मंदिर प्रांगण से बाजे-गाजे के साथ धूमधाम से निकाली गई। इस दौरान विधिवत पूजा-अर्चना करके युवती और महिलायें माथे पर कलश में नारियल, आम पत्र और अन्य शुभ सामग्री लेकर शहर के मुख्य मार्ग से गुजरते हुए रवाना हुए। वही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सांसद सेवा कार्यालय के बाहर कलश यात्रा का स्वागत किया और हाथ जोड़कर कलश यात्रियों का अभिनंदन किया। उन्होंने आयोजकों को फूल माला पहनाकर उनके इस धार्मिक प्रयास की सराहना की। इस दौरान उनके साथ बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें। कलश यात्रा के दौरान पूरा शहर ॐ साईं राम के नारे से गुंजयमान होता रहा और पुरा शहर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया।

### दुमका में महिला कोषांग की हुई बैठक

**दुमका।** महिला कोषांग की बैठक में आपसी सुलह-समझौता से कुल 11 पारिवारिक विवादों में रविवार को समझौता हुआ। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग ने की। इस अवसर पर मुख्य रूप से एसडीपीओ विजय कुमार महतो उपस्थित थे। कोषांग सदस्यों ने जिले के गोपीकांदर थाना क्षेत्र के कारीपहाड़ी गांव निवासी प्रितिलता मरांडी क्षौर शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के चितागड़िया गांव निवासी उसके पति रसका टुडू के बीच आपसी सुलह-समझौता कराया गया।

### गोंड समाज ने महादेव शाल मंदिर में की पूजा अर्चना

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ के जमशेदपुर जिला अध्यक्ष दिनेश साह गोंड और महिला समिति की अध्यक्ष नीतू कुमारी, अपनी टीम के साथ प्रदेश अध्यक्ष गुरु चरण नायक के बेटे देवाशीष नायक और प्रियंका नायक की शादी में शामिल हुए. इस अवसर पर गोंड समाज के कई प्रमुख सदस्य भी उपस्थित थे, जिनमें मदन साह, ललन साह, मुन्ना प्रसाद, उमेश साह, मनोज प्रसाद, रामबचन ठाकुर, भगवंती मरकाम, अम्बे ठाकुर, शुद्धी कुमारी, सोहन साह सहित अन्य लोग शामिल थे। शादी में शामिल होने से पहले, अखिल भारतीय गोंड आदिवासी संघ के सभी सदस्य गोइलकेरा स्थित श्री श्री महादेव शाल मंदिर पहुंचे।

## पुलिस ने गिरिडीह में मिनी माउजर फैक्ट्री का किया खुलासा

# छह अपराधियों को किया गिरफ्तार



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस ने रविवार को जिले में मिनी माउजर फैक्ट्री का खुलासा करते हुए छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटनास्थल से लगभग 31 पीस अर्धनिर्मित माउजर के बट के साथ कई अन्य समान जब्त किया है।

जिले के जमुआ थाना इलाके के चपरयामो गांव में मिली बड़ी सफलता के बाद एसपी डॉक्टर विमल कुमार, एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, एटीएस के डीएसपी विनोद रजवार समेत चार थानों के थाना प्रभारी ने संयुक्त प्रेसवार्ता कर बताया कि जमुआ थाना इलाके के चपरयामो गांव में मोहम्मद दयसुद्दीन अपने घर पर इस मिनी माउजर फैक्ट्री का का संचालन कर रहा था। गुप्त सूचना पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एटीएस और बंगाल एसटीफ के अलावा चार थानों की पुलिस ने छापेमारी कर बड़े पैमाने पर मिनी माउजर बनाने के समान जब्त किया है। बताया गया कि जब्त सामानों मै दो मशीन है जो किसी एसआर ट्रेडिंग से खरीदा गयी है। एक लेथ मशीन , ड्रिल मशीन , 15 केवीए का आयशर कंपनी का डीजी जनरेटर और 31 अर्धनिर्मित माउजर के लोहे को तैयार बट के साथ, गोली लोड करने वाले लोहे का 10 पीस पिछला हिस्सा, छह पीस लोहे का टुकड़ा, 31 पीस लोहे की पट्टी सहित एक बाइक बरामद हुई है। इसके अलावा 17 हजार नगद रुपये ,एक मोबाइल जब्त किया गया है।

एसपी ने बताया कि दयसुद्दीन अपने घर में मिनी माउजर पिस्टल फैक्ट्री का संचालन करने के साथ सहयोगियों के सहयोग से तैयार पिस्टल बिहार, झारखंड और बंगाल में सप्लाई करता था।जिसकी किमत लाखो में है। गिरफ्तार अपराधियो में दयासुद्दीन के साथ बिहार के मुंगेर के मोहम्मद इमरान, मोहम्मद सोनू, मोहम्मद शकील, मोहम्मद अफरोज और मुंगेर रामनगर थाना इलाके के सफियाबाद निवासी रूपेश शर्मा शामिल हैं।

एसपी ने बताया कि मोहम्मद सोनू, मोहम्मद इमरान के खिलाफ बिहार के खुसरूपुर थाना में पहले से आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है। मोहम्मद सोनू के खिलाफ भी आर्म्स एक्ट का केस इसी थाने में दर्ज है। अफरोज के खिलाफ बांका में आर्म्स एक्ट का केस दर्ज है।

## पेड़ से टकराई बाइक दो की मौत, एक गंभीर



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**दुमका।** नशे में धूत बाईक सवार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने से दो बाईक सवार की मौत हो गई। वहीं घटना में एक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शनिवार की देर रात विश्वविद्यालय ओपी थाना क्षेत्र में घटी। दुर्घटना थाना से चंद कदम दूर सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के मुख्य गेट के समीप घटी। मृतकों का शिनाख्त साहिबगंज जिला के तालझारी थाना क्षेत्र के दुधकोल गांव निवासी सोमाय हांसदा (30 )एवं बरहेट थाना क्षेत्र के हिरणपुर गांव निवासी संजला मुर्मू ( 20) के रूप में हुई। वहीं घायल सदर प्रखंड के दिग्घी ओपी थाना क्षेत्र के दीपक हेम्ब्रम है। दीपक विश्वविद्यालय के सुरक्षा गार्ड है। जानकारी के अनुसार दीपक अपने दोस्तों के साथ बाईक में सवार होकर सदर प्रखंड के बागडुब्बी एक श्राद्ध कर्म में शामिल होने गया था। देर रात दीपक को पहुंचाने विश्वविद्यालय जाने के दौरान बाइक विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के समीप प्रिंटिंग दुकान के सामने महुआ के पेड़ से टकरा गई। इसमें एक की मौके पर मौत हो गई। दूसरे को अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वही दीपक हेम्ब्रम बुरी तरह से घायल हो गया। दीपक का इलाज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मृतकों के परिजनों को दी। सूचना पर रविवार को परिजन दोपहर में दुमका पहुंचे। पुलिस मृतकों के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया। दुर्घटनाग्रस्त बाईक को पुलिस ने जब्त कर कार्रवाई में जुट गई है।

## गढ़वाः खोन्हर टीम ने जीता युवा संघर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**गढ़वा।** जिले के केतार की बलिगढ़ पंचायत के अजनिया मोड़ के पास युवा संघर्ष क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कोन उत्तर प्रदेश बनाम खोन्हर झारखंड के बीच खेला गया।

इस मुकाबले के मुख्य अतिथि बलिगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने टॉस उछालकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय कोन की टीम ने लिया। वह 90 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। जवाबी पारी खेलते हुए खोन्हर की टीम ने 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 91 रन बनाकर मैच जीत लिया। विजेता खोन्हर टीम को बड़ा कप एवं उपविजेता टीम कोन को छोटा कप देकर मुखिया प्रतिनिधि ने सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंकने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल में हार और जीत तो लगी रहती है। क्षेत्र में खिलाड़ियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्हें सिर्फ सहयोग करने की जरूरत है। मौके पर रमेश राम, मनीष कुमार गुप्ता, नेमचंद शाह, संतोष पासवान, विमलेश यादव सहित कमेटी के सदस्य व अन्य उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने दिया सांकेतिक धरना

**चतरा।** सीसीएल की आम्रपाली परियोजना के लिए रेलवे साइडिंग और रेल लाइन निर्माण के विरोध में ग्रामीणों ने टंडवा के सेरनदाग बाजार टांड में रविवार को एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। इसकी अध्यक्षता गणेश उर्फ ललित साव और संचालन मनोज साहू ने की। धरना से पूर्व सेरनदाग के ग्रामीणों ने रैली निकाल कर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने फर्जी ग्राम सभा के जरिए अनापत्ति प्रमाण पत्र मामले का तीखा विरोध किया।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित धरने में ग्रामीणों ने साइडिंग और रेल निर्माण के विरोध में जमकर नारेबाजी की। धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आरोप लगाया कि टंडवा अंचल कार्यालय के फर्जी तरीके से ग्रामसभा कर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के फर्जी हस्ताक्षर और मुहर लगाकर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने कार्यवाही की गई। इसका ग्रामीणों की ओर से विरोध किया जा रहा है।

# शहीद कैप्टेन करमजीत सिंह बक्शी के घर पहुंचे रक्षा राज्य मंत्री, दी श्रद्धांजलि

**हजारीबाग सांसद और विधायक समेत कई गणमान्य लोग रहे मौजूद**

- शहीद के परिजनों से मिलकर सबकी आँखें हुई नम
- शहीद परिवार की भलाई को लेकर हुई विशेष चर्चा



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**हजारीबाग।** बीते दिनों जम्मू-कश्मीर के अखनूर में हुए आईडी ब्लास्ट में शहीद हुए हजारीबाग के लाल कैप्टेन करमजीत सिंह बक्शी के हजारीबाग शहर के जुलु पार्क स्थित आवास में रविवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय सहित भाजपा के कई गणमान्य पहुंचे और और यहां शहीद के शहीद की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके माता- पिता, बहन और अन्य परिजनों से मुलाकात कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले आपके परिवार के लाल पर गर्व करने को कहते हुए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शहीद परिवार को सांत्वना दिया और उनका ढांढस बंधाया। सांसद मनीष जायसवाल और सदर विधायक प्रदीप ने भी परिवारजनों के साथ हर जरूरत में एक बेटा/भाई के रूप में खड़े रहने का भरोसा जताकर उनका हिम्मत बढ़ाया।

यहां रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शहीद कैप्टेन के परिवारजनों की उपस्थिति में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और सदर विधायक प्रदीप प्रसाद से शहीद परिवार के भलाई के लिए विशेष चर्चा- परिचर्चा की साथ ही केंद्र सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन देते हुए राज्य के मुख्यमंत्री से मिलकर भी बात करने पर सहमति बनी। यहां रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सांसद मनीष जायसवाल और सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सहित अन्य भाजपा नेताओं से शहीद परिवारजनों ने शहीद कैप्टेन करमजीत सिंह बक्शी की जिंदगी की कई यादें अपनी भावनाओं के ज्वार में व्यक्त किया। शहीद परिवार की भावनाओं का एहसास कर सभी नेता भी द्रविभूत हो उठे और सबके आँखें नम हो गई। मौके पर विशेषरूप से भाजपा नेता सुनील मेहता, आनंद देव, कुणाल दुबे, जीतू जैन, लबू गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# प्रॉपर्टी डीलिंग मामले में मांगा रंगदारी,दी जान मारने की धमकी

- युवक ने लगाई सुरक्षा की गुहार, दर्ज कराई प्राथमिकी




**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**आदित्यपुर।** प्रॉपर्टी डीलिंग के मामले में एक युवक से रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। युवक ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस से इंसाफ की गुहार लगाई है। युवक का नाम नितेश कुमार सिंह ऊर्फ चुलबुल है जो कि कल्पनापुरी का निवासी है।

पुलिस को दिए आवेदन में नितेश सिंह ने आरआईटी थाना क्षेत्र के रघुनाथ राय उर्फ झमालु पर जान से मारने और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि वह मूल रूप से आरआईटी थाना अंतर्गत रोड नंबर 17 का रहने वाला है। रघुनाथ राय भी आरआईटी थाना क्षेत्र के रोड नंबर 19 में रहता है। उसने बताया कि रोड नंबर 17 का घर बेचकर उसने कल्पनापुरी में घर खरीदा है। रघुनाथ राय बार-बार यह कहकर धमकी देता है कि उसने उसका घर बिकवाया है। उसके एवज में उसे कमीशन चाहिए। नहीं देने पर जान से मरवाने की धमकी दे रहा है। साथ ही जहां- तहां रोककर भद्दी- भद्दी गालियां भी दे रहा है। उसने बताया कि रघुनाथ राय का बेटा हाल ही में जेल से छूटकर आया है। उसी बेटे का नाम लेकर उसे धमकाया जा रहा है। वही बेटे द्वारा कॉलिंग,व्हाट्सएप व फेसबुक माध्यम से डराया धमकाया जाता है। फिलहाल पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुट हैं।

### पुराना रहा है रघुनाथ राय का आपराधिक इतिहास

रघुनाथ राय का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसका बेटा भी आपराधिक प्रवृति का है। जय प्रकाश उद्यान में बंता नगर के युवक पर जानलेवा हमला मामले में कुछ दिन पूर्व ही जेल से बाहर आया है। इस सन्दर्भ में थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने जानकारी दी कि कुछ दिन पूर्व रघुनाथ राय धोखाधड़ी की शिकायत लेकर थाना आया था। मगर, प्रथम द्दष्या मामला झूठा और फर्जी प्रतीत हुआ। हमने एंटरटेन नहीं किया। अब दूसरे पक्ष की ओर से शिकायत मिली है पूरे मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## लाभुकों को नहीं मिल रहा बालू माफिया हो रहे मालामाल

- पुलिस-प्रशासन के कई लोगों के साथ सत्ताधारी दल के नेता भी शामिल



**आनंद कुमार सोनी**

**लोहरदगा।** झारखंड के लोहरदगा जिले में बालू का खेला चल रहा है। अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लाभुकों को बालू नहीं मिल पा रहा है। हालांकि जिले से राज्य के विभिन्न जिलों समेत अंतरराज्यीय क्षेत्र में बालू भेजा जा रहा है। इसका वीडियो भी सामने आया है।

जानकारी के मुताबिक बालू भेजने के कार्य में कई हाईवा और क्षेत्र के दर्जनों ट्रैक्टर को लगाया गया है। लोगों का कहना है कि अवैध बालू तस्करी में बालू माफिया समेत पुलिस प्रशासन एवं जिले के बड़े-बड़े नेता शामिल हैं। इसमें सत्ताधारी दल के एक जिला अध्यक्ष के शामिल होने की बात भी सामने आई है। वीडियो में देखा जा सकता है कि ढुलाई कार्य में हाईवा समेत दर्जनों ट्रैक्टर मिलकर सेनहा थाना क्षेत्र की उगरा मेढ़ो नदी से बालू उठाकर बालू घाट में बने लोडिंग प्वाइंट पर हाईवा में लोड किया जा रहा है। लोगों की मानें तो शाम होते ही सैकड़ों अवैध बालू लदा ट्रैक्टर धड़ल्ले से लोहरदगा की सड़कों और गलियों में निर्भि?कता से दौड़ते हैं। ऐसा लगता है कि जिले में प्रशासन नाम की कोई चीज ही नहीं रह गई है। लगातार दुर्घटना होने के बाद भी प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। शास्त्री नगर से कुटमू जाने वाली सड़क पर तो बालू माफियाओ ने हद ही कर रखी है। यहां से अवैध बालू लदा ट्रैक्टर इतनी तेजी से चलती है कि आसपास के घर दहल पड़ते हैं। लोगों में भय व्याप्त हो जाता है।

# शिक्षकों के एमएसीपी का मुद्दा विस में उठाएंगे विधायक



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**


**धनबाद।** अजाप्टा के जिलाध्यक्ष सुनील भगत के नेतृत्व में सदस्यों ने निरसा विधायक अरुप चटर्जी और टुंडी विधायक मथुरा महतो से मुलाकात की।

बिहार की.तर्ज पर 10, 20 व 30 वर्षो में एमएसीपी दिलाने और सेवाकाल में दो साल की वृद्धि कर 62 साल करने की. मांग को आसन्न बजट सत्र में उठाने का आग्रह किया। दोनों विधायकों ने शिक्षकों की भावनाओं के अनुरुप विधानसभा में इन मुद्दों को उठाने की सहमति प्रदान की। प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी, महासचिव राम मूर्ति ठाकुर, संगठन सचिव असदुल्लाह, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, पूर्व धनबाद जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हाक, राज्य प्रतिनिधि राज कुमार वर्मा, पलामू जिलाध्यक्ष सुधीर कुमार दूबे, महासचिव अमरेश कुमार सिंह सहित दर्जनों शिक्षक नेताओं ने विधायकों के वक्तव्य का स्वागत किया।

## हेलमेट न पहनने वालों को गुलाब का फूल देकर किया गया सम्मानित

**जमशेदपुर।** कोल्हान मानवाधिकार संगठन द्वारा आज जुगसलाई गोलचक्कर पर हेलमेट जागरूकता अभियान चलाया गया. इस अभियान का उद्देश्य स्थानीय लोगों को हेलमेट पहनकर ही दोपहिया वाहन चलाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में जुगसलाई ट्रैफिक थाना के प्रभारी बीरेन्द्र कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित थे और उन्होंने इस अभियान के महत्व पर प्रकाश डाला। ट्रैफिक थाना के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में हेलमेट न पहनने वालों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कोल्हान मानवाधिकार संगठन के संस्थापक सह अध्यक्ष जे.पी. सिंह, प्रेस प्रवक्ता अनिल कुमार, अटल बिहारी मोहंती, सुमन देवी, स्नेहलता, अर्चना वर्णवाल, ललिता देवी, पिंकी देवी, इंद्रपाल सिंह भाटिया, जीत सिंह, रंजन कुमार और अन्य समाजसेवी उपस्थित थे।

## गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज हजारीबाग में रविवार को अभिभावक-शिक्षक बैठक आयोजित की हुई। इसमें अभिभावकों ने महाविद्यालय प्रबंधन समिति को कई सुझाव और सलाह दिए। इस बैठक में प्रशिक्षुओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनुशासन पर दोनों पक्षों से जोर दिया गया। अभिभावक रामचंद्र रवि ने कहा कि नियमों-परिनियमों के अधीन इस कॉलेज में जिस तरह से बीएड प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है, उससे वे संतुष्ट हैं। अनुशासन, उपस्थिति, नियमित कक्षाएं और विभिन्न गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रम ही इस कॉलेज की अपनी अलग पहचान है। अभिभावक अबोध कुमार ने कहा कि वह खुद सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं और वह अपनी बेटी से यहां की गतिविधियों के बारे में पूछते हैं। फिर कोशिश करते हैं कि वह जिस सरकारी स्कूल में हैं, वहां भी ऐसा ही अनुशासन और विविध गतिविधियां हों। उन्होंने यहां एम.एड. और बी.पी.एड. के अलावा व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू कराने की सलाह दी। अभिभावक पंकज कुमार सिंह ने महाविद्यालय में प्रशिक्षुओं को दिए जा रहे प्रशिक्षण की सराहना की। वहीं प्रशिक्षु दीपशिखा की मां और अभिभावक रवि कुमार ने भी अपने विचार साझा किए। इससे पहले महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने समीक्षात्मक विश्लेषण करते हुए अभिभावकों की जिज्ञासाओं को मिटाया और अनुशासन व कॉलेज में बनाए नियमों-परिनियमों को समझाया।

# सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने किया इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण

- खेल सुविधाओं में सुधार के दिए निर्देश



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**हजारीबाग।** सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार को डीवीसी चौक स्थित इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेडियम की वर्तमान स्थिति, रखरखाव और सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया।

उन्होंने स्टेडियम में खेल गतिविधियों की वास्तविकता और उद्देश्य से भटकने पर चिंता व्यक्त करते हुए, आवश्यक सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। विधायक ने निरीक्षण के दौरान जिम, स्विमिंग पूल, खेल मैदान, ट्रैक, दर्शक दीर्घा और अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं की स्थिति को देखा। उन्होंने पाया कि स्टेडियम की कई सुविधाएं या तो रखरखाव के अभाव में क्षतिग्रस्त हो रही हैं या फिर उपयोग में नहीं लाई जा रही हैं। विधायक ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई. उन्होंने कहा कि स्टेडियम का निर्माण खिलाड़ियों और बच्चों के खेल कौशल को विकसित करने के लिए किया गया था, लेकिन वर्तमान में यह अपने उद्देश्य से भटक चुका है। खेल प्रेमियों और स्थानीय खिलाड़ियों को यहां मूलभूत सुविधाएं भी ठीक से नहीं मिल पा रही हैं, जिससे उनकी खेल गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया की स्टेडियम की साफ-सफाई और नियमित रखरखाव की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए।

स्विमिंग पूल की मरम्मत और साफ-सफाई का कार्य जल्द पूरा किया जाए। जिम उपकरणों को ठीक कर नियमित उपयोग के लिए उपलब्ध कराया जाए। खेल मैदान की घास, ट्रैक और अन्य सुविधाओं को खिलाड़ियों के लिए उपयुक्त बनाया जाए। स्टेडियम के उपयोग के लिए एक प्रभावी प्रबंधन प्रणाली विकसित की जाए, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। विधायक ने कहा कि खेल और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए स्टेडियम की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि सही ढंग से इसका रखरखाव और प्रबंधन किया जाए, तो यह खिलाड़ियों के लिए एक आदर्श स्थान बन सकता है। उन्होंने स्थानीय युवाओं से भी अपील की वे खेलों में अधिक भागीदारी करें और स्टेडियम की सुविधाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले निरीक्षण तक सभी आवश्यक सुधार कार्य पूरे किए जाएं।

संक्षिप्त

### भीम आर्मी ने मनाई संत गाडगे की जयंती




**गोमिया।** अम्बेडकर भवन 4 नं. कथारा में भीम आर्मी के जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने राष्ट्र संत गाडगे महाराज जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उनकी 149 वीं जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष गोवर्धन रविदास ने की और संचालन जिला उपाध्यक्ष ललन कुमार राम ने किया। इसमें बोकारो जिला कमेटी, नावाडीह, गोमिया, जरीडीह, बेरमो, कसमार, फुसरो नगर के पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में तय हुआ कि संगठन बचे हुए प्रखण्ड पंचायत वार्ड में नई कमेटी का गठन तथा फुसरो नगर परिषद चुनाव में संगठन अपना प्रत्याशी उतारेगा। मौके पर मेघू दिगार, धरम घासी, मनोज कुमार बौद्ध, प्रकाश तुरी, कैलाश महतो, नकुल रविदास, प्रभारी शैलेश घासी, पिंटू रविदास, बोकारो जिला प्रभारी अमरजीत कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### वार्षिक वनभोज सह-मिलन समारोह आयोजित

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश के धीवर समाज उत्थान संघर्ष समिति द्वारा आयोजित वार्षिक वनभोज सह-मिलन समारोह में जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस आयोजन में समाज के सदस्यों ने विधायक का सम्मान किया और उनके साथ समाज की प्रगति के मुद्दों पर चर्चा की। समारोह के दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने अपने संबोधन में समाज के विकास और उत्थान के लिए शिक्षा, एकता और राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने समाज के लोगों से आग्रह किया कि वे समाज के समग्र विकास के लिए एकजुट होकर काम करें और अपने हक को प्राप्त करने के लिए सक्रिय रहें। समारोह में बच्चों ने खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान समाज के सभी सदस्य एक साथ मिलकर आनंदित हुए। समारोह में समाज के कई प्रतिष्ठित सदस्य उपस्थित थे, जिनमें रूस धीबर, कार्तिक धीबर, रतन महतो,रामनी धीबर, दिनेश धीबर, नकुल धीबर सहित अन्य लोग शामिल थे।

## जनसुविधा प्रतिनिधियों को विधायक सरयू राय का मंत्र

# हर रोज एक घंटा क्षेत्र में दें जनसुविधा प्रतिनिधि

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने अपने जनसुविधा प्रतिनिधियों को संपर्क, समस्या और समाधान का मंत्र दिया है। राय ने कहा कि हर प्रतिनिधि को कम से कम एक घंटा हर दिन क्षेत्र में संपर्क के लिए समर्पित करना चाहिए। उनका यह निर्देश था कि वे क्षेत्र की समस्याओं की पहचान करें और उनका समाधान करने के लिए प्रशासन और नगरपालिका पर दबाव बनाए।

**नवयुवकों और नवयुवतियों को जोड़ने की अपील**

राय ने जनसुविधा समितियों को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र की सीमाओं में अधिक से अधिक



नवयुवकों और नवयुवतियों को जोड़ें। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सभी को विधायक कार्यालय के ह्वाट्सएप नंबर और टॉल फ्री नंबर की जानकारी दी जाए, ताकि वे अपनी समस्याओं को सीधे संपर्क

**समस्या समाधान में सहयोग का आह्वान**

राय ने कहा कि जमशेदपुर का हर व्यक्ति अपने इलाके का जनसुविधा प्रतिनिधि महसूस करे और जनसुविधा समिति से जुड़े। उनका मानना था कि इस तरह हम सभी मिलकर समस्याओं का समाधान कर सकते हैं और संपर्क, समस्या, समाधान के इस त्रिकोण का हिस्सा बन सकते हैं।

कर सकें। राय ने बताया कि उन्हें मानगो से पेयजल परियोजना और टीएसयुआईएल की पेयजल आपूर्ति को लेकर रोजाना गंभीर शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि मानगो में परियोजना के परिचालन में विभागीय लापरवाही और सुस्ती के कारण कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। बालीगुमा क्षेत्र में 25 लाख रुपये एनएचआई को नहीं देने के कारण भी कठिनाइयां आ रही हैं। विधायक ने बताया कि टीएसयुआईएल द्वारा बस्तीवासियों से अत्यधिक कनेक्शन चार्ज की मांग की जा रही है और न देने पर अवैध कनेक्शन काटने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने खुद इस मुद्दे को टीएसयुआईएल के अधिकारियों के पास उठाया है, लेकिन इसका कोई असर नहीं पड़ा।

### तालाब के गहरे पानी में डूबकर युवक की मौत

**बोकारो।** जिले के जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत भुचुंगडीह के करहरिया तालाब में नहाने के क्रम में प्रदीप रजवार नामक 39 वर्षीय एक युवक की डूबने से मौत हो गई। घटना सुबह 9 बजे की है। मृतक नहाने के क्रम में फिसलकर तालाब के गहरे पानी में चला गया। आसपास के युवकों ने तालाब में कूदकर उसे खोजा, जिसमें 10 मिनट समय लग गया। तब तक वह दम तोड़ चुका था। बांधडीह उत्तरी के मुखिया प्रतिनिधि बलराम तिवारी व अन्य लोग तत्काल उसे जैनामोड़ रेफरल अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर थाना प्रभारी विक्रम सिंह भी पहुंचे और शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। बताया गया कि मृतक प्रदीप मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह अपने पीछे अपनी पत्नी व 9 वर्षीय व 8 वर्षीय पुत्र छोड़ गया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल में कानूनी साक्षरता क्लब का हुआ शुभारंभ




प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**गोमिया।** डीएवी पब्लिक स्कूल तेनुघाट में कानूनी साक्षरता क्लब का वर्चुअल उद्घाटन झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने किया। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज प्रथम सह विद्यालय विधिक साक्षरता क्लब के अधिनायक अनील कुमार, डीएवी तेनुघाट की प्राचार्या स्तुति सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर अनील कुमार ने कहा कि समाज को सही शिक्षा देना, बच्चों को समाज में सतर्क कराना हमारा उत्तरदायित्व बनता है। प्राचार्या स्तुति सिन्हा ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि बच्चों को जागरूक करें, सतर्क रहने की सलाह दें, कानून के आयामों से अवगत कराएं, ताकि उनका चहुंमुखी विकास हो सके।

### शिव मंदिर का वार्षिक महोत्सव आज से

**बोकारो।** सेक्टर 6 डी स्थित बाबा निरंजन नाथ शिव मंदिर का 44वां वार्षिक महोत्सव सोमवार से शुरू हो रहा है। मंदिर के उग्रनाथ झा ने बताया कि महाशिवरात्रि तक चलने वाले इस वार्षिक महोत्सव में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 48 घंटे का अखण्ड हरिनाम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसकी शुरूआत सोमवार को सुबह 8 बजे जल यात्रा से होगी। सोमवार को सुबह 11 बजे से अखण्ड हरिनाम महायज्ञ का शुभारंभ होगा और बुधवार को 12 बजे अखण्ड हरिनाम महायज्ञ की पूणार्हुति होगी। बुधवार को ही अपराह्न 4 बजे से शिव बारात की भव्य झांकी, रात्रि में भगवान शिव व माता पार्वती का शुभ विवाह एवं प्रसाद वितरण के साथ इस महोत्सव का समापन होगा।

## बेकाबू टैंकर ने साइकिल सवार को कुचला, मौत

### मुआवजे की मांग को लेकर लोगों ने घंटों की सड़क जाम

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया गोविन्द मार्केट के पास रविवार दोपहर डेढ़ बजे सड़क दुर्घटना में एक साइकिल सवार की मौत हो गई। अनियंत्रित इंडियन ऑयल के टैंकर ने साइकिल सवार को धक्का मार दिया।

जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक टैंकर छोड़ कर भाग गया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने मृतक के परिजनों को 40 लाख रुपए मुआवजा देने व एक बेटी की शादी का पूरा खर्च व बेटे को नौकरी देने की मांग पर सड़क जाम कर दिया। सूचना पाकर घटनास्थल पर



बालीडीह ओपी प्रभारी परमानंद मेहरा, माराफारी इंस्पेक्टर आजाद खां, चास बीडीओ प्रदीप कुमार, चास सीओ दिवाकर दुबे पहुंचे। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने सड़क जाम कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर हटाने का प्रयास किया, लेकिन वे मांगों को लेकर डटे रहे। जानकारी के अनुसार सुबोध सिंह रोजाना की तरह खाना खाकर साइकिल से दुकान जा रहे थे। रास्ता पार करने के दौरान तेज गति से इंडियन ऑयल के गैस टैंकर ने टक्कर मार दी। मृतक का गोविंद मार्केट में खैनी बेचते थे। मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री हैं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें वाहन की गति तेज दिख रही है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि बालीडीह इंडस्ट्रियल एरिया से निकलने वाले गाड़ियों की स्पीड अधिक होती है। ऐसे में हर वक्त दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

## माइकल जॉन ऑडिटोरियम में गोल्डन एजर जंक्शन का आयोजन

▸ 200 वरिष्ठ नागरिकों ने लिए भाग

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**जमशेदपुर।** हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन ने माइकल जॉन ऑडिटोरियम में चौथा गोल्डन एजर जंक्शन का भव्य आयोजन किया, जिसमें लगभग 200 वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया।

इस मौके पर विभिन्न खेल, प्रश्नोत्तरी, संगीत, नृत्य और गायन कार्यक्रमों ने बुजुर्गों को उमंग और उत्साह से भर दिया। कार्यक्रम के बाद हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन द्वारा




प्रायोजित स्वादिष्ट दोपहर के भोजन का भी सभी ने आनंद लिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण बुजुर्गों द्वारा पुराने गानों पर प्रस्तुत किया गया नाच रहा, जबकि रोटरैक्ट क्लब के युवाओं द्वारा प्रस्तुत नाटक को भी दर्शकों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि जमशेदपुर की एसडीओ शताब्दी मजूमदार, विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता पूरबी घोष और अखिल भारतीय वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष शिवपूजन सिंह ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। फाउंडेशन के संस्थापक प्रवीण श्रीवास्तव ने संगठन की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि कैसे यह संस्था वरिष्ठ नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कार्यरत है। कार्यक्रम में संस्था के निर्देशिका विनीता श्रीवास्तव, ट्रस्टी अरविंद कुमार और मनीष कुंदलिया सहित संस्था के सभी समर्थक उपस्थित रहे। यह आयोजन समाज में बुजुर्गों के प्रति सम्मान और प्रेम को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल साबित हुआ।

### खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद और जनवादी लेखक संघ की काव्य गोष्ठी आयोजित



**बोकारो।** खोरठा साहित्य संस्कृति परिषद, बोकारो और जनवादी लेखक संघ, बोकारो के संयुक्त तत्वावधान में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में कवि प्रदीप कुमार दीपक के वास्तु विहार फेज 2 चीरा चास स्थित आवास पर कवि गोपाल प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित इस बहुभाषी कवि गोष्ठी में कवियों ने मातृभाषा के महत्व पर चर्चा के बाद खोरठा, हिन्दी, मैथिली, मगही में उम्दा काव्य पाठ से सबकी वाहवाही ली। प्रदीप कुमार दीपक ने खोरठा गीत- सोभीन आवा हो मातृभासाक मान बढ़ावा..., शांति भारत ने खोरठा व्यंग्य कविता- दारू में हइ बड़ी मजा, एकर में लंगटो भइ जा हइ राजा.., दीपनारायण गोस्वामी ने खोरठा गीत- कारी बिलइया गे, तोर माथे चमके दीया..., श्याम सुन्दर केवट ने खोरठा गीत- आपन भासा सहज सुन्दर, मायेक कोरें सीखे सब गिदर.., डॉ सुजाता कुमारी ने खोरठा कविता- संघर्ष जारी हइ, आदमी केर आदमी से पहाड़ेक आदमियत से.., डॉ नागेश्वर महतो ने खोरठा कविता, कुमार सत्येन्द्र ने मगही कविता - तू कइसन चुनलें प्रधान, अभियो तो ओकरा पहचान..., अजय यतीश ने थर्ड जेन्डर पर हिन्दी कविता- तुम्हारी आंखों की सूइयां.., अरुण पाठक ने मैथिली में सद्भावना गीत- जाति धर्म के नाम पर नहि बांटू इंसान के... व होली गीत- होली पावनि अछि मनभावन एकरा सभ मिलि संग मनाउ..., गोपाल प्रसाद ने मगही कविता- मगही भासा में सुग्गा भी, कहे कटोरी दीदी भात... सुनाकर सबकी प्रशंसा पाई। कार्यक्रम का संचालन कुमार सत्येन्द्र व धन्यवाद ज्ञापन वसुन्धरा भारती ने किया।

### शिक्षक के निधन पर शोकसभा का आयोजन



**गोमिया।** संडे बाजार स्थित शिशु विकास विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक रूपेश केसरी के असामयिक निधन पर रविवार को शोकसभा आयोजित की गई। इस अवसर पर शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष बृज बिहारी पांडेय, कोयला खदान शिक्षक मोर्चा सीसीएल अध्यक्ष प्यारे लाल यादव, विद्यालय निदेशक राम अयोध्या सिंह एवं तमाम शिक्षकों ने केसरी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा। मौके पर समिति के अध्यक्ष बृज बिहारी पांडेय ने कहा दिवंगत केसरी के अमूल्य योगदानों को भूलाना किसी के लिए भी बहुत मुश्किल काम होगा। उन्होंने सीसीएल अनुदानित शिक्षकों के लिए आपातकालीन स्थिति में सहायता हेतु शिक्षक सहयोग कोष बनाने पर बल दिया। विद्यालय के निदेशक राम अयोध्या सिंह ने कहा कि बच्चों को शिक्षा देकर केसरी ने अहम भूमिका निभाई, जो स्कूल के स्तंभ रहे। मौके पर संतोष कुमार यादव, सत्य नारायण सिंह, अशोक पांडेय, भीम सिंह, आरपी सिंह, जितेंद्र बेसरा, शशि बाला शर्मा, मोहम्मद असलम, कमलवती गुप्ता, रंभा सिंह, नयन कुमार बनर्जी, भावना कुमारी, सैयद सरफराज, संजीव कुमार, शशि शेखर भैरव, ममता सिंह, उमा बर्मन, श्वेता कुमारी, साजेश कुमार मौजूद थे।

### नगर निगम प्रशासन ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



**बोकारो** । चास नगर निगम के इन्फोर्समेंट टीम ने रविवार को अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया। यह अभियान चास के धर्मशाला मोड़ से महावीर चौक होते हुए चंद्रा टॉकीज तक चलाया गया। इस अभियान के तहत दर्जनों सड़क पर अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले सड़क पर जैसे-तैसे वाहन लगाने वालों को हटाया गया। इसके लिए इन्फोर्समेंट टीम को भारी मशक्कत करनी पड़ी। अपर नगर आयुक्त संजीव ने इन्फोर्समेंट टीम को आदेश दे रखा है कि किसी भी सूरत में सड़क किनारे अतिक्रमण नहीं होना चाहिए। इससे आमलोगों को परेशानी होने के साथ ही दुर्घटना की संभावना बढ़ी रहती है। इस मौके पर नगर निगम के इन्फोर्समेंट टीम के सदस्य अनूप टोपनो, प्रवीन कुमार, मनीष कुमार हाजरा, शैलेश कुमार, बंटी पाठक, शिव शंकर सिन्हा एवं संतोष कुमार सिंह इस अभियान में शामिल थे।

## संत गाडगे के जन्मदिवस पर फेडरेशन ने चलाया सफाई अभियान

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** स्वच्छता के जनक, महान समाज सुधारक, महामानव संत गाडगे महाराज जी के जन्मदिन के अवसर पर सेल एससी एसटी इम्पलाईज फेडरेशन बोकारो यूनिट की ओर से सेक्टर 4 डी स्थित अंबेडकर मैदान, अंबेडकर प्रतिमा स्थल एवं बुद्ध विहार के आसपास केंद्रीय कमेटी अध्यक्ष सह- बोकारो यूनिट के अध्यक्ष एमके अभिमन्यु के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

सफाई अभियान के पूर्व वक्ताओं ने कहा कि संत गाडगे महाराज जी सामाजिक समान्ता एवं शिक्षा के लिए बहुत से अच्छा संदेश और हमारे लिए बहुत कुछ छोड़ गए। उनका कहना था कि पैसा की तंगी



हो तो खाने के बर्तन बेच दो, लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाओ। अपने जीवन में उन्होंने कई गौशाला, कई चिकित्सालय और कई विद्यालय बनाये। उन्होंने अपने खुद गली-गली में घूमकर साफ सफाई की। गीत, कविता और दोहा के माध्यम से लोगों को जागरूक किया करते थे। वक्ताओं ने उनके जन्मदिन के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाने और उनकी सोच के तहत पूरे देश में विद्यालय और चिकित्सालय खोलकर उनका निजीकरण बंद करने की मांग की, ताकि आम लोगों को एक अच्छी चिकित्सा और अच्छी शिक्षा मिल सके। सफाई अभियान में महासचिव रवींद्र महली, इंदल पासवान, वीरेंद्र कुमार, महेश पासवान, शंकर राम, अयांश कुमार रैना, संजय कुमार, ऋषि देव पासवान, मन्जी राम, सुनील कुमार रैना, सुरेश पासवान, राजू राम, विजय कुमार, अरुण कुमार, बादशाह महतो, धर्मा पासवान, ए मुंडा, आर चौधरी, एस मांझी, यू चौधरी, एस मुर्मू आदि शामिल थे।

## अधिवक्ता एकता के आगे सरकार को झुकना पड़ा : रणजीत गिरि

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स ने देश भर के अधिवक्ताओं को ऐतिहासिक जीत की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि देश भर के 27 लाख अधिवक्ता की एकता के आगे केंद्र सरकार को झुकना पड़ा, जिसका नतीजा है कि अधिवक्ता संशोधन विधेयक, 2025 को बिना शर्त के वापस लेना पड़ा।

इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने कहा कि पूरे देश भर के अधिवक्ता संगठनों, खासकर इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स द्वारा किए गए संगठित आंदोलन और मजबूत विरोध के फलस्वरूप सरकार को अधिवक्ता संशोधन विधेयक वापस लेना पड़ा। यह अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता और न्याय प्रणाली की निष्पक्षता बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण जीत है। उन्होंने सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए भविष्य में ऐसे किसी भी कानून को लागू करने से पहले अधिवक्ता समुदाय से व्यापक परामर्श किये जाने पर जोर दिया। इस अवसर पर अधिवक्ता अतुल कुमार, रंजन कुमार मिश्रा, संजय कुमार प्रसाद, दीपिका सिंह, अंकित ओझा, प्रेरणा पांडेय, अंजनी चौधरी, चंदन कुमार, राज श्री, ओम प्रकाश लाल, अखिलेश कुमार, रामावती कुमारी, महीतोष मंडल, अरूप चक्रवर्ती, पंकज बंसल, संदीप पूर्ति, रवि कुमार समेत सैकड़ों लोगों ने जश्न मनाया।

# बिस्को क्रिकेट प्रतियोगिता में बैंक ऑफ इंडिया बना चैंपियन

▸ एलआईसी को उपविजेता का खिताब

प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि

**बोकारो।** बैंक इंश्योरेंस स्पोर्ट्स एंड कल्चर ऑर्गेनाइजेशन (बिस्को) द्वारा आयोजित किए जाने वाले सामाजिक सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संबंधी आयोजनों की कड़ी में रविवार को सेंट जेवियर्स स्कूल मैदान में दो दिवसीय बिस्को क्रिकेट टूनामेंट का समापन हुआ।

टूनामेंट में कुल 8 टीमों ने भाग लिया। चार-चार टीमों का दो ग्रुप बनाया गया एवं दोनों ग्रुप में राउंड रोबिन पद्धति से कुल 12 मैच खेले गए। तदुपरांत दोनों ग्रुप से सर्वोत्तम एक-एक टीम फाइनल में पहुंची, जिसका फाइनल मैच रविवार को खेला गया। अंत में फाइनल मुकाबला बैंक ऑफ इंडिया बनाम भारतीय जीवन बीमा निगम के बीच



हुआ, जिसमें बैंक ऑफ इंडिया की टीम 6 विकेट से जीत हासिल कर इस बार के बिस्को क्रिकेट टूनामेंट की चैंपियन बनी, जबकि भारतीय जीवन बीमा निगम को उपविजेता का खिताब हासिल हुआ। टूनामेंट में मैन ऑफ द टूनामेंट एवं बेस्ट बैट्समैन का खिताब प्रवीण सिंह, बैंक ऑफ इंडिया को मिला, बेस्ट बॉलर मिथुन, बैंक आफ इंडिया रहे, क्षेत्र आरक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बैंक ऑफ इंडिया के मुन्ना कुमार को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक चुना गया। सर्वश्रेष्ठ विकेट कीपर के रूप में पंजाब नैशनल बैंक के अखिलेश कुमार को चुना गया। बेस्ट मैच कमेंट्री के लिए राजीव कुमार भारद्वाज भारतीय स्टेट बैंक, सुबोध रजक, पंजाब नेशनल बैंक एवं मनोज कुमार, जनरल इंश्योरेंस कंपनी को भी पुरस्कृत किया गया। टूनामेंट का शुभारंभ भारतीय जीवन बीमा निगम के मुख्य प्रबंधक अजीत शंकर पांडेय एवं महासचिव राघव कुमार सिंह ने किया। कुल 8 टीमों में बैंक ऑफ इंडिया, भारतीय जीवन बीमा निगम के अतिरिक्त भारतीय स्टेट बैंक, केनरा बैंक, पंजाब नैशनल बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा, इंडियन बैंक एवं जनरल इंश्योरेंस कंपनी की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच के अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक प्रबंधक अश्विनी कुमार मित्तल, पंजाब नैशनल बैंक के मंडल प्रमुख राजेश श्रीवास्तव, बिस्को के कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धेश नारायण दास, उपाध्यक्ष मनोज कुमार उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष नारायण दास ने कहा कि बिस्को निरंतर ही खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर अपने सभी सदस्यों के बीच एक दूसरे को जोड़ने का काम करती रहती है। साथ ही, समाज में भी इस प्रकार के आयोजन के लिए प्रेरणा का काम करती है। बिस्को जहां क्रीड़ा और सांस्कृतिक आयोजनों को करती है, वहीं सामाजिक कार्यों में भी सदैव अग्रणी रहती है। फाइनल मैच के उपरांत खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बिस्को महासचिव राघव कुमार सिंह ने सभी टीमों की खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि बिस्को इस खेल के माध्यम से बिस्को के घोष वाक्य चिरायुर्वे सख्यम को बैंक और बीमा कर्मियों के बीच चरितार्थ करते हुए जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करती है। टूनामेंट के सफल आयोजन में मुख्य रूप से महासचिव राघव कुमार सिंह के साथ उप महासचिव रामाशीष सिंह, विभास कुमार झा, क्रीड़ा सचिव अवधेश कुमार, कोषाध्यक्ष दीप नारायण, सहायक महासचिव अवधेश प्रसाद, राजेश कुमार ओझा, विनोद कुमार सिन्हा, सुबोध कुमार रजक, सितारे अहमद, रवि रंजन, अरुण कुमार के साथ अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। टूनामेंट के सभी मैचों में अम्पायरिंग एवं ऑफिशल की भूमिका में रूपेश कुमार एवं उनके सहयोगी का अहम योगदान रहा।

# विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र



रमेश सर्राफ धमोरा

**देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके।**

देश में हम आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 37 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है।

देश में भगदड़ में मरने वालों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके।

भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। भगदड़ प्रायः भीड़ भरे इलाको में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक सन 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इन दुर्घटना को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है।

भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह पर जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है। भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है।




इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो ह्यफोर्सेज का ट्रांसमिशनह्व यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़-भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है।

ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे।

3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी. ।14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी।

13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी।


इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ के कारण कई बड़ी दुर्घटना हो चुकी है। 28 सितंबर 2002 को लखनऊ में बसपा की रैली से वापस घर लौटते समय ट्रेन की छत पर चढ़ने से चार लोगों की करंट लगने से मौत हो गई थी। 13 नवंबर 2004 को नई दिल्ली स्टेशन पर छठ पूजा के दौरान बिहार जाने वाले ट्रेन का प्लेटफार्म अचानक बदलने से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पर मची भगदड़ में चार यात्रियों की मौत हुई थी। 03 अक्टूबर 2007 को मुगल सराय जंक्शन पर भगदड़ मचने के कारण 14 महिलाओं की मौत हो गई थी। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेला के दौरान रेलवे जंक्शन पर भगदड़ मचने से 38 लोगों की मौत हो गई थी। 29 सितंबर 2017 के दिन मुंबई के एलफिंस्टन रेलवे स्टेशन में बने फुटओवर ब्रिज पर भगदड़ मचने के कारण 22 लोगों की मौत हुई थी।

हमारे देश में आए दिन जगह-जगह बड़े-बड़े धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व अन्य कई प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। जिनमें हजारों-लाखों लोग शामिल होते हैं। ऐसे ही कार्यक्रमों में जरा सी लापरवाही भगदड़ का कारण बन सकती है। ऐसे में यदि कार्यक्रम के आयोजक सावधानी बरतते हुए भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करें तभी किसी तरह की दुर्घटना होने से बचा जा सकता है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन व प्रयागराज के महाकुंभ में भी जो भगदड़ की स्थिति पैदा हुई है उसमें प्रशासनिक चूक रही है। एक स्थान पर अधिक भीड़ इकट्ठी होने पर यदि प्रशासन के अधिकारी सतर्कता बढ़ाते तो ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता था। आगे भी सरकार को चाहिए कि ऐसे किसी भी बड़े आयोजनों के लिए और अधिक पुख्ता व्यवस्था करें। देश में आपदा राहत बल को भी अधिक सशक्त किया जाये ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

## संपादकीय

### इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर

उप्र की योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए आठ लाख करोड़. का सबसे बड़ा बजट पेश किया। इसकी खासियत इंफ्रास्ट्रक्चर, गरीब, युवाङ्क किसान, महिलाएं, धार्मिक पर्यटन रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने पर्यटन स्थलों के लिए 400 करोड़.रुपये प्रस्तावित किए। अयोध्या व मथुरा के लिए क्रमशः 150-125 करोड़.रुपये तथा नैमीषारण्य के लिए सौ करोड़.की व्यवस्था प्रस्तावित है। मलिन बस्तियों के विकास के लिए 400 करोड़.व अर्बन फ्लड़ स्टार्म वाटर ड्रेनेज योजना को हजार करोड़, स्मार्ट सिटी योजना को 450 करोड़, बेसहारा पशुओं के आश्रय के लिए 450 करोड़.रुपये का ऐलान किया। देश के अन्य राज्यों की खुद के कर प्राप्तियों में उप्र का अंश 2024-25 में 11.6प्र. रहा, जो महाराष्ट्र के बाद सर्वाधिक है। चूंकि जनवरी 24 से दिसम्बर 24 के दरम्यान राज्य में 65 करोड़.से ज्यादा पर्यटक आए। जिनमें विदेशी पर्यटकों की संख्या 14 लाख बताई जा रही है। इसी माह केवल महाकुंभ के दौरान प्रयागराज आने वालों की संख्या 54 करोड़. आंकी जा रही है। इस सबसे सरकार को होने प्राप्त वाले जीएसटी, राजस्व व अन्य करों का सहज



अंदाजा लगाया जा सकता है। मंदिरों को चढने वाले चढावे में राम मंदिर तीसरे स्थान पर आ चुका है। ऊर्जा, लिंक-एक्सप्रेस-वे, सड़कों व पुलों के निर्माण के लिए बजट में विशेष प्रावधान करने के पीछे सरकार की मंशा आम नागरिक को प्रभावित करने की भी है। हालांकि कृत्रिम मेधा व साइबर सुरक्षा को 5 व 3 करोड़.रुपये देने के ऐलान ने स्पष्ट किया कि सरकार कुछ मामलों में सिर्फ खानापूर्ति कर रही है। इन आठ सालों में सड़कों की स्थिति बेहतर हुई है, मगर सरकार के पास वाहनों के लगातार बढ़ते दबाव व सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की कोई स्कीम नहीं है। सड़कों, एक्सप्रेस-वे, पुलों व मेट्रो के निर्माण के चलते शहरों/महानगरों की व्यवस्था चरमरा जाती है। शिक्षा-व्यवस्था, छात्रों व बेरोजगारों के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए सरकार को बेहतर कदम उठाने होंगे। हर सेक्टर को धन मुहैया कराने की आंकड़ेब्राजी तो बस रवायत है। इसका असर निचले स्तर पर व्यावहारिक तौर पर नजर भी आना जरूरी है। ?

## चिंतन-मनन


### दुःखी होने की बजाय दुख का उपचार करें

लोगों से अपने सुना होगा कि संसार में दुःख ही दुःख है। असफलता मिलने पर कई बार आप भी यही सोचते होंगे, जबकि वास्तविकता इससे भिन्न है। संसार में दुःख इसलिए है क्योंकि संसार में सुख है। अगर सुख नहीं होता तो दुःख का अस्तित्व भी नहीं होता है। ईश्वर हमें दुःख की अनुभूति इसलिए करवाता है ताकि हम सुख का एहसास कर पाएं, सुख के महत्व को समझें। श्रीमद्भागवद् में कहा गया है कि हमारा हर कर्म सुख पाने के लिए होता है। इसके बावजूद भी जीवन में कई बार हमें दुःख और कष्ट की अनुभूति होती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि सुख और दुःख धूप-छांव एवं दिन और रात की तरह हैं। हम चाहें न चाहें दुःख को आना है। भगवान राम, श्री कृष्ण, बुध और महावीर को भी दुःख उठाना पड़ा। लेकिन इन महापुरूषों ने दुःख को गले लगाकर नहीं रखा बल्कि दुःख का उपचार किया।

दुःख रात के समान है। रात के अंधेरे को दूर करने के लिए सूर्य जिस तरह निरंतर प्रयास करता रहता है और नियत समय पर रात के अंधकार को पराजित करके दिन का प्रकाश ले आता है, इसी तरह हमें भी दुःख को दूर करने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। दुःख से दुःखी होकर बैठने से दुःख और बढ़ता है लेकिन जब हम समाधान के लिए प्रयास करने लगते हैं तो दुःख का अंधेरा छंटने लगता है।

दुःख से हम जितना डरते हैं दुःख हमें उतना ही डराता है। अगर कोई यह सोचता है कि मृत्यु के बाद दुःख का अंत हो जाता है तो गरूड़ पुराण उसे जरूर पढ़ना चाहिए। गरूड़ पुराण में मृत्यु के बाद प्राप्त होने वाले कष्टों का वर्णन किया गया है। मृत्यु के बाद जीव को और भी कष्ट उठाना पड़ता है क्योंकि वहां तो शरीर भी नहीं होता है जिससे अपने दुःख का उपचार किया जा सकता है। सीता का हरण करके रावण ने राम को दुःख दिया। राम जी ने धैर्य से काम लिया और रावण जो उनके कष्ट का कारण था उसका पता लगाकर उसका अंत किया। पाण्डवों का सारा राज्य कौरवों ने छल से छीन लिया। पाण्डव अगर हाथ पर हाथ रखकर बैठ जाते और दुःख का उपचार नहीं करते तो इतिहास में उनकी वीरता और साहस का बखान नहीं मिलता। इसलिए दुःख से दुःखी होने की बजाय दुःख का उपचार करना चाहिए।

# अश्लीलता एक बहाना, सोशल मीडिया पर है रोक लगाना



सनत जैन





डिजिटल सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर अश्लीलता और हिंसा दिखाए जाने की शिकायतों को लेकर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय जल्द ही सोशल मीडिया पर नकेल कसने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए सरकार नया कानून बनाने जा रही है। इस बार सरकार को कोर्ट का भी सहारा मिलने जा रहा है। रैना के यूट्यूब कार्यक्रम इंडियाज गोट लेटेंट में रणवीर इलाहाबदिया की अभद्र टिप्पणियों को लेकर देशभर में इस तरह के कार्यक्रमों पर रोक लगाने की बात की जा रही है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर जिस तरह से अश्लील वीडियो अपलोड किए जा रहे हैं, उसको लेकर भी आम जनता में रोष है। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय ने अश्लीलता और हिंसक वीडियो को रोकने के लिए केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। सरकार के लिए यह मौका है, जब सोशल मीडिया को नियंत्रित करने के लिए कानून को अपनी मनमर्जी से पास करा सकती है। इसके पहले भी सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर सेंसरशिप लगाने के प्रयास किए गए थे। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर नियंत्रण को लेकर विरोध के कारण सरकार को तब सफलता नहीं मिली थी। अब खुद न्यायालय द्वारा सरकार से सोशल मीडिया के इस तरह के प्लेटफार्म पर कानून बनाने और उस पर नियंत्रण करने की बात कही गई है। इससे केंद्र सरकार को एक नया मौका मिल गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यह मामला संसदीय समिति की ओर भेज कर समाज में बढ़ रही हिंसा, यूट्यूब, गूगल, इंस्टाग्राम, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया के प्लेटफार्म के लिए कानून बनाने के लिए समिति से सलाह मांगी है। सोशल मीडिया के जरिए किस तरह से संवैधानिक अधिकारों का दुरुपयोग किया जा रहा है, इसको रोकने के लिए कानून में क्या प्रावधान किए जाएं? इसको लेकर सरकार का सूचना प्रसारण मंत्रालय सक्रिय हो गया है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म में हो रहीं सरकार की आलोचनाओं तथा सोशल मीडिया में आम नागरिक पत्रकार बनकर वीडियो डालकर जो सत्य उजागर कर रहा है। इससे सरकार और प्रशासन की मुश्किलें बढ़ रही हैं। सरकार सोशल मीडिया पर सबको रोकना चाहती है। हाल ही में महाकुंभ और दिल्ली की रेलवे स्टेशन में जो भगदड़ की घटनाएं हुई हैं। नागरिकों ने घटना के जो वीडियो बनाए थे। वह सोशल मीडिया में डाल दिए। जिसके कारण केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और रेल मंत्रालय को आलोचनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। जवाबदेही भी तय होने लगी है। पिछले एक दशक में इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया को सरकार ने पूरी तरह से अपने नियंत्रण में ले लिया है। सोशल मीडिया पर सरकार कोई नियंत्रण नहीं बना पा रही है। सरकार को लग रहा है, इससे अच्छा मौका दोबारा नहीं मिलेगा। इस समय सुप्रीम कोर्ट में रणवीर इलाहाबदिया की अवैध टिप्पणियों को लेकर जन मानस में रोष है। सुप्रीम कोर्ट भी नाराज है। ऐसी स्थिति मे सरकार जो कानून बनाने जा रही है, उसके बारे में कहा जा रहा है कि सरकार सोशल मीडिया में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को नियंत्रित करने के लिए, इस तरह के प्रावधान लेकर आ रही है। जिसमें नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सरकार के नियम और कानूनो के अधीन हो। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आम नागरिकों को नियंत्रित किया जा सके। सरकार की मर्जी से डिजिटल प्लेटफॉर्म पर वही उपलब्ध हो जो सरकार चाहती है। बहरहाल इस बार रणवीर इलाहाबादियां ने डिजिटल प्लेटफॉर्म को नियंत्रित करने के लिए सरकार के लिए एक नया रास्ता खोल दिया है। सरकार को लगता है कि इस बार डिजिटल बिल को लेकर न्याय पालिका का संरक्षण सरकार को मिलेगा। जिस तरह से मैन स्ट्रीम मीडिया में सरकार के खिलाफ कुछ भी उजागर नहीं किया जाता है। मेन स्ट्रीम मीडिया पर सरकार ने पूरी तरह से नियंत्रण कर चुकी है। वही स्थिति आगे चलकर सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म की ना हो जाए। यह आशंका गहराने लगी है। रेल मंत्रालय ने सोशल मीडिया एक्स और यूट्यूब पर जो वीडियो दिल्ली रेलवे स्टेशन की भगदड़ के हैं, उन्हें कानून व्यवस्था की स्थिति का आधार बनाकर वीडियो हटाने के निर्देश दिए हैं। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर नकेल कसने के लिए केंद्र सरकार जो नया कानून लाने जा रही है। उसके लिए सभी को सजग रहने की जरूरत है। हुआ- हुआ, या कौवा कान ले गया, के चक्कर में कहीं हमारी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता समाप्त न हो जाए। इस बात पर ध्यान रखने और सजग रहने की जरूरत है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

# वैश्विकी : ट्रंप का तूफानी एक महीना



डॉ. दिलीप चौबे




अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल को अभी केवल एक महीना हुआ है, लेकिन इसी अवधि में लगता है कि दुनिया में बहुत कुछ बदल गया है।

इस नये कार्यकाल की शुरूआत में ट्रंप प्रशासन ने जो फैसले किए हैं उससे अमेरिका की घरेलू राजनीति और अंतरराष्ट्रीय राजनीति का नक्शा बदल रहा है। सब कुछ इतनी तेज रफ्तार से हो रहा है कि अमेरिका के मित्र और सहयोगी देश सकते में हैं। विरोधी देश भी आशंका के साथ ट्रंप के अगले कदम का इंतजार कर रहे हैं।

पहले कार्यकाल की तुलना में इस बार ट्रंप के पास एक मजबूत कैबिनेट या टीम है। उन्होंने जिन लोगों को सहयोगी के रूप में चुना है उन्हें लेकर काफी विवाद की स्थिति रही। पहले यह लग रहा था कि राष्ट्रीय खुफिया प्रमुख के रूप में तुलसी गबार्ड और संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के प्रमुख के रूप में काश पटेल की नियुक्ति को सीनेट खारिज कर सकती है। इन सारे विरोध के बावजूद इन दोनों व्यक्तियों की नियुक्ति पर सीनेट की मुहर लग गई। यह कहा जा सकता है कि ट्रंप की विदेश नीति के निर्धारण में तुलसी गबार्ड की भूमिका महत्त्वपूर्ण होगी। तुलसी बार-बार यह कह चुकी हैं कि ट्रंप शांति के पक्षधर राष्ट्रपति होंगे। वह नया युद्ध शुरू करने के बजाय मौजूद संघर्ष को समाप्त करने के लिए निर्णायक पहल करेंगे। यूक्रेन संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका रूस के बीच वार्ता भी इसी लक्ष्य से प्रेरित है। इस संदर्भ में ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को लेकर जैसा उपहास किया हुआ वह उनकी चिर-परिचित शैली के अनुरूप है। लेकिन यह निश्चित है कि शुरू आती दौर में ही ट्रंप ने अपनी विदेश नीति के रूपरेखा तय कर दी है।

यदि यह जारी रही तो दुनिया पहले की तुलना में अधिक शांतिपूर्ण और स्थिरता वाली होगी। आश्चर्यजनक रूप से ट्रंप चीन के खिलाफ भी संयत रवैया अपनाए हुए हैं। अमेरिका में शक्तिशाली से सैन्य उद्योग और हथियारों के कारोबारी ट्रंप की नीतियों के संदर्भ में अपने नफा-नुकसान का लेखा-जोखा ले रहे हैं। वे ट्रंप को अपना रास्ता बदलने के लिए बाध्य कर सकेंगे या नहीं यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। घरेलू मोर्चे पर हालात दुरुस्त करने की जिम्मेदारी काश पटेल पर है। उन्हें डोनाल्ड ट्रंप का बाहुबली माना जाता है। उनकी तुलना अभी से एफबीआई के ह्यसर्वशक्तिमानह्व प्रमुख एडगर हूबर से की जा रही है। हूबर करीब 50 वर्षो तक खुफिया एजेंसी के प्रमुख रहे थे। उनके कार्यकाल के दौरान 6 राष्ट्रपति आए और गए। हूबर इतने शक्तिशाली थे कि राष्ट्रपति भी उनसे खौफ खाते थे। काश जैसे कम उम्र और कम अनुभवी व्यक्ति की तुलना हूबर से किया जाना बहुत कुछ बयां करता है। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ही नहीं बल्कि रिपब्लिकन पार्टी के असंतुष्ट नेता भी काश पटेल से भयभीत हैं। इतना ही नहीं सीएनएन और वाशिंगटन पोस्ट जैसे मीडिया संस्थानों के नामी-गिरामी पत्रकार भी चिंतित हैं। काश पटेल पहले ही यह ऐलान कर चुके हैं कि ट्रंप के खिलाफ दुष्प्रचार करने वाले मीडिया संस्थानों और पत्रकारों की खबर ली जाएगी। लेकिन भारत के लिए काश की नियुक्ति एक अच्छी बात है। जेहादी और खालिस्तान समर्थक अमेरिका को सुरक्षित पनाहगाह के रूप में इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे आतंकवादियों को नया ठिकाना ढूंढना होगा।

भारत की घरेलू राजनीति में विदेशी हस्तक्षेप के संबंध में ट्रंप के हालिया बयानों को लेकर राजनीतिक भूचाल सा आ गया है। एलन मस्क की अगवाई वाले सरकार दक्षता विभाग (डीओजीई) ने भारत की चुनाव प्रक्रिया में दखलअंदाजी करने के लिए करीब 180 करोड रु पये का आवंटन किए जाने का खुलासा किया है। ट्रंप ने यह चौंकाने वाला बयान दिया कि यह धनराशि मोदी के बजाय किसी अन्य व्यक्ति को चुनाव जिताने के लिए थी।

ट्रंप के इस बयान का प्रतिवाद करने के लिए अमेरिका की मीडिया में रिपोर्ट प्रकाशित की जा रही हैं। लेकिन ट्रंप बार-बार अपने इस बयान को दोहरा रहे हैं। ट्रंप ने यह भी कहा कि बांग्लादेश की राजनीति को प्रभावित करने के लिए करीब 3 करोड़ डॉलर निर्धारित किए गए। बांग्लादेश में क्या हुआ यह दुनिया के सामने है। विदेशी पैसे के बलबूते तीसरी दुनिया के देशों में अमेरिका ऐसा खेल खेलता रहा है। लगता है ट्रंप टीम इस पर विराम लगाना चाहती है।

# महासिबरात्रि के लेइ के करल गेलक हरदी मेहंदी कर रस्म







- पहाड़ी बाबा कर फूल से भव्य श्रृंगार करल गेलक
- श्री दुर्गा जागरण मंडली भक्ति गीत पेस करलयं
- महासिबरात्रि में शिव बारात पहिले निकालल जाई

**रांची।** श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) पहाड़ी मंदिर कर महाकाल मंदिर में महासिबरात्रि के लेइ के हरदी मेहंदी रस्म कर आयोजन करलक। ई मौका में पहाड़ी बाबा कर फूल से भव्य श्रृंगार करल गेलक। हरदी कर रस्म कर दौरान भगवान शिव के सउबसे पहिले हरदी आउर तेल कर लेपन आउर तिलक करल गेलक। इकर बाद उनके स्नान कराय के नवा लुगा पिन्धाल गेलक। उनके पीला फूल से सजाल गेलक। इकर संगे मंदिर में आवल भक्तमन भी भगवान कर हरदी रस्म में सामिल होय के एक दूसर के भगवान कर प्रसाद रूपी हरदी भी चढ़ालयं। संगे हरदी कर रस्म कर बाद मंदिर में भगवान सिब कर संगीत भी होलक। महिलामन 'बात मोरी बिगड़ी बनाई दे, मोर भंगिया का मनाई दे ओ भेरो नाथ...' आउर 'शिव शंकर को जिसने पूजा उसका ही उद्धार हुआ, अंत काल को भवसागर में उसका बेड़ा पार हुआ...' भजन गाय के भगवान सिब कर संगीत रस्म के निभालयं। इकर बाद पहाड़ी बाबा कर भव्य आरती करल गेलक, जेकर में सैकड़ो महिला आउर पुरुस सम्मिलित रहयं।

आइज कर कार्जकरम कर मुध आकरसन श्री दुर्गा जागरण मंडली रहे। श्री दुर्गा जागरण मंडली कर ज्योति अरोड़ा, शशि किंगर, कौशल्या देवी, पूनम तलेजा ने 'भोले शंकरा तेरी क्या ही बात है, दूर हो के भी तू साथ है...' और 'मेरा भोला है भंडारी करे नंदी की सवारी भोले नाथ रे ओ शंभू नाथ रे....' जैसन ढेइरे भक्ति गीत गाय के भक्तमन के खूब झूमालयं।

श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर मुध दूरा कर संस्थापक नन्द किशोर सिंह चंदेल आऔर अध्यच्छ गुलशन मिढ़ा बतालयं कि 26 फरवरी के महासिबरात्रि कर दिन पहाड़ी बाबा कर मुध दूरा से सहर कर सउबसे पहिल सिब बारात निकालल जाई। ऐतिहासिक झांकी निकालल जाई। ई झांकी में जे स्वरूप बइन हे, उकर चर्चा झारखंड ही नई गोटा भारत में होवी।

मेहंदी हरदी कर कार्जकरम में संस्थापक नन्द किशोर सिंह चंदेल, मुख्य संयोजक ललित ओझा, राजू काठपाल, अध्यच्छ गुलशन मिड्ढा, संजय जायसवाल, कार्जकारी अध्यच्छ नरेश मक्कड़ नेशु, महासचिव जीतू अरोड़ा, रिंकू, राजु सिन्हा, मोनू शर्मा, विनय सिंह, अजित सिंह, मोहन गोस्वामी, प्रिया बर्मन, वीणा श्री, अंजना प्रियदर्शनी, वीणा सिंह, विनीता, अर्चना झा, मोनिका, सोनी, गायत्री, नीलू सिंह, रीना सिंह, वीणा सिंह सामिल होलयं।

इकर अलावा अंजना, प्रियदर्शनी, समर्पणा सिंह, अर्चना झा, विनीता देवी, शीला, संगीता सिन्हा, रीता सेन, मोनिका, सोनी, शालू, नीलम, मंजुला, ममता मिश्रा, नीतू सिंह, रीता सेन, श्वेता सिन्हा, मोनिका प्रसाद, काजल, ऐश्वर्या, संगीता, कान्ता देवी अरोड़ा, रीया, पायल, सीमा हेंब्रम, सुमन किस्कू, श्रेया, रीया, दीप, आनंदी, वीणा सिंह, किरण देवी, शीतल गुप्ता, परिणीता देवी, गोलू संगे आउरोंमन सामिल होलयं।



# सउब अदमीमन के जागरूक कइर हे ससक्त बनाल जाए सकेला : सुजीत

- झारखंड कर सउब डीएवी इस्कूल में खुललक विधिक साछरता क्लब

सोनू सपवार




**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झारखंड कर सउब डीएवी इस्कूलमन में विधिक साक्षरता क्लब कर भर्चुअल उद्घाटन 23 फरवरी के करलक। ई कार्जकरम कर सुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कइर के झारखंड उच्च न्यायालय कर न्यायाधीस आउर झालसा कर कार्जकारी अध्यच्छ न्यायाधीस सुजीत नारायण प्रसाद, न्यायाधीस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव आउर अन्य गनमान्य झालसा इस्थित न्याय सदन से करलयं।

ई अवसर में झारखंड उच्च न्यायालय कर रजिस्ट्रार जनरल, रजिस्ट्री कर अन्य पदाधिकारी, डीएवी संस्थान कर सहायक छेत्रीय अधिकारीगन, इस्कूल कर प्रधानाचार्य आउर प्रमुख, डालसा कर सचिव, पीएलवी, छात्र-छात्रामन, गनमान्य गोतिया, बैरिस्टर केया सेन आउर पल्लव आचार्जी संगे अन्य, उपस्थित रहयं। झारखंड कर सउब 72 गो डीएवी इस्कूलमन में विधिक साछरता क्लब कर भर्चुअल उद्घाटन करल गेलक। राइज अस्तरीय चित्रकला आउर निबंध प्रतिजोगिता कर बिजयी बिद्यार्थीमन आउर अन्य के सम्मानित करल गेलक। झालसा कर 'प्रोजेक्टु सुरक्षा' कर सुभारंभ करल गेलक, जे डायन प्रथा आउर जादू-टोना कर सिकार महिलामन आउर पीड़ितमन के नेयाय दिलायेक ले प्रभावी पहल हेके।

इन 72 गो नवा विधिक साछरता क्लब कर अस्थापना से झारखंड में विधिक साछरता अभियान के आउर बेसी बल मिली। इकर से छात्रमन के जिम्मेदार नागरिक बनेक आउर समाज ले सार्थक जोगदान देवेक कर एक ससक्त मंच मिली। विधिक जागरूकता फैलायेक में सामूहिक सहायता करबयं।

संगे, झालसा कर प्रोजेक्ट सुरछा डायन प्रथा जैसन कुप्रथामन कर खिलाफ लड़ेक ले प्रभावी समाधान प्रस्तुत करी। ई गांव, आदिवासी इलाका आउर दूरदराज कर छेतर में ई कुप्रथा के रोकेक में मदइत करी। पीड़ितमन के तत्काल कानूनी आउर अन्य सहायता दिलायेक में सहायक सिद्ध होवी।

ई अवसर में न्यायाधीस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव कहलयं कि विधिक साछरता के सुसुप्ता अवस्था से जागृत करेक कर काम न्यायाधीस सुजीत नारायण प्रसाद करलयं। ऊ कहलयं कि विधिक साछरता क्लब कर उद्देस वंचित छउवामन के एगो मंच उपलब्ध करायेक आउर उनके मुख्यधारा में लानेक हय। ई मंच कर माध्यम से छउवामन आपन आसपास कर समस्या के रइख सकयंना। उनकर समाधान प्राप्त कइर सकयंना।

सभा के संबोधित करते न्यायाधीस सुजीत नारायण प्रसाद कहलयं कि इस्कूलमन में विधिक साक्षरता क्लब कर अस्थापना करेक नालसा कर उद्देस आहे। इके झालसा आगे बढ़ाय हे। हमिन ना खली एक इया दू बल्कि सउब डीएवी इस्कूलमन में इकर अस्थापना करेक कर बारे में सोचली। इकर मुध उद्देस सुदूर छेतर में भी विधिक साछरता क्लब कर अस्थापना करेक हय। ऊ कहलयं कि राइज तब तक बिकास नई कइर सकेला जबतक कर सुदूर छेत्र कर बिकास नई होई। अगर अदमीमन के जागरूक नई करल जाई तो उनके ससक्त नई बनाल जाए सकेला। उक्त कार्जकरम में सोवागत झालसा कर सदस्य सचिव कुमारी रंजना अस्थाना आउर धन्यवाद डालसा कर उप सचिव अभिषेक कुमार देलयं।



## बीआईटी मेसरा फैकल्टी क्रिकेट : डिफेंडिंग चैंपियन आउर रॉयल चैलेंजर्स सेमीफाइनल में




**रांची।** बीआईटी मेसरा में चलेक वाला प्रोफेसर सीताराम शर्मा मेमोरियल ट्रॉफी फैकल्टी क्रिकेट लीग-2025 में डिफेंडिंग चैंपियन आउर रॉयल चैलेंजर्स पोलिस्ट्राइकर्स कर टीम सेमीफाइनल में पहुइंच जाए हे।

ग्रुप बी में रॉयल चैलेंजर्स पॉलीस्ट्राइकर्स आउर कंप्यूटर सुपर किंग्स कर बीच मैच खेलल गेलक। टॉस रॉयल चैलेंजर्स पोलिस्ट्राइकर्स कर कैप्टन चंचल टॉस जीतलयं आउर पहिले फील्ड करेक कर फैसला करलयं।

कंप्यूटर सुपर किंग्स 12 ओभर में 6 बिकेट खोय के 71 रन बनालयं। श्रीधर 13, रजनीश 15, चिरंजवी 14 रन बनालयं।

जबाब में रॉयल्स बेस सुरुआत करलयं, मुदा 3 गो रनआउट कर संगे नियमित बिकेट में बिकेट खो देलयं। रॉयल चैलेंजर्स 11.4 ओभर में 6 बिकेट खोय के 72 रन बनालयं। चंचल 19, अजय 13, आकाश 12 आउर अलोक 14 रन बनालयं। रॉयल्स जीत दर्ज करलयं। अलोक रंजन के मैन ऑफ द मैच घोसित करल गेलक।

कंप्यूटर सुपर किंग्स आउर इलेक्ट्रोब्लास्टर्स कर बीच अगला मैच ग्रुप बी कर दूसर सेमी फाइनलिस्ट के तय करेक ले 26 फरवरी के खेलल जाई।

## नागपुरी कविता

### आजी कर कहनी



रामदेव बड़ाईक

मोर आजी नित , नावां–नावां कहनी
कहत रहे,
हर नावां कहनी उकर ,पुरना से जुरल
रहत रहे ।
पुरना–पुरना कहनी, आजी अनइत जानत रहे,
मोके तो पुरना कहनी मन, इयाइद भइर निहीं,
मोके डहर हों देखायल, मोर आजी कहत रहे ।।

बात हों सच आहे, पुरना कहनी मन जीवन में,
ज्ञान कर संगे सुकून हों देवेला,आजी कहत रहे ।
छउवा बेरा कर जिध,जवानी बेरा कर मुसकान,
बिहा पाछे कर जिमेवारी,भबिस्यक बात मनके,
सुंदर–मधुर कहनी रूपे,आजी कइह सुनात रहे ।।

असी बसंत में हों आजी के, टहटह दिसत रहे,
जोश जुनून उमंग उत्साह, आजी में भरल रहे,
नावां – नावां कहनी आजी, लिखत–पढ़त रहे ।
मोर आजी नित , नावां–नावां कहनी कहत रहे,
हर नावां कहनी उकर, पुरना से जुरल रहत रहे ।।

# सरहुल से पहिले महिला साखा कर गठन करी कांके रोड सरना समिति




**रांची।** कांके रोड इस्थित शाहदेव मैरेज हॉल में कांके रोड सरना समिति कर बैठकी एतवार के होलक। इकर अध्यछता समिति कर महासचिव राजेश लकड़ा करलयं। संचालन समिति कर सलाहकार प्रकाश टोप्पो करलयं। इकर में सरहुल से पहिले समिति कर महिला साखा कर बिस्तार करेक कर फैसला लेल गेलक।

बैठकी में 1 अप्रैल के आदिवासीमन कर सउबसे बड़ परब सरहुल कर दिन निर्धारित करल गेलक। इके देखते कांके रोड सरना समिति महिला साखा बनायेक ले बिचार बिमर्स करल गेलक। सिरमटोली इस्थित केन्द्रीय सरना अस्थल कर मुध दुरा कर सामने फ्लाईओवर निर्मान कर काम करल जायेक कर कांके रोड सरना समिति कड़ा बिरोध भी जतालक।कांके रोड सरना समिति कर अध्यछ डब्ल्यू मुंडा कहलयं कि हमिन कर आदिवासी समाज बहुते सांतिप्रिय अदमी हयं। हमिन बिकास बिरोधी नखी। मकिल केऊ हमिन कर धार्मिक धरोहर के ख़तम कइरके बिकास करयं, तो वैसन बिकास हमिन के नई चाही।

बेरा रहते राइज सरकार फ्लाईओवर निर्मान कर काम करेक वाला एलएनटी कंपनी के तत्काल रोकेक कर आदेस देवे। नई तो आदिवासी समाज चुप नई बैठी।

कांके रोड सरना समिति कर सलाहकार प्रकाश टोप्पो कहलयं कि कांके रोड सरना समिति बहुते जलदी कठहर गोन्दा, मिसिर गोन्दा आउर भिट्ठा मौजा से जनसंपर्क कइर के महिला साखा कर गठन करी। आदिवासी समाज के एकजुट करी।

उपसचिव लखन मुंडा कहलयं कि आइज आदिवासीमन उपरे चौतरफा हमला होवे लाइग हे। कहूं आदिवासीमन कर धार्मिक, समाजिक अस्थल में अतिक्रमन करल जात हे तो कहूं आदिवासीमन कर बहिन बेटी कर सोसन करल जात हे। अइसन में आदिवासीमन के एकजुट होवेक होवी।

बैठकी में समिति कर अध्यछ डब्ल्यू मुंडा, महासचिव राजेश लकड़ा, उपसचिव लखन मुंडा, सलाहकार प्नकाश टोप्पो, कार्जकारी अध्यछ शशि मुंडा, पहान टिंकल पहान, सचिव रंजीत पहान, सक्रिय सदस्य विशेश्नर मुंडा, गुड्डू मुंडा, अमित खलखो, अमन मुंडा, राजेश मुंडा तिर्की, लखन मुंडा, दीपू मुंडा, प्रदीप मुंडा, अमन हेमरोम आदि मौजूद रहयं।

## संक्षिप्त खबरें

### कुख्यात नक्सली बिफन यादव हुआ गिरफ्तार

**डुमरिया (गया)।** सशस्त्र सीमा बल 29वीं वाहिनी गया एजीआर एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए डुमरिया प्रखंड क्षेत्र के छकरबंधा से कुख्यात नक्सली को गिरफ्तार कर लिया है। रविवार सुबह करीब 9:30 बजे गुप्त सूचना के आधार पर एसएसपी के दिशा निर्देशन में एसएसबी-सी कंपनी डुमरिया सहायक कमांडेंट गुलशन थापा के नेतृत्व में सशस्त्र सीमा बल 29वीं वाहिनी व एजीआर एसटीएफ की टीम गठित की गयी। उक्त गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए छकरबंधा थाना क्षेत्र से आरोपित विपत यादव के पुत्र बिफन यादव को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सली कई कांडों का वांछित बताया जा रहा है। गिरफ्तारी के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए डुमरिया थाना पुलिस को सौंप दिया गया।

### नहाने के दौरान नदी में डूबने से दो युवकों की मौत

**पुरनहिया (शिवहर)।** थाना क्षेत्र के दोस्तियां दक्षिणी गांव में स्नान करने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से दो युवकों की मौत हो गयी है। गोताखोरों ने शव को गहरे पानी से निकाला। थानाध्यक्ष प्रेमजीत सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल शिवहर भेज दिया है। घटना रविवार अपराह्न की बतायी जा रही है। जब लखरांव पूजा को लेकर बिसाही गांव से श्रद्धालु जलबोझी के लिए दोस्तियां दक्षिणी गांव स्थित बागमती नदी घाट आये हुए थे। इस दौरान सभी श्रद्धालु नदी में स्नान कर रहे थे। इसी बीच वार्ड छह निवासी भाग्य नारायण साह के 18 वर्षीय पुत्र विपुल कुमार तथा अवध साह के 25 वर्षीय पुत्र चुनचुन कुमार की गहरे पानी में चले जाने के कारण डूबने से मौत हो गयी।

### गला रेत कर युवक की हत्या, सरेह में शव मिला

**बथनाहा (सीतामढ़ी)।** थानांतर्गत बैरहा बराही पंचायत स्थित बैरहा गांव के सरेह में रविवार को एक अज्ञात युवक का शव मिलने से आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही स्थानीय थानाध्यक्ष धनंजय चौधरी भी अन्य पुलिस पदाधिकारी व जवानों के साथ वहां पहुंचे। शव को देखकर माना जा रहा था कि युवक की निर्दयतापूर्वक गर्दन रेतकर कर हत्या करने के बाद शव को बैरहा गांव के सरेह में फेंक दिया गया था। देर शाम तक शव की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सीतामढ़ी भेज दिया। मृतक काला रंग का जैकेट, ब्लू रंग का शर्ट व जींस पैंट पहना हुआ है। उसकी जेब से एक चाकू व एक मोबाइल सिम बरामद हुआ है।

### हथियार का धंधा करने वाला हुआ गिरफ्तार

**बनमनखी (पूर्णिया)।** सरसी पुलिस ने अवैध आग्नेयास्त्र एवं कारतूस के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया। इस बाबत एसडीपीओ सुबोध कुमार ने बताया कि सरसी थानांतर्गत लगातार एक व्यक्ति द्वारा अवैध आग्नेयास्त्र एवं कारतूस की खरीद बिक्री किये जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुबोध कुमार के नेतृत्व में छापेमारी टीम ने गिरफ्तारी के लिए जाल बिछाया। शनिवार 1।30 बजे रात एनएच 107 सरसी से पूरब पारसमणी मोड़ समीप से कट्टा, आठ कारतूस, दो मोबाइल एवं तस्करी के उपयोग में की जा रही ऑल्टो कार के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया गया।

### दो वाहनों में टक्कर से ट्रक की बैट्री फटी, तेजाब से झुलस कर खलासी की मौत

**नानपुर (सीतामढ़ी)।** थाना क्षेत्र के मोहनी महुआ गाछी चुरा मिल के समीप ओवरटेक करने में बालू लदे ट्रक ने चलते हाइवा में टक्कर मार दी जिसमें ट्रक के सामने का भाग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, इस घटना में ट्रक के खलासी की मौत हो गयी। जबकि चालक बुरी तरह से जख्मी हो गया। घटना रविवार अहले सुबह लगभग 5।30 बजे की बतायी जा रही है। दुर्घटना के बाद ट्रक की बैट्री फटने से उसमें निकले तेजाब से झुलस कर खलासी की मौत हुई बतायी जा रही है। जानकारी के अनुसार, रुन्नीसैदपुर की ओर से हाइवा आ रहा था, तभी पीछे से तेज गति से बालू लदा ट्रक आगे निकलने के चक्कर में ओवरटेक कर आगे निकलना चाहा। संतुलन बिगड़ने के कारण चालक ट्रक को हाइवा के पीछे ही मार बैठा, जिससे यह खतरनाक हादसा हो गया। हाइवा चालक भागने में सफल रहा। घटना की जानकारी लोगों ने स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने गंभीर रूप में जख्मी चालक व खलासी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने खलासी को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान नंदन कुमार के रूप में की गयी है। वह पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र के श्रीनगर वार्ड नंबर एक का रहनेवाला था।

# ट्रक से टक्कर में बाइक पर सवार दो युवकों की मौत, युवती घायल



प्रतिनिधि, कल्याणपुर (पूचं)

केसरिया-चकिया मुख्य मार्ग पर सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गयी, जबकि बाइक पर बैठी एक लड़की घायल हो गयी। घटना रविवार की बतायी जा रही है। मृतकों की पहचान दरमाहा पंचायत के कंशपुर गांव निवासी कामाख्या राय के पुत्र कुंदन कुमार (22) व कैथवलिया के हरेंद्र पटेल के पुत्र मिट्ठू कुमार (12) के रूप में हुई है। वहीं जख्मी लड़की काजल कुमारी (18) मृतक मिट्ठू की बहन बतायी जा रही है। इलाज के लिए उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि कुंदन बाइक से केसरिया से चकिया की तरफ जा रहा था। बाइक पर मिट्ठू व उसकी बहन काजल बैठी थीं। इस बीच बहुआर चौक के पास मॉल से कुछ दूर आगे चकिया की तरफ से आ रहे ट्रक ने बाइक में ठोकर मार दी। बाइक सवार युवक व किशोर की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वहीं, काजल घायल हो गयी। उसकी हालत चिंताजनक बतायी जा रही है। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जायेगी। इधर दोनों की मौत की खबर घरवालों को मिली, तो कोहराम मच गया। दोनों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक कुंदन की मां रोते-रोते बेहोश हो जा रही थी।

### कंटेनर ने बाइक को मारी टक्कर, दो भाइयों की गयी जान

**चकिया (पूचं)।** थाना क्षेत्र के सेमरा स्थित एनएच 27 पर रविवार शाम तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। घटना में बाइक पर सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। मृत युवकों की पहचान चितहा थाना बंजरिया निवासी आशुतोष कुमार (22) पिता विनोद ठाकुर और आदापुर निवासी साहिल कुमार (21) के रूप में हुई है। दोनों युवक चकिया थाना क्षेत्र के कुअंवा गांव में अपने बहन-बहनोई से मिल कर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान सेमरा गांव स्थित एनएच 27 पर तेज रफ्तार कंटेनर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। बताया जाता है कि ओवरटेक करने के दौरान यह हादसा हुआ। दोनों मृत युवक ममेरे-फुफेरे भाई बताये जाते हैं। घटना रविवार शाम करीब पांच बजे की बताई जाती है। घटना के बाद चालक कंटेनर छोड़कर फरार हो गया। घटना को लेकर आक्रोशित लोगों ने एनएच 27 को करीब घंटे भर तक जाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों शवों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर को भी जब्त कर लिया है।

## पूर्णियाः डेढ़ साल के बच्चे पर दो पिता ने ठोका दावा, खुला राज, मिला इंसाफ

- एसपी की पहल पर पुलिस परिवार परामर्श केंद्र ने निकाला हल

**पूर्णिया।** पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में एक अनोखा मामला सामने आया, जहां डेढ़ साल के बच्चे के दो पिता दावेदार बने। मामला सरसी थाना के बेला चंपावती गांव का है। जब यह मामला परामर्श केंद्र के पास पहुंचा तो इसके सदस्य भी हैरान हो गये। काफी जद्दोजहद के बाद इसका हल निकाला गया। परिवार परामर्श केंद्र के सदस्य दिलीप कुमार दीपक ने बताया कि चंपावती की एक महिला की शादी उत्तर प्रदेश के एक हिंदू लड़के शरणदीप से हुई थी। उससे एक बच्चा हुआ। बच्चे की उम्र जब डेढ़ साल हुई तब पत्नी अपने पति को छोड़कर पिछले साल 31 दिसंबर को अपने प्रेमी के पास चली गयी। इसके बाद पत्नी के पहले पति ने पूर्णिया के एसपी कार्तिकेय शर्मा से इंसाफ की गुहार लगायी। एसपी ने इस मामले को पुलिस परिवार परामर्श केंद्र में भेज दिया, जहां से सभी पक्षों को नोटिस भेजा गया। नोटिस पर सभी पक्ष उपस्थित हुए तो असली कहानी सामने आयी। महिला का कहना था कि उनके पति उसके साथ अक्सर मारपीट करता था। इससे तंग आकर वह अपने बच्चे को लेकर अपने प्रेमी के पास चली गयी और उससे शादी कर ली। अब वह बच्चे को लेकर उसी के साथ रहेगी। इधर, प्रेमी का कहना था कि उस महिला के साथ उसका पिछले छह साल से संबंध है। वह बच्चा भी उसी का है, लेकिन जब एसपी ने कड़ाई से पूछताछ की तो पता चला कि लड़की ने न तो पहले पति को तलाक दी है और न ही दूसरे लड़के से उसकी शादी हुई है। प्रेमी ने प्रेमिका के साथ रहने के लिए शादी की मनगढ़ंत कहानी रची थी। पूछताछ के दौरान जब प्रेमी से पूछा गया कि जब दो माह पहले शादी हुई तो डेढ़ साल का बच्चा कैसे हो गया। इसका उसके पास कोई माकूल जवाब नहीं था, जबकि पहले पति ने गुजरात के एक अस्पताल का कागज दिखाया, जहां बच्चे का जन्म हुआ था। वह अपनी पत्नी के साथ वहां मजदूरी करता था। तब एसपी ने कहा कि महिला को अगर प्रेमी के साथ रहना है तो रहे, लेकिन बच्चा अपने पिता के साथ ही रहेगा। तब उसका प्रेमी भी महिला को यह कहते हुए छोड़कर चला गया कि जब बच्चा बाप के पास रहेगा तो उसकी मां भी उसी के साथ रहेगी।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार

**मढ़ौरा( सारण)।** मढ़ौरा थाना क्षेत्र के एक गांव में मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग कोशोरी के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामले में पीड़ित किशोरी के पिता के लिखित आवेदन पर मढ़ौरा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन प्राप्त होने पर पुलिस ने कार्यवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बीते 20 फरवरी को किशोरी अपने घर से बगल के टोले में गई थी। जहां एक किशोर ने उसे विश्वास में लेकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपी किशोर ने किसी को नही बताने के लिए किशोरी को बुरी तरह से धमकाया भी था। लेकिन पीड़िता ने साहस कर अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। जानकारी के बाद नाराज परिजन आक्रोशित हो गए। किशोरी के परिजन आरोपित किशोर के घर पूछताछ के लिए पहुंचे लेकिन आरोपी के परिजनों ने पीड़ित परिवार को डांट फटकार कर भगा दिया। आक्रोशित किशोरी के परिजन ने शनिवार की संध्या में स्थानीय थाना को घटना की लिखित शिकायत दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने इसे गंभीरता से लेते हुए अपनी कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी किशोर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पीड़ित किशोरी का रविवार को छपरा भेज कर मेडिकल जांच कराया है।

### मैनाटांड़ बाजार की दुकान में भीषण आग, 10 लाख की संपत्ति हुई राख



**मैनाटांड़।** मैनाटांड़ बाजार स्थित शृंगार एंड जेनरल स्टोर दुकान में शनिवार की रात को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। दुकान में लगी आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान से लेकर ऊपर दो मंजिल तक पूरा मकान धू-धूकर जलने लगा। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मंगानी पड़ी। करीब ढाई घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। इसमें करीब 10 लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान होने की बात कही जा रही है।

दुकान का मालिक इनरवा थाना क्षेत्र के सकरौल निवासी दीनानाथ साह ने बताया कि शनिवार की रात आठ बजे प्रत्येक दिन की तरह उस दिन भी पूरी सुरक्षा के साथ बिजली का पॉवर बंद कर के दुकान बंद किया था। करीब साढ़े नौ बजे रात में फोन आया की आपके दुकान से धुआं निकल रहा है।

## कुंभ से लौट रही बस ने तीन युवकों को रौंदा, एक की मौत, दो घायल

- शहर से मजदूरी कर एक ही बाइक से तीनों लौट रहे थे घर
- सभी बंजरिया थाना के बथना के है निवासी

**बंजरिया (पूचं)।** छतौनी थाने के मठिया के समीप एनएच-28ए पर नेपाली बस चालक ने शनिवार की देर शाम बाइक सवार तीन युवकों को रौंद दिया, जिनमें एक युवक की मौत हो गयी, जबकि दो का इलाज निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। मृत युवक बंजरिया थाने के बथना गांव निवासी सीताराम मुखिया का 23 वर्षीय पुत्र लड्डू कुमार है, जबकि दोनों घायल युवक बथना का ही शिव शंकर मुखिया का पुत्र बिंदा मुखिया व शंभू मुखिया का पुत्र ध्रुप मुखिया है। पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं मृत युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर छतौनी चौक के तरफ से मजदूरी कर अपने घर बंजरिया थाना के बथना लौट रहा था। इसी दौरान नेपाली रजिस्ट्रेशन नंबर बस प्रयागराज से तीर्थ यात्रियों को लेकर वापस नेपाल लौट रहा था। इस दौरान छतौनी थाने के मठिया के समीप बस की चपेट में बाइक सवार तीनों युवक आ गये, जहां घटनास्थल पर ही एक युवक लड्डू की मौत हो गयी।

### कुंभ जा रही पिकअप गाजीपुर में पलटी, दर्जनों जख्मी

**मढ़ौरा( सारण)।** थाना क्षेत्र के मिर्जापुर से महाकुंभ स्नान करने जा रहे लगभग तीन दर्जन यात्री डबल डेकर पिक अप वाहन के पलट जाने से जख्मी हो।सभी जख्मी यात्रियों को स्थानीय पुलिस ने नजदीक के सीएचसी भेजा जहाँ गंभीर रूप से जख्मी 17 यात्रियों को बेहतर चिकित्सा के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार मिर्जापुर गाँव सहित नगरा एवं तरैया से लगभग तीन दर्जन यात्री प्रयागराज महाकुंभ स्नान करने के लिए एक पिक अप वैन को डबल डेकर यानि दो मंजिला बना कर उसमें खाने पीने के सामान सहित गैस सिलेंडर और चुल्हा भी लादकर शनिवार को निकले। पिकअप गाजीपुर हाइवे पर नसीरपुर में अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें सवार सभी यात्री जख्मी हो गए। पिक अप में रखे गए यात्रियों के सभी सामान बिखर गए ।स्थानीय यूपी पुलिस ने नजदीक के सैदपुर सीएचसी में लगभग 26 घायल लोगों को भर्ती कराया जहां पर गंभीर हालत में 17 लोगों को जिला अस्पताल में रेफर कर दिया गया। घायलों में ललिता देवी, फगुनी देवी, लालमोहन महतो राजकुमार महतो,, राजेश महतो, धनेश्वरी देवी, राज नारायण महतो आदि लोग का नाम बताया जा रहा है।

## बैट और बॉल से भूख पर वारः रेस्तरां क्रिकेट लीग 2025 का यादगार समापन

प्रातः नागपुरी संवाददाता



- फाइनल मुकाबले में उत्तराखंड घुलठिया ने अंतिम गेंद पर चौका जड़ उत्तर प्रदेश कचौरी को किया पराजित
- हजारों दर्शकों ने स्टेडियम में देखा, यूट्यूब पर भी हजारों ने लाइव स्ट्रीमिंग देखी।
- सांसद श्री रुडी ने घोषणा की कि अगले सीजन में बिहार लिट्टी लीजेंड्स टीम भी शामिल होगी।
- स्मृति ईरानी ने महिला क्रिकेट लीग आयोजित करने का सुझाव दिया।

दिल्ली/छपरा23 मार्च । रेस्तरां क्रिकेट लीग के तीसरे सीजन का आयोजन 17 मार्च से 22 मार्च तक इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया। यह आयोजन प्रत्येक 10 रन पर 200 जरूरतमंदों को अन्न सेवा की अनूठी पहल के साथ संपन्न हुआ। समापन मैच के साथ विशेष आयोजन में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सारण से भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूड़ी और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

फाइनल मुकाबला उत्तराखंड घुलठिया और उत्तर प्रदेश कचौरी के बीच खेला गया, जिसमें आखिरी गेंद तक विश्व कप जैसा रोमांच बना रहा। दर्शकों की धड़कनें तेज थीं, हर चौके और छक्के पर स्टेडियम गूंज उठा। खेल का अंतिम क्षण सांसें थाम देने वाला था, जब उत्तराखंड की टीम ने आखिरी गेंद पर चौका मारकर शानदार जीत दर्ज की। इस मुकाबले को हजारों दर्शकों ने स्टेडियम में देखा, वहीं यूट्यूब चौनल पर भी इसे हजारों दर्शकों ने लाइव देखा। यह सिर्फ एक खेल नहीं बल्कि एक महाकाव्य था, जिसमें जुझारूपन और संघर्ष की कहानी लिखी गई।

राजीव प्रताप रूड़ी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह सिर्फ एक क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं बल्कि खेल और सेवा का अद्भुत संगम है। क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं, यह जुनून, समर्पण और हार न मानने की प्रेरणा देता है। अगले सीजन में बिहार लिट्टी लीजेंड्स की टीम भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी, जिससे इस लीग का रोमांच और बढ़ेगा।

स्मृति ईरानी ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस आयोजन ने यह सिद्ध किया कि खेल न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह समाज सेवा का भी माध्यम बन सकता है। महिलाओं की भागीदारी को और बढ़ावा देने के लिए मैं आयोजकों से महिला क्रिकेट लीग आयोजित करने का अनुरोध करती हूं और मुझे खुशी है कि यह संकल्प लिया गया है।

फाइनल मैच के दौरान राजीव प्रताप रूड़ी ने घोषणा की कि अगले सीजन में बिहार लिट्टी लीजेंड्स की टीम भी शामिल होगी और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के सुझाव पर हिमाचल प्रदेश की टीम को भी प्रतियोगिता में जोड़ा जाएगा। वहीं, स्मृति ईरानी के अनुरोध पर आयोजक अरविंद कुमार ने जल्द ही महिला क्रिकेट लीग आयोजित करने का संकल्प लिया।

इस टूर्नामेंट के दौरान सभी रनों, विकेटों और आस्था गिल के उत्कृष्ट प्रदर्शन को मिलाकर कुल 2,30,000 भोजन पैकेट्स की व्यवस्था की गई है। आयोजक अरविंद कुमार और अभिषेक भटनागर ने बताया कि वे 27 फरवरी 2025 को दिल्ली में जरूरतमंद लोगों के बीच 2,30,000 फूड पैकेट्स वितरित करेंगे और भविष्य में इस पहल को देश के अन्य शहरों तक भी विस्तारित किया जाएगा।

## पेज एक का शेष

### मंईयां सम्मान...

इसके साथ ही दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बता दें कि मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को अभी तक 2 महीने यानी जनवरी और फरवरी की किस्त नहीं दी गई है। कुछ दिनों बाद मार्च का महीना शुरू हो जाएगा, तो ऐसे में लाभुकों को चिंता हो रही है कि रुकी हुई राशि खाते में आएगी कि नहीं। किस्त जारी नहीं की गई, क्योंकि योजना में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा हो रहा है, जिसके बाद सत्यापन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि सत्यापन के पूरा होने के बाद किस्त जारी हो जाएगी।

### झारखंड विधानसभा...

**बजट सत्र में कई विधेयक पेश होने की उम्मीद** : 22 और 23 मार्च को शनिवार और रविवार का अवकाश है। 24 मार्च को को भी अनुदान मांग पर चर्चा होगी, जबकि 25 और 26 मार्च को कई विधेयक सदन में पेश किए जाएंगे। सत्र के अंतिम दिन 27 मार्च को भी कुछ राजकीय विधेयक और गैर सरकारी संकल्प को पेश किया जाएगा।

**सत्र को लेकर पक्ष-विपक्ष ने की पूरी तैयारी** : इधर, झारखंड विधानसभा के बजट सत्र को लेकर पक्ष-विपक्ष की ओर से अपनी-अपनी तैयारियां पूरी कर ली गईं। एक ओर जहां मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास पर सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक हुई। वहीं बीजेपी प्रदेश कार्यालय में पार्टी विधायकों की बैठक हुई। विपक्ष की ओर से जेपीएससी अध्यक्ष का पद रिक्त रहने, परीक्षा पेपर लीक होने और मंईयां सम्मान योजना समेत अन्य मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है।

### न्यूयॉर्क से दिल्ली...

**इटली के रोम डायवर्ट किया गया विमान** : क्रू से कहा गया कि विमान में बम है। इसके बाद विमान को इटली के रोम की ओर मोड़ दिया गया। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर ने शनिवार रात सवा आठ बजे जेएफके से उड़ान भरी थी। धमकी के समय विमान कैस्पियन सागर के ऊपर था। लेकिन चालक दल ने अलर्ट जारी करते हुए विमान को तुरंत यूरोप की ओर वापस मोड़ दिया। विमान को हाई अलर्ट के बीच रोम के लियोनार्डो दा विंची फ्यूमिसिनो एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया।

### कांग्रेस ने अहमदाबाद...

**अहमदाबाद में होगी कांग्रेस की बैठक** : वेणुगोपाल के अनुसार अहमदाबाद अधिवेशन के पहले दिन आठ अप्रैल को विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी। जबकि नौ 9 अप्रैल को एआइसीसी प्रतिनिधियों की बैठक होगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे दोनों बैठकों की अध्यक्षता करेंगे। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी, वरिष्ठ पार्टी नेता आदि भी इस दिवसीय बैठक में मौजूद रहेंगे।

**कांग्रेस शुरू करेगी राष्ट्रव्यापी जनसंपर्क अभियान** : एआईसीसी का यह सत्र कर्नाटक के बेलगावी में पिछले साल दिसंबर में हुई विस्तारित कार्यसमिति की बैठक (नव सत्याग्रह बैठक) में पारित प्रस्तावों के अनुरूप बुलाया गया है। वेणुगोपाल ने कहा कि संविधान की विरासत को संरक्षित, सुरक्षित और बढ़ावा देने की तत्काल आवश्यकता को देखते हुए 26 जनवरी 2025 से 26 जनवरी 2026 के बीच कांग्रेस संविधान बचाओ राष्ट्रीय पदयात्रा नामक एक विशाल, राष्ट्रव्यापी जनसंपर्क अभियान शुरू करेगी।

**अधिवेशन में कांग्रेस करेगी मंथन** : महात्मा गांधी की जन्मस्थली गुजरात में एआईसीसी का सत्र सत्य, अहिंसा और न्याय के उनके आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करेगा। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि यह अधिवेशन न केवल महत्वपूर्ण विचार-विमर्श के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा, बल्कि आम लोगों की चिंताओं को दूर करने और राष्ट्र के लिए एक मजबूत वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के कांग्रेस पार्टी के सामूहिक संकल्प की पुष्टि भी करेगा।

### पीएम भागलपुर से...

**क्या है पीएम किसान योजना?** : इस योजना के तहत पात्र किसानों को सालाना 6000 रुपये मिलते हैं। हर चार महीने में 2000 रुपये की किस्त उनके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर की जाती है। पहले इस योजना का लाभ 9.60 करोड़ किसानों को मिलता था। अब लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 9.80 करोड़ हो गई है। 19वीं किस्त के साथ ही अब तक किसानों को कुल 3.68 लाख करोड़ रुपये मिल चुके होंगे। इस योजना की शुरुआत साल 2019 में हुई थी।

**किसे मिलता है इस स्कीम का फायदा?** : पीएम किसान सम्मान योजना का लाभ हर किसान को नहीं मिलता। इसके लिए कई शर्तों का पूरा करना जरूरी है। सबसे बड़ी शर्त सरकारी नौकरी का नहीं होना है। यानी किसान सरकारी नौकरी में नहीं होना चाहिए। साथ ही किसान कोई इनकम टैक्स न भरता हो। किसान के परिवार में अगर एक से ज्यादा लोग हैं, तो इसका लाभ सिर्फ एक ही सदस्य को मिलेगा।

**किसानों को कई तरह से मिलती है मदद** : इस रकम का इस्तेमाल किसान अपने कई तरह के खर्च में कर सकते हैं। इससे किसानों को अपनी खेती से संबंधित उपकरण खरीदने में काफी मदद मिलती है। साथ ही वे उन्नत किस्म के बीज खरीद सकते हैं। इस रकम से किसान उर्वरक आदि भी खरीद सकते हैं। बता दें कि किसान सम्मान योजना दुनिया की सबसे बड़ी डीबीटी स्कीम है।

### आवाज लगाने पर...

इसमें और तेजी लाने के लिए शीर्ष बचाव एजेंसियों को तैनात किया गया है। साथ ही सुरंग खोदने वाली मशीन लाई जा रही है।

**क्या बोले अधिकारी?** : बता दें कि एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने कहा कि बचाव दल कल रात सुरंग के अंदर गया, जिसने एक लोकोमोटिव पर 11 किलोमीटर और एक कन्वेयर बेल्ट पर शेष 2 किलोमीटर की दूरी तय की। उन्होंने यह भी कहा कि जब हम सुरंग बोरिंग मशीन के अंत में पहुंचे, तो हमने उनके (श्रमिकों के) नाम पुकारे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। अधिकारी ने कहा कि अधिकारी ने कहा कि सुरंग में आखिरी 2 किलोमीटर का हिस्सा पानी से भरा हुआ है और जब तक मलबा साफ नहीं हो जाता, तब तक काम का पता नहीं लगाया जा सकता है। बचाव दल अभी तक फंसे हुए मजदूरों से संपर्क नहीं कर पाए हैं, जबकि आंतरिक संचार तंत्र कल विफल हो गया था। वे अब श्रमिकों को उनके नाम से पुकार रहे हैं, उम्मीद है कि कोई जवाब मिलेगा, जिससे यह सुनिश्चित हो जाएगा कि वे ठीक हैं।

**44 किलोमीटर लंबी है सुरंग** : मालूम हो कि यह सुरंग 44 किलोमीटर लंबी है, जो श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) के निर्माणाधीन हिस्से पर स्थित है। ये सुरंग परियोजना नागरकुरनूल और नलगोंडा जिलों को पानी उपलब्ध कराने के लिए है। इस बीच एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि जब सुरंग ढह गई, तो कई श्रमिक भागने में सफल रहे, लेकिन सुरंग बनाने वाली मशीन पर काम कर रहे आठ लोग फंस गए। निर्माण कार्य जेपी एसोसिएटेड ग्रुप द्वारा किया जा रहा है।

**रेस्क्यू में आ रही परेशानी** : बताया जाता है कि सुरंग की दीवार के किनारे मिट्टी की दरार है, जिसमें से पानी बह रहा है। इस स्थिति में बचाव अभियान से पहले पानी को निकालना काफी जरुरी है। बताया जाता है कि पत्थरों के हिलने की आवाज़ से संकेत मिलता है कि ढही हुई जगह की छत अस्थिर है।

**स्थिति पर सीएम की नजर** : तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने कल एक समीक्षा बैठक की। इस बैठक में सिंचाई मंत्री एन उत्तम कुमार मौजूद रहे और उन्होंने सीएम को सुरंग की मौजूदा स्थिति के बारे में जानकारी दी। बैठक में राज्य सलाहकार (सिंचाई) आदित्यनाथ दास और मुख्यमंत्री के सलाहकार वेम नरेंद्र रेड्डी भी मौजूद थे। तेलंगाना का सीएम ने घायल श्रमिकों के बारे में जानकारी मांगी है और अधिकारियों से बचाव प्रयासों में तेज़ी लाने को कहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा है कि प्रभावित परिवारों को सरकार की ओर से हर तरह की सहायता मिले।

### सीएम गंभीर, जरूरत...

मंत्री ने कहा कि जरूरत पड़ी, तो वे खुद तेलंगाना जाएंगे और अपने सभी मजदूरों की सुरक्षित वापसी राज्य में सुनिश्चित करेंगे। डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि हमारे लोकप्रिय मुख्यमंत्री खुद तेलंगाना के मुख्यमंत्री के संपर्क में हैं और उन्होंने इस संबंध में उनके सचिव से भी बात की है और घटना की पूरी जानकारी ली है। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो वे खुद तेलंगाना जाएंगे और अपने मजदूरों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करेंगे।

### नाटो सदस्यता के...

ज़ेलेंस्की ने कीव में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, अगर यूक्रेन में शांति होती है, अगर आपको वाकई मेरी पद छोड़ने की जरूरत है, तो मैं तैयार हूं। ... मैं इसे नाटो के बदले में दे सकता हूं। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वह ₹तुरंत₹ पद छोड़ देंगे।

### केरल में ट्रेन...

आरोपित कोल्लम जाने वाली पलारुवी एक्सप्रेस को पटरी से उतारना चाहते थे। आरोपितों पर बीएनएस की धारा 327 (1) (रेल, विमान, डेक वाले जहाज को नष्ट करने या असुरक्षित बनाने के इरादे से शरारत) और रेलवे अधिनियम की धारा 150 (1) (ए) और 153 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## पुलिस ने सुरक्षाबलों को धमकी देने वाले उग्रवादियों को किया गिरफ्तार

इंफाल। मणिपुर में ग्राम स्वयंसेवकों को गिरफ्तार करने पर सुरक्षा बलों को धमकी देने वाला वीडियो बनाने के आरोप में प्रतिबंधित संगठन कांगलेइपाक कम्युनिस्ट पार्टी के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि मोइरांगथेम थोइबा (39) को विष्णुपुर जिले के थमनापोकपी से गिरफ्तार किया जबकि सैखोम लेम्बुर्स सिंह को इंफाल पूर्व जिले से पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि लेम्सुर्स सिंह जबरन वसूली करता था। एक अन्य अभियान में मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स की संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (के) के दो काडर को गिरफ्तार किया है। वांगखेम रोहित सिंह (18) और थांगजम नोंगन को दुकानों और वाहनों से जबरन वसूली करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

## उड़ीसा घटना के बाद अब तक केआईआईटी के 300 से अधिक छात्र नेपाल लौटे

**काठमांडू।** उड़ीसा के भुवनेश्वर में कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय (केआईआईटी) में एक नेपाली छात्रा की आत्महत्या के बाद अब तक वहां अध्ययनरत 300 से अधिक छात्र नेपाल लौट चुके हैं। इन छात्र-छात्राओं का विश्वविद्यालय प्रशासन पर नेपाली छात्रों के साथ दुर्व्यवहार करने और उन्हें हॉस्टल से निलंबित किए जाने का आरोप हैं। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता रामचंद्र तिवारी ने रविवार को बताया कि एक हफ्ते के भीतर पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और बिहार की सीमा से 301 छात्र-छात्राओं के नेपाल वापस आने की खबर है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल की सीमा काकड़भिट्टा की सीमा से 20, उत्तर प्रदेश की भैरहवा सुनौली सीमा से 36, बिहार के रक्सौल बीरगंज सीमा से 162 तथा बिहार के ही जोगबनी विराटनगर सीमा से 83 छात्रों की वापसी हुई है। वापस आने वाले छात्रों ने स्वीकार किया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन और भुवनेश्वर पुलिस की तरफ से उनके पास लगातार फोन और मैसेज आ रहे हैं कि वो वापस आकर अपना हॉस्टल में आकर अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। वापस होने वाले छात्रों ने यह भी बताया कि भुवनेश्वर पुलिस ने उनकी पूरी सुरक्षा की जिम्मेवारी भी ली है। उड़ीसा से काठमांडू लौट कर आई केआईआईटी में कम्प्यूटर इंजीनियरिंग की चौथे सेमेस्टर की छात्रा सौम्या झा ने बताया कि नेपाली छात्रा की मौत के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से नेपाली छात्रों के साथ जिस तरह की मारपीट, गाली गलौज और दुर्व्यवहार किया गया, उसके कारण कई छात्र मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं और दोबारा वापस नहीं जाना चाहते हैं।

## लुटेरे कोचिंग सेंटरों पर सरकार का शिकंजा, वापस दिलाए 1.56 करोड़

नई दिल्ली। कोचिंगों में पढ़ाई करने वाले छात्रों को कई बार फीस वापसी को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अब केंद्र सरकार ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए 600 से ज्यादा छात्रों को 1.56 करोड़ रुपए वापस दिलाने में मदद की है। उपभोक्ता मामलों के विभाग (डीओसीए) के मुताबिक सिविल सेवा, इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम और अन्य पाठ्यक्रमों के लिए कोचिंग सेंटरों में इन छात्रों को कोचिंग संस्थानों द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने के बावजूद फीस वापस नहीं कर रहा था। उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि छात्रों द्वारा राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के जरिए दर्ज की गई शिकायतों से राहत मिली है। विभाग द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई से छात्रों को अधूरी सेवाओं, देर से कक्षाओं या रद्द किए गए पाठ्यक्रमों के लिए मुआवज़ा प्राप्त करने में मदद मिली है, जिससे यह तय हुआ है कि उन्हें अनुचित वित्तीय बोझ नहीं उठाना पड़ेगा। उपभोक्ता मामलों के विभाग ने अपने निर्देश में सभी कोचिंग सेंटरों को छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश दिया है, जिसमें छात्रों के वित्तीय हितों की रक्षा के लिए स्पष्ट, पारदर्शी रिफंड नीतियों को अनिवार्य बनाया गया है। मंत्रालय ने यह भी साफ कर दिया है कि वैध रिफंड दावों को अस्वीकार करने को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शिक्षण संस्थानों से उपभोक्ता अधिकारों को बनाए रखने का आग्रह किया है। विभाग ने छात्रों को उनके उपभोक्ता अधिकारों के बारे में शिक्षित करने और अनुचित व्यवहार के मामले में कार्रवाई करने के लिए उन्हें जागरूक करने की बात कही है। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन, न्याय पाने की चाहत रखने वाले छात्रों और उम्मीदवारों को सशक्त बनाने में एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित हुई है।

## शराब पीकर उत्पात मचाया, अब आरोपी करेंगे सामुदायिक सेवा बतौर सजा



जम्मू। शराब के नशे में सार्वजनिक रूप से उपद्रव करने के आरोप में तीन लोगों को विशेष मजिस्ट्रेट ने सामुदायिक सेवा करने की सजा सुनाई। पुलिस ने जानकारी देते हुए कहा कि पहले मामले में 19 फरवरी को लेख राज और अशोक सिंह को सिधरा इलाके में नशे की हालत में उपद्रव करते पाए गए थे। आरोपियों को शनिवार को जम्मू में विशेष आबकारी मोबाइल मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया और दोनों को 10 दिनों तक रोजाना एक घंटे के लिए निकटतम अस्पताल में सामुदायिक सेवा करने का निर्देश दिया है। पुलिस ने कहा कि नए कानूनों के तहत यह प्रावधान मामूली अपराधों के लिए पुनर्वास और सामुदायिक जुड़ाव पर जोर देता है, सजा के बजाय सुधार को बढ़ावा देता है। इस तरह 17 फरवरी के एक अन्य मामले में कोट गढ़ी गांव के निवासी अमित मेहरा को नशे की हालत में उत्पात मचाते हुए पकड़ा था। मोबाइल मजिस्ट्रेट ने उन्हें 27 फरवरी तक के लिए अखनूर के वृद्धाश्रम में सामुदायिक सेवा करने का निर्देश दिया है।

# महाशिवरात्रि पर महाकुंभ के लिए 75 जिलों में चलेंगी 24 घंटे बसें

### -यूपी से सटे 8 राज्यों की सीमाओं से भी होगा बसों का संचालन

**प्रयागराज (एजेंसी)।** महाशिवरात्रि की तैयारी शुरू हो गई है। प्रदेश के सभी 75 जिलों से रोडवेज बसों का संचालन शुरू कर दिया गया है। यह बसें 24 घंटे चलेंगी। शनिवार को रात नौ बजे तक करीब 2200 बसें चलाई गई। यूपी रोडवेज के सहारनपुर, मेरठ, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, गाजियाबाद, बरेली परिक्षेत्र के लिए शनिवार को बसों की संख्या बढ़ा दी गई। शनिवार को भीड़ को देखते हुए वाराणसी, आजमगढ़, गोरखपुर, देवीपाटन परिक्षेत्र के लिए सर्वाधिक बसें चलाई गई। यात्री प्रदेश के किसी भी हिस्से से आए उन्हें रोडवेज बसें प्रयागराज पहुंचाएंगी। इस बार महाशिवरात्रि पर रोडवेज ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है।

पूर्वी उत्तर प्रदेश से आने वाली श्रद्धालुओं के लिए झूंसी से सबसे ज्यादा बसों के संचालन की व्यवस्था की है। इसके अलावा यहां बसों को रिजर्व भी किया जा रहा है। बनारस-गोरखपुर की ओर की



बसों का संचालन झूंसी से होगा। लखनऊ के लिए बेला कछार से कानपुर के लिए नेहरू पार्क और मीरजापुर-बांदा आदि के लिए लेप्रोसी में बसें 24 घंटे चलेंगी। यूपी के सभी जिले के अलावा यूपी से सटे आठ राज्यों की सीमाओं से भी बसों का संचालन किया जाएगा।

जैसे ही भीड़ बढ़ेगी आरक्षित बसों को भी मैदान में उतार दिया जाएगा। शनिवार को दिन भर रोडवेज अधिकारी अपनी तैयारियों का जायजा लेते रहे। महाशिवरात्रि के लिए रोडवेज की नौ पार्किंग शहर के बाहर बनाई गई हैं। इसमें तीन पार्किंग यथा बेला कछार प्रथम, द्वितीय व रिजर्व के नाम से रखी गई हैं। नेहरू पार्क बस स्टेशन, झूंसी, दुर्जनपुर, सरस्वती द्वार, लेप्रोसी व सरस्वती हाईटेक सिटी पार्किंग बनाई गई है।

शटल बसों का संचालन प्रत्येक दो मिनट में होगा। इसमें वाराणसी मार्ग पर हबूसा मोड से अंदावा, जौनपुर मार्ग पर फूलपुर से अंदावा व मीरजापुर मार्ग पर सरस्वती हाईटेक सिटी से लेप्रोसी के लिए बस मिलेगी। मीरजापुर मार्ग पर सरस्वती हाईटेक सिटी से पूर्वी सरस्वती हाईटेक पश्चिमी के लिए, चित्रकूट मार्ग पर धनुहा ग्राम से लेप्रोसी व गोहनिया से लेप्रोसी, रीवा मार्ग पर चाकघाट से लेप्रोसी, बेला कछार से भारत स्काउट गाइड के लिए शटल बस मिलेगी।

अयोध्या मार्ग पर शिवगढ़ से भारत स्काउट गाइड, लखनऊ मार्ग पर नवाबगंज से भारत स्काउट गाइड, नेहरू पार्क से कानपुर मार्ग पर पूरामुफ्ती से हिंदू हास्टल के लिए शटल बसों का संचालन किया जाएगा। झूंसी, सरस्वती गेट, नेहरू पार्क, बेला कछार, सरस्वती हाईटेक सिटी नैनी, लेप्रोसी मिशन बस स्टेशन से रोडवेज बसें यात्रियों को संबंधित रूट के लिए मिलेंगी।


## विदेश मंत्री जयशंकर 50 देशों के डेलिगेट्स के साथ पहुंचे काशी, छात्रों से करेंगे संवाद

वाराणसी। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर वाराणसी पहुंचे जहां से वह 50 देशों के डेलिगेट्स के साथ बनारस आए हैं। काशी में वह आईआईटी बीएचयू में भावी इंजीनियरों के साथ संवाद करेंगे। इसके पहले जयशंकर ने काशी तमिल संगमम के अकादमी सत्र में हिस्सा लिया। इससे पहले



जयशंकर का एयरपोर्ट पर उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने स्वागत किया। यहां से विदेश मंत्री का काफिला बीएचयू रवाना हुआ। जहां वह काशी तमिल संगमम के अकादमी सत्र में डेलिगेट्स के साथ पहुंचे। जयशंकर 200 आईआईटीयंस से मुलाकात करेंगे और विश्व बंधु विषय पर अपने विचार को साझा करेंगे। आईआईटी बीएचयू के विभिन्न विभागों और अनुसंधान प्रयोगशालाओं को भी देखेंगे। इसके साथ ही संकाय सदस्य, शोधकर्ताओं से बातचीत कर विज्ञान और प्रौद्योगिकी प्रगति पर चर्चा भी करेंगे। बता दें संवाद कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रेरित करना है। इसके साथ ही विदेश नीति की बारीकियां से उनको अवगत कराना और नए शोध को बढ़ावा देना है। विदेश मंत्री का वाराणसी दौरा आईआईटी बीएचयू के छात्रों के लिए एक अहम माना जा रहा है, जहां वह विदेश नीति, कूटनीति और वैश्विक चुनौतियों पर अपने जिज्ञासाओं को विदेश मंत्री के साथ साझा करेंगे।

## इटली की पीएम मेलोनी का तंज- ट्रम्प की जीत से लेफ्ट बुरी तरह हताश और परेशान



**वॉशिंगटन।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने शनिवार को लेफ्टिस्ट लीडर्स पर दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाते हुए उनकी कड़ी आलोचना की है। मेलोनी ने कहा कि जब 90 के दशक में बिल क्लिंटन और टोनी ब्लेयर ने ग्लोबल लेफ़्टिस्ट लिबरल नेटवर्क बनाया तो उन्हें स्टेट्समैन कहा गया लेकिन जब ट्रम्प, मेलोनी, माइली (अर्जेंटीना के राष्ट्रपति) या मोदी बात करते हैं तो उन्हें लोकतंत्र के लिए खतरा बताया जाता है। वॉशिंगटन के कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस (सीपीएसी) में एक वीडियो लिंक के माध्यम से जुड़ी इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने कहा कि ट्रम्प की जीत से लेफ्ट बुरी तरह हताश और परेशान है। ऐसा इसलिए नहीं है कि कंजर्वेटिव्स जीत रहे हैं, बल्कि कंजर्वेटिव्स अब वैश्विक स्तर पर एक साथ आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जब ट्रम्प, मेलोनी, माइली या मोदी बात करते हैं तो इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताया जाता है। उन्होंने इसे दोहरा मानदंड बताते हुए कहा कि उन्हें अब इसकी आदत पड़ चुकी है और जनता भी इस झूठ पर यकीन नहीं करती। जनता हमें वोट कर रही है। उन्होंने कहा कि हम शासन नहीं, बल्कि जनता की सेवा कर रहे हैं। मेलोनी ने कहा कि हमारी सरकार इटली को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर स्थान दिलाने के लिए लगातार काम कर रही है।

# अवैध प्रवासी भारत की चुनावी प्रक्रिया में कर रहे हस्तक्षेप

### -उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा-ये लोग हमारे संसाधनों की कर रहे हैं मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अवैध प्रवासियों को लेकर दावा किया है कि अवैध प्रवासी देश की चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रहे हैं और इसके प्रति जागरूकता होनी चाहिए। अमेरिकी सरकार की ओर से हाल में अवैध प्रवासियों को भारत भेजने पर उन्होंने कहा कि हरेक भारतीय को पूछना चाहिए कि हमारे देश में यह प्रक्रिया कब शुरू होगी। धनखड़ ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय के 65वें दीक्षांत समारोह में बोले रहे थे। उन्होंने कहा कि करोड़ों लोग जिन्हें भारत में रहने का कोई अधिकार नहीं है, वे यहां रह रहे हैं। वे यहां अपनी आजीविका कमा रहे हैं।

धनखड़ ने कहा कि ये लोग हमारे संसाधनों को लेकर मांग कर रहे हैं। हमारी शिक्षा, स्वास्थ्य क्षेत्र, आवास क्षेत्र को लेकर। वे हमारी चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रहे हैं। हम सभी का कर्तव्य है कि हम देश में एक ऐसा माहौल बनाएं कि हर भारतीय इसके प्रति सचेत हो। अमेरिका




का जिक्र किए बिना उन्होंने कहा कि कुछ देशों ने हाल में उन भारतीय नागरिकों को निर्वासित कर दिया जिन्हें धोखे से वहां ले जाया गया था। धनखड़ ने कहा कि हर भारतीय के मन में यह सवाल आना चाहिए कि हम ऐसा कब शुरू करेंगे?

उपराष्ट्रपति ने कहा कि युवाओं को एक शक्तिशाली समूह के रूप में काम करना चाहिए। जनप्रतिनिधियों और सरकार से पूछना चाहिए कि क्या वे अपना काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रवाद हमारा धर्म और सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति किसी भी धर्म का पालन कर सकता है, लेकिन प्रलोभन के जरिए धर्मांतरण नहीं करा सकता है। भारत में मतदाता मतदान बढ़ाने के लिए यूएसएआईडी फंडिंग का स्पष्ट संदर्भ देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि अब आधिकारिक खुलासा हुआ है कि चुनावों में हेरफेर करने की कोशिश की गई थी। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र में हेरफेर करने की कोशिश करने वालों को बेनकाब करने के लिए गहन और सूक्ष्म स्तर की जांच होनी चाहिए।

उन्होंने औरंगाबाद का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर करने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि देश अपने गौरव को सुनिश्चित कर रहा है, भले ही इसमें देरी हुई हो। धनखड़ ने सलाह दी कि जो छात्र उत्तीर्ण होकर निकल रहे हैं, उन्हें विश्वविद्यालय से अपना जुड़ाव बनाए रखना चाहिए। सामाजिक बदलाव तभी संभव है जब सामाजिक समरसता होगी। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता विविधता में एकता को परिभाषित करेगी।

## कांगड़ा के फतेहपुर में हैंड ग्रेनेड मिलने से इलाके में हड़कंप

कांगड़ा। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के फतेहपुर में रविवार दोपहर एक हैंड ग्रेनेड मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना 23 फरवरी दोपहर करीब 12:30 बजे की बताई जा रही है। कुछ स्थानीय लोगों ने झाड़ियों में संदिग्ध वस्तु देखी, जिसके बाद करीब जाकर देखा गया तो पता चला कि यह एक हैंड ग्रेनेड है।

ग्रेनेड मिलने की खबर इलाके में आग की तरह फैली, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बन गया। इसकी सूचना जैसे ही पुलिस को मिली वह भी बिना देर किए मौके पर पहुंची और इलाके को सील कर दिया, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। साथ ही, पुलिस ने तुरंत पठानकोट स्थित भारतीय सेना को भी सूचित किया। खबर लिखे जाने तक एसपी नूरपुर अशोक रतन और आर्मी की टीम मौके पर पहुंच चुकी थी और ग्रेनेड की जांच कर रही थी।

# राष्ट्रपति शासन लगने से उग्रवादी हुए नरम, जमा करने लगे लूटे हुए हथियार

### -राज्यपाल ने हथियार छोड़ने पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने की कही थी बात

**इंफाल(एजेंसी)।** मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगने के बाद राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने कहा था कि उग्रवादी संगठन अपने हथियार सरेंडर कर दें। उनकी इस अपील का असर अब दिखाई दे रहा है। चुराचांदपुर और कांगपोकपी जिले के कई उग्रवादियों और लोगों ने हथियार जमा करा दिए हैं। राज्य में असम राइफल्स, सीआरपीएफ और पुलिस ने एक अभियान भी चलाया है जिससे वहां के समाज को हथियार मुक्त बनाया जा सके और हिंसा को रोका जा सके।



जानकारी के मुताबिक शनिवार को 16 अवैध और लूटे गए हथियार सरेंडर किए गए। इनमें एक एम-16 राइफल, एक 7.62 एमएम एसएलआर, दो एके श्रेणी की राइफल, तीन इनसास राइफल और अन्य खतरनाक हथियार शामिल हैं। गोला बारूद में 64 जिलेटिन रॉड, 10 राउंड 60 एमएम पुंपी, 17 राउंड एके राइफल के कारतूस और गोलियां शामिल हैं। एक लूटी गई टियर गैस गन भी अधिकारियों को सौंप गई है। आने वाले समय में कई संगठनों ने हथियार डालने का वादा किया है।

वहीं मेइती संगठनों के एक निकाय ने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि वह इस प्रक्रिया में सहयोगात्मक दृष्टिकोण के लिए युवा नेताओं के साथ औपचारिक रूप से जुड़ें। कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटेग्रिटी ने एक बयान में यह भी कहा कि सात दिन की समय सीमा बहुत कम है। राज्यपाल भल्ला ने 20 फरवरी को राज्य के लोगों से सात दिन के अंदर हथियार सौंपने को कहा था। उन्होंने आश्वासन दिया था कि इस अवधि के दौरान हथियार छोड़ने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा था कि समय सीमा खत्म होने के बाद कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

सीओसीओएमआई ने कहा कि हम इसे देश के कानून के तहत एक जरुरी कदम मानते हैं। उन परिस्थितियों को पहचानना जरूरी है जिनके कारण स्थानीय युवाओं ने हथियार उठाए और हथियार लूटे। यह स्थिति सरकारी सुरक्षा बलों की अक्षमता के कारण पैदा हुई है जो संकट के चरम पर होने के समय गांवों की रक्षा करने में विफल रहे हैं।

# हैकर्स ने बायबिट पर साइबर अटैक कर 150 करोड़ डॉलर चुराए

### -कंपनी की सिक्योरिटी टीम और फोरेंसिक एक्सपर्ट्स जांच में जुटे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** क्रिप्टो मार्केट में चोरी का मामला सामने आया है। हैकर्स ने क्रिप्टो एक्सचेंज बायबिट पर साइबर अटैक कर 150 करोड़ डॉलर यानी 12,850 करोड़ रुपए के 4,01,347 एथर चुरा लिए। यह सबसे बड़ी चोरी मानी जा रही है। यह चोरी शुक्रवार को हुई थी। हैकर्स ने एक्सचेंज के एक एथर कोल्ड वॉलेट को निशाना बनाया और कई ट्रांजेक्शंस के जरिए एथर को अज्ञात जगह ट्रांसफर कर दी।



बायबिट के सीईओ बेन झोऊ ने एक्स पर एक पोस्?ट कर कहा कि सिर्फ एक कोल्ड वॉलेट को हैक किया है, बाकी सभी फंड्स पूरी तरह सुरक्षित हैं। इस हमले के पीछे उत्तर कोरिया के कुख्यात लजारस ग्रुप का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। बायबिट के पूरी दुनिया में 6 करोड़ से ज्यादा यूजर्स हैं और इसके जरिए बिटकॉइन और एथर जैसी क्रिप्टोकरेंसी का लेन-देन किया जाता है। इस बड़े हमले के बाद यूजर्स में चिंता बढ़ गई है।

कंपनी की सिक्योरिटी टीम और फोरेंसिक एक्सपर्ट्स इस मामले की जांच कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक क्रिप्?टो फ्रॉड में इजाफा हो रहा है और 2024 में क्रिप्टो फ्रॉड रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। सीईओ बेन झोऊ ने भरोसा दिलाया कि केवल एक वॉलेट पर हमला हुआ है और अन्य वॉलेट्स पर कोई असर नहीं पड़ा है और निकासी सामान्य रूप से हो रही है। बायबिट का कहना है कि यदि चोरी हुए क्रिप्टो एसेट्स वापस नहीं मिलते हैं, तो भी यूजर्स को किसी तरह का नुकसान नहीं होगा। कंपनी ने आश्वासन दिया कि वह खुद इस नुकसान की भरपाई करेगी और ग्राहकों के एक-एक पैसे की सुरक्षा तय करेगी।

रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में क्रिप्टो फ्रॉड रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इसका एक बड़ा कारण पिग बुचरिंग स्कैम है, जिसमें अपराधी लोगों से दोस्ती बढ़ाकर उन्हें फर्जीवाड़े में फंसाते हैं। 13 फरवरी को आई रिपोर्ट के मुताबिक 2024 में इस स्कैम का रेवेन्यू 40 फीसदी तक बढ़ गया। पिछले साल क्रिप्टो मार्केट में कम से कम 990 करोड़ डॉलर की चोरी हुई लेकिन जब पूरा डेटा सामने आएगा तो यह आंकड़ा 1,240 करोड़ डॉलर तक पहुंच सकता है।

# तेलंगाना सरकार की वित्तीय हालात खस्ता, जरूरत से ज्यादा लिया कर्ज

### -रामाराव ने सीएम रेड्डी को राज्य के वित्त पर बहस करने की दी चुनौती

**हैदराबाद (एजेंसी)।** तेलंगाना में बजट सत्र से पहले पैसे की कमी है। पहले 297 करोड़ का फायदा होने वाला था, लेकिन जनवरी तक 26,050 करोड़ का घाटा हो गया। सरकार की जेब खाली हो रही है। अगर तीन बड़ी योजनाओं शुरू हो गई तो ये और भी बढ़ जाएगा। पहली योजना रायतू भरोसा है। इसमें किसानों को हर साल प्रति एकड़ 12 हजार मिलेंगे। दूसरी योजना इंदिराम्मा आत्मीय भरोसा है। इसमें भूमिहीन मजदूरों को 12 हजार सालाना मिलेंगे। तीसरी योजना इंदिराम्मा इंदुलू है। इसमें बेघर लोगों को घर बनाने के लिए पांच लाख की मदद दी जाएगी।

तेलंगाना सरकार ने जरुरत से ज्यादा कर्ज ले लिया है। 49,255 करोड़ के बजट की जगह जनवरी तक 58,596 करोड़ का कर्ज लिया गया। इसमें से 10,386 करोड़ तो सिर्फ एक महीने में ही लिया। चुनाव में महिलाओं को हर महीने 2,500 रुपए देने का वादा भी अभी पूरा नहीं हुआ है। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव ने सीएम ए रेवंत रेड्डी को विधानसभा में राज्य के वित्त पर बहस के लिए चुनौती दी है। केटीआर ने सीएम रेड्डी पर राज्य को गलत प्रबंधन और झूठे प्रचार से वित्तीय संकट में धकेलने का आरोप लगाया है।

केटीआर ने कहा कि हिम्मत है, तो आइए तथ्यों पर बहस करें। हम बताएंगे कि कैसे कांग्रेस की लापरवाह नीतियां तेलंगाना को बर्बाद कर रही हैं। जनता को सच्चाई जानने का हक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार तेलंगाना की प्रगति के बारे में झूठ फैला रही है। उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई हमारे राज्य का अपमान करेगा या उसे कम आंकने की कोशिश करेगा तो हम चुप नहीं बैठेंगे। केसीआर के नेतृत्व में तेलंगाना की उपलब्धियों को झूठ और प्रचार से मिटाया नहीं जा सकता।

बीआरएस नेता ने कहा कि राज्य सांख्यिकी की रिपोर्ट जो एक आधिकारिक सरकारी दस्तावेज है, ने सच्चाई सामने ला दी है। उन्होंने दावा किया कि रिपोर्ट रेवंत रेड्डी के बढ़ते कर्ज के बयानों का खंडन करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने खुद एक रिपोर्ट जारी की है जिसमें दिखाया गया है कि केसीआर के नेतृत्व में तेलंगाना की वित्तीय स्थिति कैसे मजबूत हुई। फिर भी रेवंत झूठ फैला रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक तेलंगाना का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 2014 में पांच लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2023 तक 15 लाख करोड़ रुपए हो गया, यानी 300 फीसदी की बढ़ोतरी। केटीआर ने जोर देकर कहा कि इस विकास ने तेलंगाना को गुजरात जैसे औद्योगिक रूप से उन्नत राज्यों से आगे रखा है।



आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी -भारत-पाकिस्तान

# मोहम्मद शमी ने पहले ही ओवर में फेंकी पांच वाइड गेंदें, बनाया शर्मनाक रिकॉर्ड

**यूएई (एजेंसी)।** मोहम्मद शमी ने रविवार को दुबई में पाकिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान वनडे में किसी भारतीय द्वारा संयुक्त रूप से सबसे लंबा ओवर फेंकने का रिकॉर्ड बनाया। पारी का पहला ओवर इमाम-उल-हक को फेंकते हुए शमी ने 11 गेंदें फेंकी और छह रन दिए। पांच रन वाइड रहे क्योंकि शमी अपनी स्विंग को नियंत्रित करने में संघर्ष कर रहे थे और लाइन से भटक गए।

वह जहीर खान और इरफान पठान के बाद 11 गेंद का ओवर फेंकने वाले तीसरे भारतीय हैं। रविवार को शमी का ओवर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का तीसरा सबसे लंबा ओवर भी था। बांग्लादेश के हसीबुल हुसैन और जिम्बाब्वे के तिनाशे पन्यांगरा ने प्रतियोगिता में सबसे लंबे ओवर (13 गेंद) फेंके हैं।

गौर हो कि दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में चैम्पियंस ट्रॉफी के तहत खेले जा रहे भारत-पाकिस्तान मैच में पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने टॉस जीतकर




पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। रिजवान ने टॉस जीतने के बाद कहा, %पहले बल्लेबाजी करेंगे, पिच अच्छी लग रही है। अच्छा लक्ष्य रखना चाहते हैं। आईसीसी इवेंट में हर मैच महत्वपूर्ण होता है, हम चीजों को सामान्य रखेंगे। लड़के इन परिस्थितियों से परिचित हैं, हमने यहां अच्छा प्रदर्शन किया है और हम आज अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं। हम अपना पिछला मैच हार गए थे, लेकिन अब यह हमारे लिए अतीत की बात है। एक बदलाव - फखर बाहर हैं, इमाम को शामिल किया गया है।

रोहित शर्मा ने कहा, इससे (टॉस) कोई फर्क नहीं पड़ता, उन्होंने टॉस जीता इसलिए हम पहले गेंदबाजी करेंगे। पिछले मैच जैसा ही लग रहा है, पिच धीमी है। हमारे पास बल्लेबाजी में अनुभवी खिलाड़ी हैं इसलिए हम जानते हैं कि अगर पिच धीमी होती है तो हमें क्या करना चाहिए। टीम से बल्ले और गेंद से समग्र प्रदर्शन की जरूरत है। पिछला मैच हमारे लिए आसान नहीं था, जो हमेशा अच्छा होता है। आप दबाव में रहना चाहते हैं और खुद को परखना चाहते हैं। हम उसी टीम के साथ खेल रहे हैं।

### ऐसा रहा शमी का पहला ओवर

पहली गेंद - 0
दूसरी गेंद - वाइड
दूसरी गेंद - 0
तीसरी गेंद - लगातार दो वाइड
तीसरी गेंद- 0
चौथी गेंद - एक रन
पांचवीं गेंद - 0
छठी गेंद - फिर लगातार दो वाइड
छठी गेंद - 0

### प्लेइंग 11

**भारत** –रोहित शर्मा (कप्तान), शुबमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, केएल राहुल (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जड़ेजा, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, कुलदीप यादव

**पाकिस्तान** – इमाम–उल–हक, बाबर आजम, सऊद शकील, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर/कप्तान), सलमान आगा, तैयब ताहिर, खुशदिल शाह, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, हारिस रऊफ, अबरार अहमद

## तड़फड़ाते बाबर आजम को यूं किया ठंडा, रोहित शर्मा ने बिछाया जाल, फिर हार्दिक पंड्या ने किया शिकार

### बाबर आजम जब आउट होकर पवेलियन जाने लगे तो हार्दिक पंड्या ने करारा सेंड ऑफ दिया




**दुबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के महामुकाबले में भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान टीम को पहले ही ओवर में थोड़ी छूट मिल गई। मोहम्मद शमी ने पांच वाइड गेंदें कीं तो पाकिस्तानी ओपनर इमाम उल हक और बाबर आजम का उत्साह थोड़ा बढ़ गया। देखते ही देखते दोनों ने पहले विकेट के लिए 8.1 ओवर में 41 रनों की साझेदारी भी कर डाली। ऐसा लग रहा था कि शुरुआती छूट भारत के लिए बड़ी मुश्किल खड़ी कर सकती है, लेकिन 9वें ओवर की दूसरी गेंद पर हार्दिक पंड्या ने राह का सबसे बड़ा कांटा निकाला। उन्होंने विकेट के पीछे केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराया।

इससे पहले टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने फील्ड में थोड़ा बदलाव किया था। कवर को थोड़ा ऊपर लेकर आए थे, जिससे बाबर आजम पर अतिरिक्त दबाव बना। दरअसल, बाबर ने कवर्स पर पहली गेंद पर चौका लगाया था। हार्दिक पंड्या गेंद में वैरिएशन के लिए मशहूर हैं। गेंद को देखकर ऐसा लगा कि रफ्तार में बदलाव किया गया था। बाबर के बल्ले पर लगने के बाद विकेट से काफी दूर खड़े केएल राहुल के पास गई, जिन्होंने गेंद को लपकने में कोई गलती नहीं की। इस तरह से पाकिस्तान को पहला झटका लगा। फॉर्म में वापसी के लिए तड़फड़ा रहे बाबर की पारी 26 गेंदों में 23 रन पर खत्म हुई, जबकि 5 चौके उनके बल्ले से निकले।

इससे पहले पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने भारत के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत हासिल करने वाली अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया है जबकि पाकिस्तान ने चोटिल सलामी बल्लेबाज फखर जमां के स्थान पर इमाम उल हक को अंतिम एकादश में शामिल किया। भारत ने अपने पहले मैच में बांग्लादेश को छह विकेट से हराया था और वह इस मैच में जीत हासिल करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करना चाहेगा। दूसरी तरफ पाकिस्तान अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड से 60 रन से हार गया था और उसके लिए यह मैच करो या मरो जैसा है।

## अक्षर पटेल का ऐसा गन थ्रो, गोली की रफ्तार से उखाड़ दिए स्टंप्स... फ्रेम में भी नहीं इमाम उल हक




**दुबई (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी मुकाबला हो रहा है। बांग्लादेश के खिलाफ पिछले मैच में भारत की फील्डिंग काफी खराब रही थी। मैदान पर कई खिलाड़ियों ने कैच गिराए। लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम बेहतरीन फील्डिंग दिखा रही है। ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने इमाम उल हक को रन आउट कर पवेलियन भेजा। अक्षर के सीधे थ्रो ने इमाम की पारी का अंत किया।

**अक्षर ने नहीं दिया इमाम को मौका** – पाकिस्तान की पारी का 10वां ओवर चल रहा था। कुलदीप यादव की गेंद पर इमाम ने मिड-ऑन की तरफ शॉट खेला। रन लेने के चक्कर में तेजी दिखाते हुए इमाम क्री से बाहर निकल गए। 30 गज के घेरे के अंदर मौजूद अक्षर ने गेंद को लपका और तेजी से थ्रो मारकर स्टंप्स उड़ा दिए। इमाम इस समय क्रीज से बाहर थे और उन्हें पवेलियन भेज दिया। इस शानदार रन आउट से भारत को दूसरी सफलता मिली।

**इमाम को फखर की जगह मौका**– इमाम उल हक 26 गेंदों पर 10 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें फखर जमान की जगह खेलने का मौका मिला है। वह तो इस चैंपियंस ट्रॉफी टीम का भी हिस्सा नहीं थे। पहले मैच में फखर जमान चोटिल हो गए थे, उनकी जगह टीम में इमाम को शामिल किया गया। वह वर्ल्ड कप 2023 से ही पाकिस्तानी वनडे टीम से बाहर चल रहे थे। वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने अपना आखिरी वनडे मैच खेला था।

आस्ट्रेलिया-इंग्लैंड

# एलेक्स केरी का गजब कैच, फिल साल्ट के उड़ा दिए होश

**लाहौर (एजेंसी)।** लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में एलेक्स केरी ने फिल सॉल्ट का गजब कैच पकड़कर सबके होश उड़ा दिए। इंग्लैंड की टीम जब पहले खेलने उतरी थी तो सॉल्ट ने पहले ही ओवर में कुछ शॉट लगाए थे। दूसरा ओवर द्वारशुइस ने फेंकना था। मैच की तीसरी गेंद तेजी से साल्ट के बल्ले से टकराकर मिड-ऑन बाउंड्री की ओर निकल गई। कैरी वहां खड़े थे, उन्होंने जमीन को कवर किया और गोता लगाते हुए गेंद को हवा में पकड़ लिया। कैच देखते ही फैंस उत्साहित हो गए।

कमेंट्री कर रहे माइकल एथरटन ने कहा कि क्या कैच है, यह एक अविश्वसनीय कैच है... कैरी, जिन्हें हम आम तौर पर स्टंप के पीछे देखते हैं, ने खुद को दाईं ओर उछाला है और मिड-ऑन पर काफी शानदार कैच लिया है। वहीं, मेल जोन्स ने कहा कि अगर वह कभी विकेटकीपिंग में वापस जाना चाहेगा तो शायद वह अब ऐसा नहीं करेगा, अगर वह इसी तरह कैच पकड़ता रहा। वहीं सोशल मीडिया पर भी केरी की तारीफ हुई। एक फैन ने लिखा- केरी सुपरमैन फील्डर! यह डेढ़ गुना ज्यादा चिल्लाने वाला है... अपमानजनक कैच!! दूसरे ने लिखा- फ्लाइंग एलेक्स कैरी का एक स्टनर... आपके द्वारा देखे गए सर्वश्रेष्ठ कैचों में से एक।

मैच की बात करें तो लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के खिलाफ 352 रन का रिकॉर्ड चेज कर लिया।



ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाज जोश इंग्लिस ने 86 गेंदों पर 120 रन की पारी खेली। इंग्लैंड ने पहले खेलते हुए बेन डंकेट के 165 तो जो रूट के 68 रनों की बदौलत 8 विकेट खोकर 351 रन बनाए थे। डकेट चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत खराब रही। लेकिन मैथ्यू शॉर्ट ने 63 तो लबुछेन ने 47 रन बनाकर स्कोर पटरी पर ला दिया। आखिर जोश इंग्लिस ने एक छोर संभाला और 120 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी। जोश को एलेकस कैरी का बाखूबी साथ मिला जिन्होंने 63 गेंदों पर 69 रन बनाए। मैक्सवेल ने भी 32 रनों का सहयोग किया।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**ऑस्ट्रेलिया**– मैथ्यू शॉर्ट, ट्रैविस हेड, स्टीवन स्मिथ (कप्तान), मार्नस लाबुशेन, जोश इंगलिस (विकेट कीपर), एलेक्स कैरी, ग्लेन मैक्सवेल, बेन ड्वार्शिस, नाथन एलिस, एडम जम्पा, स्पेंसर जॉनसन

**इंग्लैंड** – फिलिप साल्ट, बेन डकेट, जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), जो रूट, हैरी ब्रुक, जोस बटलर (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, ब्रायडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, आदिल राशिद, मार्क वुड

## युवराज सिंह का बाऊंड्री रोप पर जोरदार कैच, टीम 4 रन से जीती

**मुंबई (एजेंसी)।** नवी मुंबई की डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में इंडिया मास्टर्स ने खेले गए रोमांचक मुकाबले के दौरान श्रीलंका मास्टर्स को 4 रन से हरा दिया। इंटरनेशनल मास्टर्स लीग टी20 के तहत खेले गए इस मुकाबले में इंडिया मास्टर्स ने पहले खेलते हुए गुरकीरत के 33, स्टुअर्ट बिन्नी के 68, यूसुफ पठान ने 56 रन बनाकर स्कोर 222 रन तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी श्रीलंकाई टीम ने एक समय संगाकरा और थिरमाने की बदौलत मजबूत



शुरूआत की लेकिन तभी 8वें ओवर में इंडिया मास्टर्स के युवराज सिंह ने बाऊंड्री रोप पर जोरदार कैच पकड़कर कैच का पासा ही पलट दिया। थिरमाने ने इरफान पठान की गेंद पर सीधी शॉट लगाई थी जिसे बाऊंड्री रोप पर पहले से मुस्तैद खड़े युवराज ने छलांग लगाकर पकड़ लिया।

**इंडिया मास्टर्स – 222/4 (20 ओवर)** – इंडिया मास्टर्स ने खराब शुरुआत के बाद अपने मध्य और निचले क्रम की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर 20 ओवरों में 222/4 का मजबूत स्कोर बनाया। सचिन तेंदुलकर तीसरे ओवर में 8 गेंदों में 10 रन बनाकर सुरंगा लकमल की गेंद पर आउट हो गए। इसके तुरंत बाद नमन ओझा आए, जिससे 4 ओवर के बाद भारत का स्कोर 26/2 हो गया। गुरकीरत सिंह मान (32 में से 44) और स्टुअर्ट बिन्नी ने एक महत्वपूर्ण साझेदारी की। बिन्नी ने श्रीलंकाई गेंदबाजों पर आक्रमण करते हुए 22 गेंदों में अर्धशतक बनाया। फिर यूसुफ पठान और युवराज सिंह ने चौकों और छक्कों की बौछार कर दी। बिन्नी 30 गेंदों में 68 रन बनाकर (एक छक्के सहित) इसुरु उदाना की गेंद पर बोल्ड हुए। यूसुफ़ पठान 22 गेंदों में 56 रन बनाकर नाबाद रहे, उन्होंने 20 गेंदों में अर्धशतक बनाया, जबकि युवराज सिंह ने 22 गेंदों में 31 रन का योगदान दिया। इस जोड़ी ने अंतिम 5 ओवरों में 76 रन जोड़े।

**श्रीलंका मास्टर्स : 218/9 (20 ओवर)** – कुमार संगकारा और उपुल थरंगा ने मजबूत इरादे के साथ शुरुआत की। थरंगा 10 रन बनाकर कुलकर्णी की गेंद पर आऊट हो गए। लेकिन संगकारा ने 30 गेंदों में 51 रन बनाकर पारी को आगे बढ़ाया। लाहिरू थिरिमाने (17 में से 24) ने युवराज सिंह द्वारा पठान की गेंद पर कैच आउट होने से पहले तेज कैमियो का रोल निभाया। 10वें ओवर में संगकारा के आउट होने के बाद श्रीलंका का स्कोर 99/3 हो गया। जीवन मेंडिस और इसरु उडाना ने मैच को संभालने की कोशिश की। जीवन ने जहां 17 गेंदों पर 3 चौके और 3 छक्कों की मदद से 42 रन बनाए तो वहीं, इसरु ने 7 गेंदों पर 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 23 रन बनाए। आखिरी ओवरों में गिरे 2 विकेटों के कारण श्रीलंका को चार रन से हार झेलनी पड़ी।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**श्रीलंका मास्टर्स** – कुमार संगकारा (विकेटकीपर/कप्तान), उपुल थरंगा, लाहिरू थिरिमाने, असेला गुणरत्ने, जीवन मेंडिस, अशान प्रियंजन, चतुरंगा डी सिल्वा, इसुरु उदाना, सुरंगा लकमल, सीकुगे प्रसन्ना, नुवान प्रदीप

**इंडिया मास्टर्स** – सचिन तेंदुलकर (कप्तान), गुरकीरत सिंह मान, युवराज सिंह, अंबाती रायडू (विकेटकीपर), यूसुफ पठान, इरफान पठान, स्टुअर्ट बिन्नी, शाहबाज नदीम, विनय कुमार, अभिमन्यु मिथुन, धवल कुलकर्णी

## चहल-धनश्री का तलाक फाइनल नहीं हुआ

### वकील ने कहा, मामला कोर्ट में चल रहा; परिवार बोला- युजवेंद्र से 60 करोड़ नहीं मांगे



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा का तलाक फाइनल नहीं हुआ है। धनश्री की वकील ने मीडिया से कहा, मामला फिलहाल कोर्ट में चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में ही बताया गया था कि दोनों का तलाक फाइनल हो चुका है।

टीओआई की रिपोर्ट अनुसार, धनश्री के परिवार ने यह भी कहा कि उन्होंने युजवेंद्र या उनके परिवार से 60 करोड़ रुपए नहीं मांगे हैं। चहल और धनश्री की शादी दिसंबर 2020 में हुई थी, दोनों 2023 से अलग-अलग रह रहे थे।

**वकील ने कहा- तलाक फाइनल होना बाकी** – धनश्री की वकील अदिति मोहन ने कहा, मामला फिलहाल कोर्ट में है, तलाक फाइनल नहीं हुआ है। मीडिया को रिपोर्ट करने से पहले फैक्ट चेक करना चाहिए। दोनों को लेकर कई गलत जानकारियां फैलाई जा रही हैं।

**परिवार बोला- चहल से 60 करोड़ नहीं मांगे** – धनश्री के परिवार ने कहा, एलिमनी (गुजारा भत्ता) की गलत खबरों से हम दुखी हैं। हमने चहल से किसी भी तरह की रकम नहीं मांगी। न ही उन्होंने सामने से कुछ ऑफर किया है। 60 करोड़ रुपए मांगने की बात गलत है। हम मीडिया से निवेदन कर रहे हैं कि इस तरह की खबरें न फैलाएं।चहल ने कुछ समय पहले इंस्टाग्राम से धनश्री के साथ सभी फोटोज डिलीट कर दी थीं।

**दोनों 18 महीने से अलग रह रहे थे** – वकील ने यह भी खुलासा किया कि अंतिम फैसला लेने से पहले दोनों पिछले 18 महीनों से अलग रह रहे थे। चहल और उनकी पत्नी धनश्री के तलाक की अफवाहें काफी समय से सोशल मीडिया पर चल रही थीं। हालांकि, चहल और धनश्री का अभी तक ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है।

**झलक दिखला जा-11 शो में लव स्टोरी सुनाई थी** – धनश्री वर्मा ने झलक दिखला जा-11 के एक एपिसोड के दौरान युजवेंद्र चहल के साथ अपनी लव स्टोरी के बारे में खुलासा किया था। उन्होंने बताया कि कैसे चहल ने लॉकडाउन के दौरान उनसे डांस सीखने के लिए संपर्क किया था। इसके बाद धनश्री उन्हें डांस सिखाने के लिए राजी हो गईं। बाद में दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो गया।

**2023 में धनश्री ने हटाया था चहल का नाम** – साल 2023 में युजवेंद्र चहल ने अपने सोशल मीडिया पर एक स्टोरी शेयर की थी, जिसमें लिखा था, नई जिंदगी आ रही है। इसके बाद एक्ट्रेस धनश्री ने अपने इंस्टाग्राम में यूजर नेम से सरनेम चहल हटा दिया था। इसके बाद उनके तलाक की अफवाहें तेज हो गई थीं। हालांकि, बाद में क्रिकेटर ने तलाक की खबरों को अफवाह करार दिया।

**टीम इंडिया से बाहर हैं युजवेंद्र चहल** – युजवेंद्र चहल अभी टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। वह टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने वाली टीम का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला। जनवरी 2023 में उन्होंने भारत के लिए आखिरी वनडे, जबकि अगस्त 2023 में आखिरी टी-20 खेला था। इसके बाद भी आईपीएल 2025 की नीलामी में पंजाब किंग्स ने उन्हें 18 करोड़ में खरीदा।

## राजकुमार राव क्रिकेट टीम के दादा का रोल निभाएंगे

### सौरव गांगुली की बायोपिक फिल्म में एक्टर के नाम का एलान, रिलीज डेट को लेकर इश्यू

मुंबई (एजेंसी)। राजकुमार राव जल्द ही अपकमिंग बायोपिक फिल्म में पूर्व भारतीय क्रिकेट कैप्टन सौरव गांगुली की भूमिका में नजर आएंगे। काफी समय से हीरो को लेकर चर्चा हो रही थी कि ऑन-स्क्रीन सौरव की भूमिका में कौन नजर आएगा। अब खुद क्रिकेटर ने अनाउंस किया है कि बड़े पर्दे पर उनकी भूमिका राजकुमार राव अदा करेंगे।



**राजकुमार राव बनेंगे सौरव गांगुली** – पश्चिम बंगाल के बर्धमान में गुरुवार को मीडिया से बात करते हुए सौरव गांगुली ने कहा, 'जो मैंने सुना है, उसके अनुसार राजकुमार राव लीड रोल निभाएंगे, लेकिन डेट को लेकर इश्यू है। इसलिए इस बायोपिक फिल्म के सिनेमाघरों में रिलीज होने में एक साल से ज्यादा का समय लग जाएगा।'

## यूपी वारियर्स ने महिला प्रीमियर लीग 2025 में हासिल की पहली जीत, हेनरी बनी हीरो

**बेंगलूर (एजेंसी)।** महिला प्रीमियर लीग के तहत बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में ऊलटफेर करते हुए यूपी वारियर्स ने मजबूत नजर आ रही दिल्ली कैपिटलस को 33 रन से हरा दिया है। पहले खेलते हुए यूपी वारियर्स ने कमजोर शुरूआत के बावजूद हेनरी के 32 गेंदों में 62 रनों की बदौलत 177 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी दिल्ली टीम जेमिमा के 56 रनों के बावजूद 144 रन ही बना पाई।

**यूपी वारियर्स महिला = 177/9 (20 ओवर)** – दीप्ति शर्मा के उत्कृष्ट प्रदर्शन और उनके मध्य क्रम के योगदान की बदौलत यूपी वारियर्स ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 177 रन बनाए। मारिज़ैन कप्प के नेतृत्व में दिल्ली के गेंदबाजों ने यूपी के टॉप क्रम को बिखेर दिया था। कॅप ने ग्रेस हैरिस को आउट कर यूपी वारियर्स को नाजुक स्थिति में पहुंचा दिया। जब दीप्ति शर्मा भी जल्द आऊट हो गई थी चिनेले हेनरी ने आगे आकर टीम को संभाला। उन्होंने दिल्ली की मजबूत गेंदबाजी लाइनअप को चुनौती दी। उन्होंने 23 गेंदों पर 2 चौके और 8 छक्कों की मदद से 62 रन बनाए



और स्कोर 177 तक ले गई। दिल्ली की ओर से जोनासन ने 31 रन देकर 4 विकेट लीं। वहीं, अरुंधति और मेरिजाना ने 2-2 विकेट लिए।

**दिल्ली कैपिटल्स महिला = 144/10 (19.3 ओवर)** – पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ा। यूपी वारियर्स के गेंदबाजों खासकर सोफी एक्लेस्टोन और दीप्ति शर्मा ने शुरुआत में ही दबाव बना दिया। दिल्ली को अपने शीर्ष क्रम के साथ संघर्ष करना पड़ा और उसने अनुशासित गेंदबाजी के सामने महत्वपूर्ण विकेट गंवाए। दिल्ली की ओर से अकेली जेमिमा रोड्रिग्ज ने फाइट की। उन्होंने 35 गेंदों पर 8 चौके और 1 छक्के की मदद से 56 रन बनाए। लेकिन वह टीम को 33 रन की हार से नहीं बचा पाई। यह डब्ल्यूपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स की पहली जीत थी।

मेग लैनिंग ने कहा कि पहले 15 ओवरों में (गेंद से) काफी अच्छा प्रदर्शन किया। हमने सही लेंथ पर गेंद डाली। विकेट में थोड़ा सा हिस्सा था। हेनरी ने शानदार बल्लेबाजी की। हमारे पास उत्तर नहीं थे, वह बहुत अच्छी थी। हमारे पास ऐसे पैच हैं जहां हमने अच्छा खेला है। निश्चित तौर पर कुछ क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है।

वहीं, ग्रेस हैरिस ने कहा कि हमारी गेंदबाजी अच्छी नहीं थी। हम अपने समय का आनंद ले रहे हैं और डब्ल्यूपीएल को पसंद कर रहे हैं। उम्मीद है कि यह (जीत) हमारे लिए स्थिति बदल देगी। मैं आज गेंदबाजों की बैठक में मजाक कर रही थी कि आज हैट्रिक लेने जा रही हूं। मैं प्रतियोगिता में आगे बढ़ते हुए बल्ले से कुछ करके दिखाना चाहता हूं। आशा करते हैं कि हम मुंबई इंडियंस और आरसीबी को आगे बढ़ाएंगे।

दीप्ति शर्मा ने कहा कि यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण जीत थी। जब आप इस तरह के मैच जीतते हैं तो सकारात्मक विचार प्राप्त करें। बल्लेबाजों की मानसिकता साफ थी। हेनरी ने अच्छी पारी खेली, उसने अपनी ताकत का समर्थन किया, हमें आगे बढ़ने के लिए अपनी फील्डिंग में सुधार करने की जरूरत है। एक टीम के तौर पर हमें आगे भी जीतते रहना होगा।

प्लेयर ऑफ द मैच चिनेले हेनरी ने कहा कि मेरा रोल बिल्कुल स्पष्ट है। खिलाड़ियों को मेरे लिए चीजें तैयार करनी होंगी ताकि मैं इसे पूरा कर सकूं। मुझे अपने कौशल का समर्थन करने की आवश्यकता है। वहां जाकर अपनी योजनाओं को क्रियान्वित करने की जरूरत है। गेंद अभी भी घूम रही थी, यह सिर्फ खुद का समर्थन करने और अपने कौशल का समर्थन करने के बारे में था। आज रात यह मेरे लिए अच्छा था।

# ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है आरबीआई

**● इससे होम लोन व कार लोन और सस्ते होंगे ● महंगाई दर जल्द ही सीमा के अंदर आने की उम्मीद**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया आने वाले महीनों में ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है। इससे अर्थव्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद है। विकसित देशों के केंद्रीय बैंक महंगाई पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं, लेकिन रिजर्व बैंक की प्राथमिकता फिलहाल विकास को बढ़ावा देना है। अलग ब्याज दरों में फिर से कटौती होती है तो इससे होम लोन, कार लोन आदि और सस्ते हो जाएंगे। साथ ही ईएमआई का बोझ भी कम होगा।

रिजर्व बैंक का मानना है कि महंगाई दर जल्द ही सरकार की ओर से तय सीमा के अंदर आ जाएगी। इसके लिए वह ब्याज दरों में कटौती के अलावा भी कई कदम उठा सकता है। ये बात मौद्रिक नीति समिति की हालिया बैठक के विवरण से पता चलती है। यह बैठक शुक्रवार को हुई। बता दें कि इस महीने 5 से 7 फरवरी तक एमपीसी की बैठक हुई थी।

**25 बेसिस पॉइंट की हुई है कटौती–** रिजर्व बैंक ने 7 फरवरी को मीटिंग में लिए गए फैसलों की घोषणा की थी। उस समय केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती की थी। यह अब 0.25 प्रतिशत कम होकर 6.25 प्रतिशत हो गया है। 5 साल में यह पहली बार था जब ब्याज दरों में कमी की गई। अब इसका असर दिखने लगा है। एसबीआई और पीएनबी समेत कई बैंक ब्याज दरें घटा चुके हैं और लोगों को सस्ता लोन मिल रहा है।



**महंगाई पर कम पड़ेगा असर–** एमपीसी ने यह भी संकेत दिया कि वैश्विक व्यापार चुनौतियों का महंगाई पर बहुत कम असर पड़ेगा। साथ ही, ऊंची वास्तविक ब्याज दरें कर्ज की लागत को और कम करने का मौका देती हैं। वास्तविक ब्याज दर का मतलब है, ब्याज दर और महंगाई दर के बीच का अंतर। अगर ब्याज दर ज्यादा है और महंगाई कम है तो वास्तविक ब्याज दर ऊंची होती है।


## क्या है रिजर्व बैंक का प्लान?

एमपीसी के वे बाहरी सदस्य जो पिछली दो बैठकों में ब्याज दरों में कटौती के पक्ष में थे, उनका मानना है कि मौजूदा मौद्रिक नीति बहुत सख्त है। कर्ज वृद्धि दर में गिरावट को देखते हुए खपत और निवेश को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दरों में कमी करना जरूरी है। यानी रिजर्व बैंक आने वाले दिनों में ब्याज दरों में और कमी कर सकता है।

**रेट कट का ये सबसे मुफीद समय–** रिजर्व बैंक के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अपनी पहली एमपीसी की बैठक में ब्याज दरों में कटौती का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात और महंगाई दर को देखते हुए यह ब्याज दरों में कमी करने का सही समय है। उनका मानना है कि कम ब्याज दरों से खेती-बाड़ी का विकास होगा, लोगों का खर्च बढ़ेगा, घरों में निवेश होगा और कंपनियां भी पूंजी निवेश करेंगी। इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

# बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस ने 'एशिया इंश्योरेंस रिव्यू' के साथ जीआईईए की लॉन्चिंग की घोषणा की

**पुणे, एजेंसी।** भारत की प्रमुख प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनी में से एक बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस ने ग्लोबल इंश्योरेंस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स (जीआईईए) की लॉन्चिंग की घोषणा की, जिसका उद्देश्य एशिया, मिडल ईस्ट और नॉर्थ अफ्रीका में जनरल इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस के एडवाइज़र्स के उत्कृष्ट योगदान को सराहना और सम्मानित करना है. इंडस्ट्री में विश्वसनीय नाम और इस इवेंट में पार्टनर, एशिया इंश्योरेंस रिव्यू (एआईआर), वर्ष 2025 के अवॉर्ड्स की देखरेख और संचालन करेगी, जिससे इवेंट की विश्वसनीयता और अधिक बढ़ गई है और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता भी जुड़ गई है. बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस द्वारा आयोजित इस इवेंट में भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर की इंश्योरेंस इंडस्ट्री के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एडवाइज़र्स को ग्यारह अलग-अलग अवॉर्ड कैटेगरी में सम्मानित किया जाएगा।



अवॉर्ड्स का मूल्यांकन इंटरनेशनल इंश्योरेंस इंडस्ट्री विशेषज्ञ के एक प्रतिष्ठित पैनल द्वारा किया जाएगा, जिनके नाम इस प्रकार हैं- जीआईईए अवॉर्ड्स 2025 में, इंडस्ट्री की वास्तविक रीढ़ के रूप में इंश्योरेंस एडवाइज़र्स के असाधारण समर्पण, जुनून और कठोर परिश्रम को सम्मानित किया जाएगा. जीआईईए अवॉर्ड्स के लिए, जनरल और हेल्थ इंश्योरेंस सेक्टर के एडवाइज़र्स को विभिन्न अवॉर्ड कैटेगरी में खुद को नामांकित करने, अपनी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने और दूसरों को प्रेरित करने के लिए आमंत्रित किया जाता है. इन अवॉर्ड्स का उद्देश्य इंश्योरेंस सेक्टर में उनके शानदार योगदान को सम्मानित करना है, जो नागरिकों के साथ उनके सबसे चुनौतीपूर्ण समय में खड़े होकर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. जीआईईए अवॉर्ड्स इंश्योरेंस एडवाइज़र के परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाते हैं, जो सबसे अधिक ज़रूरी समय पर सच में बदलाव लाते हैं.

2025 के लिए जीआईईए अवॉर्ड की लॉन्चिंग पर, बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ, श्री तपन सिंघल ने कहा, एडवाइज़र्स इंश्योरेंस इंडस्ट्री के गुमनाम हीरो हैं, जो अपने कस्टमर के सबसे मुश्किल समय में उनके साथ खड़े रहते हैं, उन्हें मार्गदर्शन, सहायता और पूरा समर्थन प्रदान करते हैं. उनके योगदान पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता है लेकिन सच यह है कि वे इंश्योरेंस सेक्टर की रीढ़ हैं, और उनके शानदार प्रयासों को सम्मानित करने का समय आ गया है. ग्लोबल इंश्योरेंस एक्सीलेंस अवॉर्ड्स (जीआईईए) के साथ, हमारा उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहुंच और प्रभाव को बढ़ाकर उत्कृष्टता को पहचानने के लिए बेंचमार्क को बेहतर बनाना है।

# अमेरिका की राह पर भारत...!

## फूड ऑयल के आयात पर बढ़ा सकता है टैक्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनियाभर के निशाने पर हैं। कारण है उनका टैरिफ। उन्होंने भारत समेत दुनिया के लगभग हर देश पर टैरिफ लगाया है। ट्रंप का कहना है कि वह स्थानीय व्यापार को बढ़ाना देने के लिए ऐसा कर रहे हैं। भारत समेत दुनिया के कई देश भी ऐसा करते हैं। अब भारत भी अपने स्थानीय किसानों की मदद के लिए आगे आया है। जानकारी के मुताबिक



भारत वनस्पति तेलों के आयात पर टैक्स बढ़ा सकता है। रॉयटर्स के मुताबिक दो सरकारी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि भारत अपने हजारों तिलहन किसानों को घरेलू तिलहन कीमतों में गिरावट से राहत देने के लिए वनस्पति तेलों पर आयात टैक्स बढ़ा सकता है। अगर ऐसा होता है छह महीने से भी कम समय में दूसरी बार वनस्पति तेलों पर इंपोर्ट टैक्स बढ़ेगा। इस समय किसानों को वनस्पति तेल पर काफी नुकसान हो रहा है। इसलिए सरकार उनकी मदद करना चाहती है।

**महंगा हो सकता है फूड ऑयल–** भारत फूड ऑयल का दुनिया का सबसे बड़ा आयातक है। अगर भारत फूड ऑयल के इंपोर्ट टैक्स बढ़ाता है तो भारत को महंगी कीमत पर दूसरे देशों से यह तेल खरीदना होगा। क्योंकि नुकसान की भरपाई के लिए दूसरे देश तेल की कीमत बढ़ा देंगे। इससे भारत में यह तेल महंगा बिकेगा।

# विप्रो वाले अजीम प्रेमजी ने 9 कंपनियों पर लगाया है दांव

**मुंबई एजेंसी।** अजीम हाशिम प्रेमजी को तो जानते ही होंगे। वह मशहूर सॉफ्टवेयर कंपनी विप्रो के चेयरमैन थे। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक उनका नेटवर्थ 35.9 बिलियन डॉलर बताया जाता है। उनकी इनवेस्टमेंट कंपनी प्रेमजी इन्वेस्ट , ने बीते शुक्रवार को ओपन मार्केट में नौ कंपनियों के ढेरों शेयर खरीदे। इनमें भारती एयरटेल, जिंदल स्टील एंड पावर और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियां शामिल हैं। इस सौदे की कुल कीमत 446 करोड़ रुपये रही। अन्य छह कंपनियों में अदानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक ज़ोन, अंबुजा सीमेंट्स, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, आइसीआइसीआइ बैंक, इंफोसिस और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस शामिल हैं।

**किस कंपनी के कितने शेयर खरीदे–** पीटीआई के मुताबिक प्रेमजी इन्वेस्ट ने अपनी सहयोगी कंपनी के माध्यम से ये शेयर खरीदे हैं। इस सौदे में भारती एयरटेल के 5.44 लाख शेयर,



जिंदल स्टील पावर के 9.72 लाख शेयर और रिलायंस इंडस्ट्रीज के 5.70 लाख शेयर खरीदे गए। इंफोसिस के 3.28 लाख शेयर भी इस सौदे का हिस्सा रहे। ब्लॉक डील के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

**और कौन सी कंपनी में कितने शेयर–** इनके अलावा, आइसीआइसीआइ बैंक के 3.33 लाख शेयर, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज के 8.13 लाख शेयर, अंबुजा सीमेंट्स के 5.14 लाख शेयर भी खरीदे गए। एपीएसइजेड के 1.09 लाख शेयर और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के 84,375 शेयर भी प्रेमजी इन्वेस्ट ने अपने पोर्टफोलियो में जोड़े। ये शेयर 477.2 रुपये से लेकर 1,807.15 रुपये प्रति शेयर की कीमत पर खरीदे गए। इस तरह कुल सौदे की कीमत 446.38 करोड़ रुपये हुई।

**इन कंपनियों के शेयर बेचे–** दूसरी तरफ, तारिश इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग कंपनी ने इन नौ कंपनियों के शेयर बेचे। यह कंपनी हशम इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग कंपनी से जुड़ी है। हशम इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेडिंग कंपनी, सेबी के साथ रजिस्टर्ड वेंचर कैपिटल फंड्स को निवेश सलाहकार सेवाएं देती है। इसकी मूल कंपनी अज़ीम प्रेमजी ट्रस्टी कंपनी है, जिसके मुख्य प्रमोटर खुद अज़ीम प्रेमजी हैं।

**शुक्रवार को इनमें गिरावट–** बीते शुक्रवार को शेयर बाजार में कुछ कंपनियों के शेयरों में गिरावट देखी गई।

**अमीरों को लगा झटका**

# दुनिया में मस्क के बाद सबसे ज्यादा घटी अदाणी की संपत्ति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनियाभर के शेयर बाजारों में भारी उथल-पुथल के कारण इस साल अब तक शीर्ष अमीरों की संपत्तियों में भारी गिरावट आई है। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी की संपत्ति में टेस्ला के संस्थापक एलन मस्क के बाद दूसरी सबसे बड़ी गिरावट देखी गई है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, दुनिया के 23वें सबसे अमीर कारोबारी गौतम अदाणी की संपत्ति 11.9 अरब डॉलर घटकर 66.8 अरब डॉलर रह गई है। इस दौरान मस्क की संपत्ति में 35.2 अरब डॉलर की कमी आई है और अब उनकी संपत्ति 397.3 अरब डॉलर है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से मस्क की संपत्ति में काफी तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिली थी और यह 400 अरब डॉलर के पार पहुंच गई थी।



**शिव नाडर को 4.53 अरब डॉलर व अंबानी को 2.9 अरब डॉलर का झटका–** ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की संपत्ति में भी इस साल बड़ी गिरावट आई है।उनकी संपत्ति 2.9 अरब डॉलर घटकर 87.7 अरब डॉलर रह गई।एचसीएलटेक के संस्थापक शिव नाडर की संपत्ति में 4.53 अरब डॉलर की कमीआई है। अब उनकी संपत्ति 38.6 अरब डॉलर रह गई है।

# धोनी के बालों की स्ट्रेटजी, जो आप बेशक जानना चाहेंगे!

मुंबई, एजेंसी। जब पावर कपल एमएस धोनी और साक्षी एक साथ आते हैं, तो आपको पता चल जाता है कि कुछ खास होने वाला है - इस बार, यह अवसर स्वाभाविक रूप से शानदार दिखने के लिए है, जिसका श्रेय गार्नियर ब्लैक नेचुरल्स को जाता है! अपने नवीनतम टीज़र में, उनके बीच की चंचल नोक-झोंक ने सुर्खियां (और आपका दिल) चुरा ली। जब साक्षी धोनी को उनके अंतहीन कैंडिड इंटरव्यू को लेकर चिढ़ाती हैं, तो वह खुद को यह बताने से नहीं रोक पातीं कि कैसे किसी ने हाल ही में उनसे पूछा था कि वह 43 साल की उम्र में भी 30 साल के कैसे दिखते हैं। उनका जवाब? बालों का कलर और दाढ़ी का कलर। लेकिन रुकिए-साक्षी तुरंत बताती हैं कि वह ही उनके बालों को रंगती है, ताकि क्रेडिट गेम में पीछे न रहे! इसलिए, जब वह उनसे पूछती हैं, आप कौन सा रंग इस्तेमाल करते हैं?, तो धोनी अपनी चिरपरिचित मुस्कान बिखेरते हुए, बिल्कुल धोनी स्टाइल में कहते हैं। मैं अभी अपने सभी सीक्रेट्स नहीं बता सकता। हम सभी ने क्रिकेट के मैदान पर एमएस धोनी के शांत, सोचसमझकर लिए गए निर्णय देखे हैं! लेकिन जब बात उनके बालों की आती है।

# नई सिविल एविएशन पॉलिसी के तहत मध्य प्रदेश सरकार हर 45 किमी पर हेलिपैड और हर 150 किमी पर हवाई अड्डा का करेगी निर्माण

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार ने अपनी नई सिविल एविएशन पॉलिसी के तहत राज्य में एयर कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। इस नीति के तहत हर 45 किलोमीटर की दूरी पर हेलिपैड और हर 150 किलोमीटर पर




एक नया हवाई अड्डा बनाया जाएगा। इससे राज्य में हवाई यात्रा को बढ़ावा मिलेगा और व्यापार व पर्यटन को गति मिलेगी। राज्य सरकार एयरलाइंस को आकर्षित करने के लिए विशेष वित्तीय प्रोत्साहन भी देगी। मध्य प्रदेश को अन्य राज्यों से जोड़ने वाली प्रत्येक नई घरेलू उड़ान के लिए सरकार 7.50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देगी। नई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए विमानन कंपनियों को 10 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इंदौर, उज्जैन और ओंकारेश्वर को हेलीकॉप्टर सेवाओं से जोड़ने के लिए जल्द ही टेंडर जारी किए जाएंगे। इससे इन महत्वपूर्ण धार्मिक और व्यापारिक केंद्रों तक पहुंच आसान होगी। इस कदम से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी, जिससे पर्यटन और व्यावसायिक यात्रा को बढ़ावा मिलेगा। यात्रा का समय भी घटेगा, जैसे भोपाल से इंदौर की हवाई यात्रा मात्र 55 मिनट में पूरी हो सकेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मानना है कि विकसित इंफ्रास्ट्रक्चर और रणनीतिक भौगोलिक स्थिति के कारण मध्य प्रदेश एक प्रमुख एयर कार्गो हब बन सकता है। इसकी क्षमता को देखते हुए, राज्य में 20 से अधिक आधुनिक कार्गो टर्मिनल स्थापित किए जा रहे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार और माल परिवहन को सुविधाजनक बनाएंगे। इस नीति से राज्य में रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। होटल, परिवहन, विमानन प्रशिक्षण संस्थान, ग्राउंड स्टाफ और पायलट जैसे क्षेत्रों में नौकरियां बढ़ेंगी।


# सनम तेरी कसम दुबारा रिलीज के बाद भी चार्ट्स पर सुपरहिट

**मुंबई, एजेंसी।** सनम तेरी कसम, जो एक पसंदीदा रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, 7 फरवरी 2025 को दोबारा सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह इसकी पहली बार हुई रिलीज के नौ साल पूरे होने का खास मौका था। पहली बार जब यह रिलीज़ हुई थी, तब बॉक्स ऑफिस पर कुछ ख़ास कमाल नहीं कर पाई। लेकिन समय के साथ, फिल्म को एक खास फैनबेस मिला, जहां लोग इसकी भावनात्मक कहानी और सुरीले संगीत से गहराई से जुड़ गए।

फिल्म की बढ़ती लोकप्रियता के कारण, फैंस ने इसकी दोबारा रिलीज की मांग की, क्योंकि उन्हें लगा कि यह फिल्म बड़े पर्दे पर एक और मौका पाने के लायक है। सनम तेरी कसम की फिर से रिलीज ने पूरे भारत में धूम मचा दी, यह साबित करते हुए कि फैंस की ताकत किसी भी फिल्म को रातो- रात सुपरहिट करा सकती है। कई महीनों से फैंस फिल्म के मुख्य अभिनेता हर्षवर्धन राणे को मैसेज कर रहे थे और इस पसंदीदा रोमांटिक ड्रामा को दोबारा रिलीज करने की मांग कर रहे थे। जिस वजह से 23 जनवरी 2025 को राणे ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया और फैंस से कहा कि वे प्रोड्यूसर्स को टैग करें और अपनी बात जोर से रखें। इसका नतीजा जबरदस्त रहा। राणे की पोस्ट पर 40,000 से ज्यादा कमेंट्स आए, जिसमें फैंस ने फिल्म को दोबारा रिलीज करने पर ज़ोर दिया। फैंस की इतनी बड़ी मांग देखकर प्रोड्यूसर्स को यकीन हो गया और उन्होंने सनम तेरी कसम को फिर से बड़े पर्दे पर लाने का फैसला किया। फिल्म के दोबारा रिलीज होते ही, यह बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही।

# ज्वेलरी, राखियां, नेमप्लेट... इको-फ्रेंडली चीजें बनाकर महिला कर रही मोटी कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर शौक और हुनर को बिजनेस में बदला जाए तो सफलता मिलते देर नहीं लगती। ऐसा ही कुछ किया है ओडिशा की सुधारानी मरांडी ने। उन्होंने अपने बचपन के शौक को एक सफल कारोबार में बदल दिया है। वह घर के लिए इको-फ्रेंडली सजावटी सामान, ज्वेलरी, टिशू बॉक्स, फोटो फ्रेम, नेमप्लेट आदि बनाती हैं। वह इन प्रोडक्ट को ऑनलाइन और ऑफलाइन बेचती हैं। इससे उन्हें हर महीने मोटी कमाई हो रही है।



**कॉलेज टाइम से शुरू की कमाई–** सुधारानी को जब भी अपने पिता से जेब खर्च मिलता था, वह उस रकम को डेकोरेशन का सामान खरीदने में खर्च कर देती थीं। हालांकि उनके पिता को सुधारानी का यह काम पसंद नहीं आता था। वह जब ग्रेजुएशन में आईं तो अपने जुनून को इनकम का एक छोटा सा जरिया बना लिया। कॉलेज के दिनों में वह इको-फ्रेंडली डेकोरेटिव चीजें बनातीं और उन्हें अपने फ्रेंड्स और जानकारों को बेच देती थीं। इसे उन्हें हर महीने करीब एक हजार रुपये की कमाई हो जाती थी।

**शुरू किया खुद का ब्रांड–** अपने इस हुनर को आगे बढ़ाते हुए सुधारानी ने अपना ब्रांड बनाया और इसका नाम उन्होंने झुनुक क्राफ्ट्स रखा। आज वह अपने इसी ब्रांड्स के अंतर्गत सारी चीजें बनाती हैं। इनका यह ब्रांड एमएसएमई में रजिस्टर्ड है।

# एनपीएस बाय प्रोटीयन ऐप में बड़ा सुधार : युवा निवेशकों के लिए और भी आसान होगी रिटायरमेंट प्लानिंग

**- ऐप पुराने और नए एनपीएस खाताधारक के लिए होगा उपलब्ध**

**- नया ऐप दोनों एंड्राइड और आईओएस उपभोक्ताओं को मिलेगा**

**मुंबई, एजेंसी।** प्रोटीयन ईगव टेक्नोलॉजिस लिमिटेड, (पूर्व में -एनएसडीएल ई-गवर्नेंस इंफ्रास्ट्रक्चर) नेशनल पेंशन स्कीम और अटल पेंशन योजना के खातों को संचालित करने वाली सबसे बड़ी सेंट्रल रिकॉर्डकीपिंग एजेंसी (सीआरए) ने अपने पेंशन मैनेजमेंट ऐप - 'एनपीएस बाय प्रोटीयन' को एक नया स्वरूप देते हुए इसमें कई नई विशेषताएं जोड़ी हैं, ख़ास तौर पर आज की डिजिटली जागरूक नयी पीढ़ी के लिए जिसमें कई नए फीचर भी हैं। चाहे आप पहले से एनपीएस से जुड़े हैं या अपना रिटायरमेंट प्लानिंग का सफ़र एनपीएस के साथ अभी शुरू कर रहे हों, यह नया ऐप आपको एक स्थान पर सभी समाधान देगा। दोनों एंड्राइड और आईओएस ग्राहकों के लिए उपलब्ध उए नया आप बेहद यूजर फ्रेंडली इंटरफेस देने के साथ ही इंट्युइटिव नेविगेशन और बेहतर सुरक्षा फीचर्स देगा।




आज की पीढ़ी के युवाओं के लिए ख़ास तौर पर बनाया गया ये ऐप उनके लिए नया एनपीएस खाते बनाने, उसमें कॉन्ट्रिब्यूशन देने और उसका प्रबंधन करने की प्रक्रिया को पहले से कई गुना आसान बनाएगा। इस अवसर पर प्रोटीयन ईगव टेक्नोलॉजीस लिमिटेड के एमडी और सीईओ श्री सुरेश सेठी ने बताया कि, प्रोटीयन में हमारा लक्ष्य यही है कि हम समाज के सभी वर्गों को शामिल करते हुए उन्हें वित्तीय प्रबंधन की मुख्य धारा से जोड़ें। 2024-25 के बजट के माध्यम से सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि वह पेंशन स्कीम को देश के कोने-कोने तक पहुंचाना चाहते हैं। नेशनल पेंशन सिस्टम और अटल पेंशन योजना की सबसे बड़ी सेंट्रल रिकॉर्डकीपिंग एजेंसी होने के नाते हम इसे क्षेत्र में अपना विस्तार करने के एक सुनहरे अवसर के रूप में देखते हैं। हमारे ऐप का यह नया और बेहतर वर्जन एक ऐसे समय पर आया है जब भारत के युवा अपने निवेश को अलग-अलग क्षेत्रों में डायवर्सिफाय कर रहे हैं और अपना रिटायरमेंट भी जल्दी प्लान करना शुरू कर रहे हैं। यह नया ऐप ग्राहकों को अपनी नए युग की डिजिटल ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया, गोल प्लानिंग और सरल लॉग इन के साथ-साथ कई नवीन सुविधाओं का एक सहज अनुभव प्रदान करेगा।

भारतीयों के लिए पेंशन मैनेजमेंट के क्षेत्र में एक बेहद महत्वपूर्ण कदम के रूप में उभर रहा एनपीएस बाय प्रोटीयन ऐप का उद्देश्य है नेशनल पेंशन सिस्टम में लोगों की भागीदारिता को बढ़ावा देना, और इसके प्रबंधन को आसान बनाना।

# इंदौर में 32वां अंतरराष्ट्रीय मैनेजमेंट कॉन्क्लेव 2025

**दृष्टिकोण और नवाचार**

**इंदौर, एजेंसी।** इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन ने 32वें अंतर्राष्ट्रीय प्रबंधन सम्मेलन 2025 का सफल उद्घाटन ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में किया, जिसमें 3,000 से अधिक उद्योग जगत के नेता, उद्यमी, नीति निर्धारक, अर्थशास्त्री और अकादमिक एवं छात्र एकत्र हुए, और व्यापार के विकास, वित्तीय उन्नति, नेतृत्व रणनीतियों और भारत की वैश्विक आकांक्षाओं पर परिवर्तनकारी चर्चाएँ कीं।इस वर्ष का थीम उद्यामेना ही सिद्ध्यंती (स्ट्राइव, ड्राइव और थ्राइव) था, जिसे डॉ. संदीप आत्रे ने स्पष्ट रूप से समझाया, जिसमें उन्होंने आज के गतिशील व्यापारिक वातावरण में प्रयास और उपलब्धि की महत्ता पर जोर दिया। सम्मेलन की शुरुआत एक आध्यात्मिक और शास्त्रीय छाप के साथ हुई, जिसमें सरस्वती वंदना और दीप प्रज्वलन हुआ। आईआईएम इंदौर के निदेशक और इंदौर प्रबंधन संघ के अध्यक्ष डॉ. हिमांशु राय ने सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए भारत के उज्जवल भविष्य की बात की। उन्होंने भविष्यवाणी की कि भारत 2047 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, जो स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और उच्च कुशल कार्यबल द्वारा संचालित होगा। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, जैसे कि अस्थिरता, अप्रत्याशितता, गैर-रेखीयता और अप्रत्यक्षता , लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत और व्यावसायिक सफलता में कठिन कार्य की महत्ता पर जोर दिया। भारत 2047 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारत कुशल श्रम में दुनिया का नेतृत्व करेगा। एआई और बायोटेक भारत की सुपर-एडवांस्ड स्वास्थ्य सेवा को चलाएंगे। भारत एक वैश्विक आईटी महाशक्ति बनेगा।

# दिव्यांगों को कृत्रिम अंग दिला संवार रहे जिंदगी

## रांची में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति सेवा के क्षेत्र में पेश कर रही नजीर












शिव कुमार सिंह

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के निवासी ललित केडिया ने कुछ साल पहले जब दिव्यांग लोगों के जीवन में कृत्रिम अंग उपलब्ध कराकर खुशहाली के रंग डालने का अभियान शुरू किया था, तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि इतने कम समय में यह महाअभियान बन जाएगा और पूरे झारखंड में दिव्यांग लोगों को अपने पैरों पर खड़ा होने के आनंद की अनुभूति होगी।

आज 23 फरवरी 2025 रविवार को जब इस संस्था ने नए तेवर और कलेवर के साथ बरियातू रोड में अपने नए कार्यालय का लोकार्पण किया, तो करीब डेढ़ सौ से अधिक दिव्यांग कार्यक्रम में शामिल होकर ललित केडिया की पहल का उल्लास के साथ समर्थन करते नजर आए। ऐसा हो भी क्यूं नहीं रांची और आसपास के इलाकों से जुटे इन दिव्यांगों के जीवन में नई रोशनी का आगाज जो हुआ। हर किसी की शारीरिक आवश्यकता के अनुरूप कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए गए। किसी को छड़ी के सहारे की जरूरत थी, तो कोई ट्राई साइकिल मिलने की आश लगाए वहां पहुंचा था। किसी को ईयर फोन की दरकरार थी, तो कोई बैसाखी मिलने की आश लिए आया था।

### इन समाजसेवियों ने निभाई उल्लेखनीय भूमिका

रांची के ही हर दिल अजीज समाजसेवी और लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट के पूर्व अध्यक्ष रतन लाल अग्रवाल अपने समाजसेवियों की टीम के साथ अलर्ट मोड में सक्रिय रहे। शिविर के आयोजन में रतन लाल अग्रवाल ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। कहा जाता है कि नेक कार्य करने के लिए जब पहल की जाती है, तो उसका समर्थन करने, मिशन को आगे बढ़ाने के लिए जरिया भी भगवान उपलब्ध करा देते हैं। आज के शिविर के साथ ऐसा ही हुआ। नेमी अग्रवाल, पुनित पोद्दार, राजेंद्र अग्रवाल ने निष्काम कर्मयोगी की तरह इस नेक कार्य में तन-मन-धन से योगदान दिया।

**मिशन मोड में सेवा को आगे बढ़ाने का संकल्प** : दिव्यांगों की सेवा और इस कार्यालय के सफल संचालन के लिए सुभाष मोदी, गौतम मोदी ने आधारभूत सुविधाओं की व्यवस्था कराई।रविवार को नए कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर जुटी समाजसेवियों की टीम ने अपने संकल्प को दोहराया कि मिशन मोड में इस सेवा को आगे बढ़ाया जाएगा।

**इनकी रही गरिमामय उपस्थिति** : मौके पर पुनीत कुमार पोद्दार बतौर यजमान उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आरएस अग्रवाल, प्रेम कुमार आर्या, बीएम धोमोरका, सुभाष मोदी, बंकट गारोरिया, मुकीम मोदी, वेद प्रकाश बागला, विजय छपरिया, सी.लाल, प्रमोद कुमार, पुष्पा देवी पोद्दार, सुचित्रा अग्रवाल, बिंदा केडिया, राजेंद्र अग्रवाल, सत्य प्रकाश पांडे आदि की सराहनीय भूमिका रही।












मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com